

12:12:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 336 | epaper.rashtriyakhabar.com | मार्गशीर्ष, कृष्णपक्ष चतुर्दशी/अमावस्या, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

वश्येंद्रियं जितात्मानं धृतदंड विकारेषु।
परोक्ष्यकारिणं धीरमत्यन्तं श्रीनिषेवते॥

**भावार्थ** : वह राजा जो अपनी इंद्रियों को अपने वश में रखता है जिसने अपराधियों के लिए डंडा रखा हुआ है तथा जो कार्य को आरंभ करने से पूर्व उसके लाभ हानि का विचार कर लेता है। ऐसे धैर्यवान तथा समझदार राजा की लक्ष्मी सदा सेवा करती है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 23.00 °c | 10.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .03 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .20 बजे

## ट्रंप ने न्यूयार्क नागरिक धोखाधड़ी मामले में बदला मन

**वाशिंगटन**: अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि उनके खिलाफ नागरिक धोखाधड़ी के मुकदमे में अपने गवाही देने के लिए न्यूयॉर्क की अदालत में अपनी निर्धारित उपस्थिति रद्द करने का मन बना लिया है। सीएनबीसी के हवाले से ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा, मैं सोमवार को गवाही नहीं दूंगा। श्री ट्रम्प को उनकी संपत्तियों के मूल्य के बारे में कथित तौर पर गलत बयान देने के लिए न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स द्वारा उनके खिलाफ लाए गए एक नागरिक धोखाधड़ी मुकदमे में गवाही देने के लिए तैयार किया गया था।

## बीएनपी शुरू करेगी 36 घंटे की देशव्यापी नाकाबंदी

**ढाका**: बंगलादेश में विपक्षी दल बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अन्य समान विचारधारा वाले दलों के साथ मंगलवार (12 दिसंबर) से देशव्यापी 36 घंटे की नाकाबंदी करने जा रही है जिसके तहत सड़क,रेल और जल यातायात की नाकाबंदी की घोषणा की गयी है। यह 31 अक्टूबर से विपक्ष द्वारा शुरू किए गए नाकाबंदी कार्यक्रम का 11वां चरण है। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि नाकाबंदी मंगलवार सुबह छह बजे शुरू होकर बुधवार शाम छह बजे समाप्त होगी। श्री रिजवी ने कहा कि सात जनवरी को होने वाले चुनाव को संभालने में सरकार की भूमिका में व्यापक गिरफ्तारियां और जेल सुविधाओं के भीतर और बाहर चल रही यातनाएं शामिल हैं। श्री रिजवी के मुताबिक, इन कार्रवाइयों के पीछे अंतर्निहित मकसद मतदाताओं के मन में डर पैदा करना है।

## गाजा युद्धविराम की मांग पर मंगलवार को हो सकता है मतदान

**संयुक्त राष्ट्र**: संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्य गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग करने वाले एक मसौदा प्रस्ताव पर मंगलवार को मतदान कर सकते है। राजनयिकों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह कदम गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की मांग को अमेरिका द्वारा शुक्रवार को वीटो करने के बाद उठाया गया है। महासभा ने अक्टूबर में एक प्रस्ताव अपनाया जिसमें 121 पक्ष में, 14 विपक्ष में और 44 सदस्य अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव में शत्रुता की समाप्ति के लिए तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया गया।

## रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघिन का शव मिला

**भरतपुर**: राजस्थान में भरतपुर संभाग के विश्वप्रसिद्ध रणथंभौर नेशनल पार्क में आज एक बाघिन का शव मिला। वन विभाग के अधिकारियों ने बाघिन का शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। विभाग के सूत्रों ने बताया कि कुछ दिन पुराने इस शव को लेकर इस बात की सम्भावना जाहिर की जा रही है कि यह बाघिन टी 63 का शव हो सकता है। बताया गया है कि शव को राजबाग चौकी पर लाकर पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## जेवियर माइली की सरकार ने संभाली सत्ता

**ब्यूनस आयर्स**: अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली के नेतृत्व में नयी सरकार ने शपथ ग्रहण कर ली है। एक स्थानीय अखबार नेसियोन ने अपनी रिपोर्ट मे बताया कि नयी सरकार में मंत्रालयों की संख्या 18 से घटाकर नौ कर दी गई है। पूर्व वित्त मंत्री और अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति मौरिसियो मैक्री के अधीन केंद्रीय बैंक के पूर्व प्रमुख लुइस कैपुटो अर्थव्यवस्था मंत्री बनाये गये हैं। सुरक्षा मंत्रालय का नेतृत्व कर चुकी पेट्रीसिया बुलरिच राज्य के प्रमुख पद के लिए दौड़ में थीं लेकिन दूसरे दौर के मतदान में जगह बनाने में असफल रहीं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

## आदेश के बाद भी न तो कुर्की जब्ती और न कारोबार रूका

# केरल के सबसे बड़े घोटाले का संरक्षक आखिर कौन

- पूर्वी भारत से भी हुई है जमकर वसूली
- बिना अनुमति के बैंकिंग का कारोबार
- बिना संरक्षण के ऐसा होना असंभव

**सुरेश उन्नीथन**

**गतांक से आगे .. .. ..**

नियम कहता है कि प्राइज चिट और मनी सकुर्लेशन स्कीम (प्रतिबंध) अधिनियम, 1978 (1978 का 43) के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित एक प्राइज चिट या मनी सकुर्लेशन योजना को बीयूडीएस अधिनियम के तहत भी एक अनियमित जमा योजना माना जाएगा। हाईरिच ऑनलाइन शॉप प्राइवेट लिमिटेड, कैपिटल आर्ट बिजनेस स्पेस, नेरुविसेरी, अराट्टुपुझा पीओ, त्रिशूर और आरोपियों के खिलाफ दर्ज अपराध मामले में बीयूडीएस अधिनियम के प्रावधान लागू किए गए हैं। अब, इसलिए बीयूडीएस अधिनियम, 2019 की धारा 7(3) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, संजय एम कौल आईएएस, सक्षम प्राधिकारी, जमाकर्ता द्वारा रखी गई सभी चल/अचल संपत्तियों और अन्य सभी



जमाओं की अनंतिम कुर्की का आदेश देता हूं।

हाईरिच वित्तीय घोटाला अब तक का सबसे बड़ा वित्तीय घोटाला हो सकता है, जैसा कि राज्य ने दर्ज किया है। पुलिस में दर्ज एक शिकायत के अनुसार त्रिशूर बेस ऑनलाइन एमएलएम कंपनी ने 2.5 मिलियन से अधिक जमाकर्ताओं से लगभग 25,000 करोड़ रुपये हड़प लिए हैं। दिलचस्प बात यह है कि राज्य प्रशासन ने जीएसटी का भुगतान न करने पर धोखाधड़ी करने वाले ऑपरेटरों के खिलाफ मामला दर्ज करने के अलावा धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ ज्यादा कार्रवाई नहीं की है। हालाँकि धोखाधड़ी करने वाली कंपनी के प्रबंध निदेशक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था, लेकिन कंपनी अभी भी फ्रेंचाइजी के लिए काम कर रही है। जब हाईरिच से फोन (7356183049) पर संपर्क किया गया, तो यह जानने के लिए कि क्या कंपनी अभी भी जमाकर्ताओं से आग्रह कर रही है, एंसी एंटनी नाम की एक महिला ने जवाब दिया कि वे उन लोगों को फ्रेंचाइजी दे रहे हैं जो न्यूनतम 250 जमाकर्ताओं का नामांकन करते हैं। न्यूनतम जमा राशि प्रति सदस्य 10,000 रुपये थी। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी

›› पेज 2 भी देखें

## आदेश › अनुच्छेद 370 पर सरकार का फैसला बरकरार

# सुप्रीम कोर्ट ने लंबी सुनवाई के बाद दी राय

- संविधान पीठ ने सर्वसम्मत फैसला दिया
- जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा
- अगले सितंबर तक चुनाव कराये जाएं

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को सोमवार को बरकरार रखने का फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले कहा कि



अनुच्छेद 370 विशेष परिस्थितियों के लिए एक अस्थायी प्रावधान था और राष्ट्रपति द्वारा इसे मान्यता दी गयी थी। शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने के कार्यवाही को संविधान और प्रक्रियाओं के अनुसार इसको सही ठहराते हुए चुनाव आयोग को 30 सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। संविधान पीठ ने केंद्र को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के आश्वासन के अनुसार जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत की ओर से इस प्रकरण में तीन फैसले

›› पेज 2 भी देखें

### कश्मीर में सामान्य गतिविधियां जारी : पुलिस

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को अनुच्छेद 370 सहित अदालती कार्रवाई के संबंध में गिरफ्तारी के किसी भी आदेश मिलने से साफ इनकार किया। पुलिस ने एक्स पर कहा,यह स्पष्ट किया जाता है कि पुलिस के पास किसी भी प्रकार की गिरफ्तारी का कोई आदेश नहीं है, और निश्चित रूप से शीर्ष अदालत द्वारा अनुच्छेद 370 सहित अदालती कार्रवाई से जुड़ा नहीं है। जम्मू-कश्मीर की मुख्यधारा की दो पार्टियों ने आरोप लगाया कि उनके नेताओं को घर में नजरबंद कर दिया गया। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से दावा किया कि पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को घर में नजरबंद कर दिया गया जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) की राज्य प्रवक्ता सारा हयात शाह ने कहा कि पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को उनके घर में बंद

›› पेज 2 भी देखें

## माना जाता है कि खारे पानी की वजह से इन जानवरों की भोजन पद्धति बदल गयी है

# इलाके से बाहर आया है सुंदरवन का आदमखोर



**राष्ट्रीय खबर**

**कैनिंग:** सुंदरवन के सभी बाघ आदमखोर हैं, यह पता है। माना जाता है कि खारे पानी की वजह से इन जानवरों की भोजन पद्धति बदल गयी है और जंगल में मधु, मछली, केकड़ा या लकड़ी के लिए जाने वाले लोगों का शिकार करना उनके लिए सबसे आसान होता है। ऐसा ही एक आदमखोर बाघ शायद सुंदरवन के इलाके से बाहर घूम रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक पास के कुलतली के गौड़चक इलाके में बाघ की मौजूदगी की जानकारी मिली है। इसी वजह से वहां के ग्रामीण दहशत में है। अपने इलाके में ग्रामीणों ने नर्म मिट्टी पर बाघ के पंजों के निशान देखे हैं। दक्षिण चौबीस परगना का यह इलाका पहली बार बाघ की मौजूदगी को महसूस कर रहा है। वैसे अब तक बाघ ने किसी इंसान पर हमला नहीं किया है।

वहां से बाघ आने की सूचना पर वन विभाग के लोग गये थे। विभागीय कर्मचारियों ने सुरक्षा के लिए इलाके में तार की जाली भी लगायी थी। वहां नजरदारी करने के बाद भी रात के अंधेरे में इस जाल को तोड़ने की कोशिश का नतीजा दिखा है। रविवार की सुबह लोगों ने एक स्थान पर पाया कि वन विभाग द्वारा बचाव के लिए लगाये गये लोहे के जाल को तोड़ने की कोशिश की

›› पेज 2 भी देखें

# इंडिया गठबंधन की अगली बैठक 19 को दिल्ली में



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** इंडिया गठबंधन की अगली बैठक दिल्ली में होगी। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद यह पहली बैठक है। इंडिया गठबंधन के नेताओं की अगली बैठक 19 दिसंबर को दिल्ली में होगी, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा, गठबंधन की बैठक स्थगित होने के कुछ दिनों बाद कुछ नेताओं ने इसमें शामिल होने में असमर्थता जताई थी। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कांग्रेस नेता की एक पोस्ट के अनुसार, बैठक, जहां नेताओं द्वारा 2024 के चुनावों से पहले सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने की अपनी योजना पर चर्चा करने और उसे अंतिम रूप देने की संभावना है, यहां आयोजित की जाएगी।

हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में खराब प्रदर्शन के बाद कांग्रेस को गठबंधन में अन्य दलों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने बताया था कि उसने 6 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई है। इस खबर से गठबंधन के कई नेता आश्चर्यचकित रह गए क्योंकि उन्हें बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जैसा कि गठबंधन में अन्य दलों के अधिकांश नेताओं ने विभिन्न कारणों का

›› पेज 2 भी देखें

### मोहन यादव होंगे एमपी के सीएम

**भोपाल :** भाजपा ने मध्य प्रदेश में सीएम के नाम की घोषणा कर दी। मध्य प्रदेश का कमान अब मोहन यादव संभालेगे। दरअसल सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें उज्जैन दक्षिण से जीते विधायक मोहन यादव पर मुहर लगाई है। इस फैसले में एक अहम बात यह है कि मध्य प्रदेश में ओबीसी समीकरण को देखते हुए घोषणा की गयी है। सीएम मोहन यादव शिवराज सिंह चौहान सरकार में शिक्षा मंत्री रहे हैं। उन्होंने लगातार तीसरी बार विधायकी का चुनाव भी जीता है। मोहन यादव मध्य प्रदेश में भाजपा का बड़ा ओबीसी चेहरा हैं। मोहन यादव (58 वर्षीय) ने राजनीतिक पारी की शुरूआत 1984 में किया। वह आरएसएस के भी सदस्य हैं। उन्होंने 2013 में उज्जैन दक्षिण से चुनाव लड़ा था और लगातार तीसरे चुनाव में यहां से विधायक निर्वाचित हुए हैं।

## असम का एनआरसी घोटाला फर्जी दस्तावेजों के सहारे 5 लाख से अधिक लोगों ने धोखाधड़ी की

# घुसपैठ रोकने के साथ इसकी जांच होगी: हिमंत बिस्वा सरमा

- नागरिकता के लिए आधार वर्ष 1951 का समर्थन
- म्यांमार का हिस्सा बताने पर सिब्बल पर भड़के सीएम
- सब कार्रवाई कानून के मुताबिक ही राज्य में की जाएगी

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने 10 दिसंबर को कहा कि अवैध घुसपैठ के मुद्दे से निपटने के लिए सरकार के



प्रयास जारी रहेंगे। स्वाहिद दिवस के अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए, सीएम सरमा ने कहा कि सरकार फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके नागरिकों के लिए राष्ट्रीय रजिस्टर में धोखाधड़ी से दर्ज नामों की पहचान करने और विशेषज्ञों के साथ काम करने के बाद उन नामों का खुलासा करने की बड़ी योजना पर काम कर रही है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि जिन नामों को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) में धोखाधड़ी से शामिल किया गया है, उन्हें हटा दिया जाएगा। सरकार एनआरसी की अखंडता को बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि केवल वैध नागरिकों को शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने

›› पेज 2 भी देखें

## अनुसंधान › एक साथ स्वच्छ पानी और ईंधन प्रदान करता है यह तकनीक

# सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरण का परीक्षण

- पानी पर तैरता है यह उपकरण
- छन्ना विधि से दोनों काम करता है
- कई इलाकों में इसकी बेहतर उपयोगिता

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** एक ऐसा सौर ऊर्जा से चलने वाला उपकरण बना है जो एक ही समय में स्वच्छ पानी और स्वच्छ ईंधन का उत्पादन करता है। शोधकर्ताओं द्वारा एक तैरता हुआ, सौर ऊर्जा से चलने वाला उपकरण विकसित किया गया है जो दुनिया



में कहीं भी दूषित पानी या समुद्री जल को स्वच्छ हाइड्रोजन ईंधन और शुद्ध पानी में बदल सकता है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित यह उपकरण संसाधन-सीमित या ऑफ-ग्रिड वातावरण में उपयोगी हो सकता है, क्योंकि यह किसी भी खुले जल स्रोत के साथ काम करता है और इसके लिए किसी बाहरी बिजली की आवश्यकता नहीं होती है। इसकी प्रेरणा प्रकाश संश्लेषण से मिलती है, वह प्रक्रिया जिसके द्वारा पौधे सूर्य के प्रकाश को भोजन में परिवर्तित करते हैं। हालाँकि, कृत्रिम पत्ती के पुराने संस्करणों के विपरीत, जो स्वच्छ जल स्रोतों से हरित हाइड्रोजन ईंधन का उत्पादन कर सकता था। यह नया उपकरण प्रदूषित या समुद्री जल स्रोतों से संचालित होता है और साथ ही स्वच्छ पेयजल का उत्पादन भी कर सकता है।

सह-प्रमुख लेखक अरिफिन मोहम्मद अन्नुअर ने कहा, दूरदराज या विकासशील क्षेत्रों में, जहां साफ पानी अपेक्षाकृत दुर्लभ है और जल शुद्धिकरण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा आसानी से उपलब्ध नहीं है, पानी का विभाजन बेहद मुश्किल है। एक उपकरण जो दूषित पानी का उपयोग करके काम कर सकता है, वह एक साथ दो समस्याओं का समाधान कर सकता है: यह स्वच्छ ईंधन बनाने

›› पेज 2 भी देखें

### परिणाम नेचर वॉटर पत्रिका में रिपोर्ट किए गए हैं

उपकरण के परीक्षणों से पता चला कि यह अत्यधिक प्रदूषित पानी, समुद्री जल और यहां तक कि मध्य कैम्ब्रिज में कैम नदी से भी स्वच्छ पानी का उत्पादन करने में सक्षम था। परिणाम नेचर वॉटर पत्रिका में रिपोर्ट किए गए हैं। पेपर के सह-प्रमुख लेखक, कैंब्रिज के युसुफ हामिद रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. चानन पोर्नरुंगरोज ने कहा, सौर ईंधन उत्पादन और जल शोधन को एक ही उपकरण में एक साथ लाना मुश्किल है। सौर संचालित जल विभाजन, जहां पानी के अणु हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में टूट जाते हैं, को पूरी तरह से शुद्ध पानी से शुरू करने की आवश्यकता है क्योंकि कोई भी संदूषक उत्प्रेरक को जहर दे सकता है या अवांछित रासायनिक प्रतिकूल प्रतिक्रिया का कारण बन सकता है।

## मिजोरम के नये मुख्यमंत्री ने अपनी प्राथमिकताएं बतायी

# विधायकों के लिए नई गाड़ी नहीं खरीदेंगे: लालदुहोमा

**राष्ट्रीय खबर**

**गुवाहाटी:** अब जनता के पैसे से विधायकों को नई कार नहीं खरीदे जाएंगे। मिजोरम के मुख्यमंत्री ने इस एलान के साथ साथ अपनी 12 प्राथमिकताओं की घोषणा की। मिजोरम के नवनियुक्त मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और भ्रष्टाचार विरोधी उपायों को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। यहां शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए 73 वर्षीय नेता ने अगले 100 दिनों में लागू किए जाने वाले अपनी सरकार के 12 प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की घोषणा की।



हमारी जोरम पीपल्स मूवमेंट सरकार न्यूनतम कीमतें तय करके किसानों से अदरक, हल्दी, मिर्च और ब्रूमस्टिक्स जैसे चार स्थानीय उत्पाद खरीदेगी। किसानों के पास अपने उत्पाद स्वयं या सरकार को बेचने का विकल्प होगा। यह हमारी सर्वोच्च

›› पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया ऐतिहासिक निर्णय:प्रतुल



रांची: जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला दिया है। जज जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच जजों की बेंच ने सरकार के अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को सही करार दिया और इसे बरकरार रखने का फैसला लिया।सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने स्वागत किया है। प्रतुल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय सुना कर 5 अगस्त, 2019 को देश की संसद के द्वारा लिए गए निर्णय पर सुप्रीम मुहर लगा दी।

**चर्चा** कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से जब्त कैश पर भी बोले

# कब खुलेगा सीएम मामले से जुड़ा चुनाव आयोग का लिफाफा? राज्यपाल ने दिया जवाब

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू एंड फैमिली के ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश बरामद होने के बाद इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि सीएम मामले में चुनाव आयोग से राजभवन आया लिफाफा कब खुलेगा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज इस सवाल का जवाब दिया है।मैं आपसे बार-बार कह रहा हूं कि जिन्होंने कुछ गलत किया है, जो दोषी पाए गए हैं, उन्हें परिणाम भुगतना होगा। हम एक साफ सुथरे सार्वजनिक जीवन की आशा कर रहे हैं, इसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। मैं आपको एक बात बताऊंगा कि कुछ कठिनाइयां हैं। हमें उससे गुजरना होगा और हम उससे गुजरेंगे।राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज पीएम मोदी द्वारा' विकसित भारत 2047, युवाओं की आवाज' योजना को लॉन्च किए जाने को लेकर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम के बाद पूछे गये सवालों के जवाब में ये बातें कही।राज्यपाल ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू एंड फैमिली के ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश बरामद होने के सवाल पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैं आपको बता रहा हूं कि ईडी सुराग दे रही है इसलिए आईटी उसपर काम कर रही है। इसलिए जब ईडी और आईटी कार्रवाई कर रही है तो यह किसी विशेष पार्टी के खिलाफ नहीं है। दोषी लोग हैं और उनके खिलाफ ईडी और आईटी कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसीलिए आजकल इतना कुछ सामने आ रहा है। पिछले इतिहास में ऐसा नहीं दिखा है। इसलिए कड़ी कार्रवाई की जरूरत है जिसे जारी रखना होगा और जारी रखा जाएगा।खास बात है कि पूर्व में भी सीएम से जुड़े मामले में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का बयान आ चुका है। तब उनका कहना था कि इस मामले में कानूनी सलाह ली जा रही है। सही समय पर फैसला लिया जाएगा। लेकिन अब उनका कहना है कि इस मामले में कुछ कठिनाईयां हैं, जिनसे गुजरना होगा। लिहाजा, इस सवाल का जवाब अब भी उलझा हुआ है।राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालयों के कुलपति और दूसरे बड़े संस्थानों के शिक्षाविद राजभवन में मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनना है। आर्थिक रुप से मजबूत बनना है। हमारे देश ने कोविड के दौरान पीएम मोदी के नेतृत्व में गरीब देशों को वैक्सीन मुहैया कराकर मानवता के प्रति अपनी सोच साबित कर दी है। अब हमें हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ना है। पीएम मोदी ने आज के कार्यक्रम के दौरान इन्हीं बातों को साझा किया।



धारा 370 पर 'सुप्रीम' मुहर

## झारखंड बीजेपी ने किया सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 11 दिसंबर को एतिहासिक फैसला सुनाते हुए इसे सही करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह कहा है कि धारा 370 अस्थायी तौर पर लगाया गया था। राष्ट्रपति को अधिकार है उसे हटाने का। ऐसे में केंद्र सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय के बाद यह स्पष्ट हो गया कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया जाना सर्वाधिक उचित कदम था। कोर्ट ने यह भी कहा है कि 30 सितंबर 2024 तक राज्य में चुनाव करवाया जाए।सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के मामले में दिए गए फैसले का बीजेपी ने स्वागत किया है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए सुप्रीम कोर्ट के संवैधानिक पीठ के फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। इधर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद बीजेपी में खुशी की लहर है।झारखंड बीजेपी ने इसका स्वागत करते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने साबित कर दिया है कि मोदीजी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने जो पूर्व में फैसले लिए हैं वह सही था और विधिसम्मत था।

धारा 370 पर एससी के फैसले से देशवासियों का सपना साकार

## ईडी के छठे समन पर सीएम हाजिर नहीं होते हैं तो राज्यपाल को उठाना चाहिए कदमः बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने छठा समन जारी किया है। उन्हें 12 दिसंबर को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी ने इसबार जमीन घोटाला मामले में पूछताछ का हवाला देते हुए बुलाया है। अब सवाल है कि क्या सीएम ईडी ऑफिस जाएंगे या फिर पूर्व के पांच समन की तरह अपना जवाब भेज देंगे। इस मसले पर राजनीति गरमा गई है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दो टूक कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस बार बिना देर किए ईडी के सामने हाजिर होना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो राज्यपाल को कदम उठाना चाहिए। पूरा मामला रांची के बड़गाईं अंचल के 8।46 एकड़ जमीन से जुड़ा है।खास बात है कि अबतक के समन पर सीएम की ओर से अपने जवाब में व्यवस्था के साथ-साथ इस बात का जिक्र किया जाता रहा है कि आखिर ईडी उन्हें गवाह के रुप में बुला रही है या किसी मामले में अभियुक्त के रुप में। इससे पहले ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए 14 अगस्त, 24 अगस्त, 9 सितंबर, 23 सितंबर और 4 अक्टूबर को बुलाया गया था। सीएम की ओर से हर समन का जवाब जरुर दिया गया लेकिन वे ईडी दफ्तर नहीं गये। वह सिर्फ पिछले साल नवंबर में माइनिंग लीज आवंटन मामले में पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर गये थे। उससे पहले झारखंड में जमकर राजनीति हुई थी।पहला समन मिलते ही सीएम ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उन्होंने समन को गैर कानूनी बताते हुए चुनौती दी थी। लेकिन ईडी ने तीसरा समन जारी कर 9 सितंबर को उन्हें फिर बुलाया। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने सीएम की याचिका पर निर्देश दिया कि वे इस मामले में हाईकोर्ट में अपनी बात रखें।



## सीएम हेमंत को ईडी का छठा समनः झामुमो-कांग्रेस ने बताया भाजपा की साजिश

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन को ईडी की ओर से छठा समन भेजा गया है। समन भेजे जाने के बाद राज्य की राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है। झामुमो और कांग्रेस के नेता जहां इसे भाजपा की साजिश बता रहे हैं। वहीं भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी के समक्ष उपस्थित होने की अपील की गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में महागठबंधन सरकार काम कर रही है और सरकारी योजनाओं को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाया जा रहा है, उससे भाजपा डरी हुई है और भाजपा के इशारे पर एजेंसियां काम कर रही हैं। उनका कहना है कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री ईडी के सामने गए थे, उस मामले में क्या हुआ, इसे ईडी और भाजपा को सार्वजनिक करना चाहिए। जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि जब बीजेपी शासनकाल के एक मुख्यमंत्री का नाम अवैध खनन मामले में आने लगा तो मामले की लीपापोती कर दी गयी और अब जमीन मामले की आड़ में सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।वहीं, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता और महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि जब से प्रदेश में महागठबंधन की सरकार बनी है। तब से लोकप्रिय सरकार को परेशान करने की कोशिश की जा रही है। राकेश सिन्हा ने कहा कि ईडी जितना मुख्यमंत्री को तलब करेगी, राज्य में भाजपा की हार उतनी ही निश्चित है। झामुमो और कांग्रेस द्वारा जहां इसे भाजपा की साजिश बताई जा रही है, वहीं भाजपा की ओर से सीएम हेमंत सोरेन को ईडी के सामने पेश होने की अपील की है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने सीएम हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए कहा है कि जिस तरह से सोरेन परिवार पर आरोप लगे हैं।

## ईमानदारी पूर्वक जांच करे आयकर विभाग : नायक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** विधायकों,मंत्रियों एंव नौकरशाहो की चल अचल संपति की भेदभाव ना कर ईमानदारी पूर्वक जांच करे आयकर विभाग उपरोक्त बातें झारखंड बचाओ मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कांग्रेसी सांसद धीरज साहू के यहां आयकर विभाग के द्वारा रेड किए जाने पर 500 करोड़ रूपया पकड़ाने पर अपनी प्रतिक्रिया में उक्त बातें आज कही है ।इन्होंने यह भी कहा कि आज अगर ईमानदारी से आयकर विभाग सभी पार्टियों के सांसद, विधायकों, मंत्रीयों नौकरशाहो कि अगर ईमानदारी पूर्वक जांच हो जाए तो हजारों-हजार करोड़ रूपया पकड़े जाएंगे जिससे कि झारखंड के जितने कर्ज बकाया हैं सभी कर्ज से मुक्त हो जाएगा झारखंड ।

श्री नायक ने आगे कहा की झारखंड में नौकरशाह और नेताओं ने झारखंड में लूट मचाये हुए हुए हैं जिससे कि झारखंड का नाम राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कलंकित होने का काम हो रहा है इससे पूर्व भी आइ.ए.एस पूजा सिंघल के यहां करीब 28 करोड़ रूपया नगद पकड़ा गया था अब सांसद के यहां 500 करोड़ से अधिक रुपया पकड़ा जाना इस बात को साबित करता है की झारखंड को कुछ लोग लुटखंड में तब्दील कर चुके हैं ।

**राजनीति** पुराने लोगों को इतने पैसे मिलने से कोई हैरानी नहीं है

# धीरज साहू का मामला प्याली में तूफान की कोशिश

- आजादी के पहले के रईस परिवार
- स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू चुनाव लड़े थे
- भाई गोपाल साहू ने भी आजमाया था हाथ



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू इनदिनों भाजपा के निशाने पर हैं। इसके अलावा टीवी चैनलों को भी अपने कार्यक्रम के लिए एक पंचिंग बैग मिल गया है, जिस पर जितना मर्जी घूंसे बरसाये जा सकते हैं। इसी राजनीतिक दबाव की वजह से कांग्रेस ने भी धीरज साहू से इस पैसे के मामले में स्पष्टीकरण मांगा है।

दूसरी तरफ झारखंड के दक्षिणी छोटानागपुर इलाके के पुराने लोगों को धीरज साहू नहीं उनके परिवार के लोगों से इस पैसे की बरामदगी से कोई हैरानी नहीं है। जो लोग स्वर्गीय बलदेव प्रसाद साहू के जमाने से इस परिवार को जानते हैं, उन्हें पता है कि यह एक अत्यधिक अमीर परिवार है। सिर्फ जमीन से जुड़े रहने की वजह से यह खानदान दूसरे अमीरों की तरह दिखावा कम करता है। लोहरदगा का कॉलेज भी बलदेव साहू के नाम पर है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस मामले का जिक्र किये जाते ही टीवी चैनलों को अपना शिकार दिख गया था। दूसरी तरफ स्थानीय स्तर पर इतने पैसे की बरामदगी को बारे में सामान्य सोच है कि इस परिवार के पास इतना नकद पैसा होना कोई बड़ी बात नहीं है। अलबत्ता लोग मानते हैं कि हो सकता है कि इसमें कुछ रकम बिना आयकर वाली हो। लेकिन यह उनके कारोबार का ही पैसा है, इस पर किसी को कोई संदेह नहीं है।

सबसे पहले यह समझ लें कि यह आयकर का सर्वे है, छापामारी नहीं। यह कार्रवाई भी बौद्ध डिस्टीलरी नामक कंपनी पर है। इस कंपनी का अपना वेबसाइट भी है, जिस पर हर सूचना मौजूद है। बीडीपीएल समूह का मुख्यालय ओडिशा में है, जिसमें 6 व्यावसायिक प्रभागों में 4 कंपनियां शामिल हैं। प्रत्येक कंपनियां निदेशक मंडल के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण के तहत स्वतंत्र रूप से काम करती हैं। कंपनियों में बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड (ईएनए, सीओ2, डीडीजीएस), बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई ऐश ब्रिक्स) क्वालिटी बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (आईएमएफएल बॉटलिंग) और किशोर प्रसाद बिजय प्रसाद बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड (आईएमएफएल ब्रांडों की बिक्री और विपणन) शामिल हैं।

इस कंपनी में राज्यसभा सांसद के भाई उदय शंकर प्रसाद चेयरमैन हैं। इस कंपनी पर परिवार के रीतेश साहू, अमित साहू, सिद्धार्थ साहू, हर्षित साहू, राहुल साहू, संजय साहू बतौर निदेशक हैं। उदय शंकर प्रसाद और बाकी लोग सक्रिय राजनीति के काफी दूर रहते हैं। इस परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि कांग्रेस से पहले भी स्वतंत्रता आंदोलन की है। यह वह दौर था, जब रांची भी लोहरदगा जिला के अधीन था। स्वतंत्रता के बाद इस परिवार से स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू कांग्रेस की राजनीति में आये। इसके अलावा एक भाई गोपाल साहू भी चुनाव में हाथ आजमा चुके हैं। खुद धीरज साहू भी चतरा से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। एक और भाई स्वर्गीय नंदलाल साहू अपने फिल्मी रूचि की वजह से हमेशा ही फिल्म अभिनेताओं को अपने फॉर्म हाउस पर लाया करते थे।

लोगों को पता है कि आजादी की लड़ाई में इस परिवार का क्या योगदान रहा है। उस जमाने में नकद 47 लाख रुपया और 47 किलो सोना दान से स्पष्ट है कि यह परिवार कब से अमीर है। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से पहले बल्लभ भाई पटेल, जयप्रकाश नारायण और विनोवा भावे के अलावा अनगिनत स्वतंत्रता सेनानी इसके यहां आते रहे हैं। इसी वजह से आम लोगों को इस परिवार से सैकड़ों करोड़ नकदी की बरामदगी की हैरानी नहीं है क्योंकि यह परिवार मुख्य रूप से देशी शराब के कारोबार से जुड़ा है। इस कारोबार की जानकारी रखने वालों के मुताबिक इस कारोबार में असली कारोबार ही नकदी का होता है। इसलिए जिस परिवार के पास उड़ीसा, छत्तीसगढ़ में इस कारोबार का एकाधिकार जैसा हो, उसके पास इतने पैसे तो नियमित रूप से ही ही आते होंगे। देशी शराब के कारोबार मे चेक और ड्राफ्ट का उपयोग होता है या नहीं, यह देशी शराब का ठेका देखने वाले भी समझ जाएंगे।

इसी वजह से इस परिवार को जानने वाले लोगों को इतने पैसे की बरामदगी से कोई हैरानी नहीं है। लिहाजा लोग इसे राजनीतिक मकसद के लिए प्याली में तूफान उठाने की कोशिश मान रहे हैं। चूंकि बाजार में कोई और राजनीतिक मुद्दा नहीं है इसलिए लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस को कालेधन का समर्थक बताने की भाजपा की चाल फिलहाल कामयाब होती दिख रही है। वैसे आम लोगों को कहना है कि इस परिवार को करीब से जानने वाले भाजपा नेताओं ने भी इस बारे में ऐसी कोई बात नहीं कही, जिसमें धीरज साहू के परिवार को समाज का दुश्मन बताया जाए क्योंकि उन्हें भी इस परिवार की आर्थिक ताकत का एहसास है।

## पेज एक का शेष

### केरल के सबसे बड़े घोटाले .. .. ..

(आरओसी) के रिकॉर्ड के अनुसार हाईरिच ऑनलाइन शॉप एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है, जिसके दो प्रमोटर प्रतापन कोलाट दासन और कट्टुकरेन श्रीधरन श्रीना निदेशक हैं। कंपनी की अधिकृत पूंजी एक करोड़ रुपये है और 3,000000 रुपये चुकता पूंजी है। शर्तों के मुताबिक कंपनी को अमेजन की तरह ही ऑनलाइन शॉपिंग कारोबार करना था। लेकिन नियमों का उल्लंघन करते हुए कंपनी देशभर के ग्राहकों से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से डिपॉजिट इकट्ठा करने में लगी हुई थी। हालाँकि, कांग्रेस नेता अनिल अक्कारा को घोटालेबाजों को बचाने के लिए कुछ सत्ता केंद्रों की पहल पर संदेह है। अनिल को इस मामले में राजस्व मंत्री के राजन और वित्त मंत्री केएन बालगोपाल की संलिप्तता का संदेह है। तिरुवनंतपुरम के एक वरिष्ठ वकील, जो वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित मामलों को देख रहे हैं, अनिल के तर्क का समर्थन करते हैं। आमतौर पर ऐसे मामलों में कंपनी और आरोपियों के खाते पैसे निकालने सहित किसी भी अन्य लेनदेन पर रोक लगाने के लिए फ्रीज कर दिए जाते हैं। यहां, हालांकि मामला 24 नवंबर को पता चला था, लेकिन बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने लंबी सुनवाई .. .. ..

सुनाए गए। इनमें एक फैसला मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने लिखा। दूसरा फैसला न्यायमूर्ति कौल ने और तीसरा न्यायमूर्ति खन्ना ने सुनाया। न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने निर्णय में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कौल के फैसले से सहमति जतायी।

### कश्मीर में सामान्य गतिविधियां .. ..

कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि किसी भी आवाजाही पर कोई प्रतिबंध नहीं है। विभिन्न सार्वजनिक निकायों द्वारा निर्धारित परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, व्यवसाय खुले हैं और परिवहन चालू है। पोस्ट में कहा गया,आम आदमी का सामान्य जीवन अपनी सामान्य गति से जारी है और पुलिस शांति को बाधित करने के लिए हमेशा उत्सुक रहने वाले लोगों के प्रयासों के बारे में सतर्क है, लेकिन आंदोलन और गतिविधियों की इस स्वतंत्रता को कम करने का कोई इरादा या निर्देश नहीं है।

### इलाके से बाहर आया है .. .. ..

गयी है। इसका निष्कर्ष है कि बाघ अब भी इलाके में आना चाह रहा है। करीब में ही सुंदरवन होने की वजह से ऐसा माना जा रहा है कि यह सुंदरवन का आदमखोर बाघ ही है। शनिवार के बाद रविवार को भी नये इलाके में बाघ के पंजों के निशान देखे जाने की वजह से लोगों काफी डरे हुए हैं।

### इंडिया गठबंधन की अगली .. .. ..

हवाला देते हुए बैठक में भाग लेने का फैसला किया, शर्मिंदा कांग्रेस ने बैठक को संसद में फ्लोर नेताओं की एक सभा तक सीमित कर दिया था। इसमें कहा गया है कि पार्टियों के प्रमुखों की बैठक अब दिसंबर के तीसरे सप्ताह में होगी। भारत गठबंधन के अधिकांश प्रमुख दल, विशेष रूप से टीएमसी, आप और जेडी (यू) कांग्रेस की गतिविधियों को रोकने से नाराज हैं।

### घुसपैठ रोकने के साथ इसकी .. .. ..

आगे कहा कि वह किसी व्यक्ति की नागरिकता निर्धारित करने के लिए आधार वर्ष 1951 के समर्थन में हैं, लेकिन कानून जो भी कहता है उसे स्वीकार करेंगे। सीएम सरमा ने आगे दोहराया कि सरकार असम समझौते के खंड 6 में निर्धारित सभी शर्तों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि अब राज्य के स्वदेशी असमिया लोगों को रोजगार पूरी तरह से प्रदान किया जाता है और इसलिए उनके अधिकार कानून के तहत संरक्षित हैं और उन्हें अपनी नौकरी, भूमि या पहचान के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

इस बीच वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल के असम को म्यांमार का हिस्सा बताने पर हंगामा हो गया है। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने कपिल सिब्बल पर पलटवार करते हुए कहा है कि अगर उन्हें इतिहास की जानकारी नहीं है तो उन्हें नहीं बोलना चाहिए। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब मणिपुर में अवैध प्रवासियों का मुद्दा हिंसा का कारण बन रहा है। मणिपुर में कुकी और मैतई जनजातियों के बीच जातीय हिंसा चल रही है। कुकी जनजाति को माना जाता है कि वह म्यांमार से पलायन करके मणिपुर आए हैं। कुकी जनजाति मणिपुर में अलग प्रशासन की मांग कर रही हैं।

### सौर ऊर्जा से चलने वाले .. .. ..

के लिए पानी को विभाजित कर सकता है, और यह स्वच्छ पेयजल बना सकता है। पोर्नरुंगरोज और मोहम्मद अन्नुअर, जो दोनों प्रोफेसर इरविन रीस्नर के शोध समूह के सदस्य हैं, एक ऐसा डिजाइन लेकर आए जिसने बिल्कुल वैसा ही किया। मोहम्मद अन्नुअर ने कहा, यह बहुत ही सरल डिजाइन है। बस कुछ ही चरणों में, हम एक ऐसा उपकरण बना सकते हैं जो विभिन्न स्त्रोतों से पानी पर अच्छी तरह से काम करता है। शोध का नेतृत्व करने वाले रीस्नर ने कहा, हमारा उपकरण अभी भी सिद्धांत का प्रमाण है, लेकिन अगर हम वास्तव में एक चक्रीय अर्थव्यवस्था और टिकाऊ भविष्य विकसित करना चाहते हैं तो हमें इन प्रकार के समाधानों की आवश्यकता होगी।

### विधायकों के लिए नई गाड़ी .. .. ..

प्राथमिकता है, उन्होंने कहा।

पूर्व आईपीएस अधिकारी से नेता बने पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार विरोधी उपायों को भी प्राथमिकता देगी और राज्य में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए सीबीआई को आमंत्रित करेगी। भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सामान्य सहमति दी जाएगी। राज्य में। सरकार यह भी आकलन करेगी कि क्या राज्य के लोकायुक्त को मजबूत और उन्नत करने की जरूरत है। उन्होंने अपने कैबिनेट सहयोगियों, विधायकों और उनके रिश्तेदारों, पार्टी कार्यकताओं, गैर सरकारी संगठनों और आम लोगों से राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए सरकार का समर्थन करने का आग्रह किया। 12 प्राथमिकताओं में से, लालदुहोमा ने कहा कि उनकी सरकार राज्य भर में सभी विकास परियोजनाओं पर नजर रखने के लिए एक निगरानी समिति बनाएगी। उन्होंने कहा कि समिति में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, गैर सरकारी संगठनों, मिजोरम कोहरान ह्रुएतुते समिति (प्रमुख चर्चों का समूह) और मिजोरम पीपुल्स फोरम (एमपीएफ), एक चर्च-प्रायोजित चुनाव निगरानी संस्था, का एक-एक प्रतिनिधि होगा। लालडुहोमा ने कहा कि उनकी सरकार का वार्षिक बजट पार्टी की घोषित नीतियों पर केंद्रित होगा। उन्होंने कहा, सभी विभागों को जेडपीएम नीति के अनुरूप बजट तैयार करने का निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मंत्री अपने विभागों की निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार एक संसाधन जुटाने वाली समिति का गठन करेगी, जो मितव्ययिता उपायों, विनिवेश और बिजली आपूर्ति से निपटेगी। लालडुहोमा ने कहा कि वह और मंत्री मितव्ययिता उपायों को लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे और उन्हें मिलने वाली सभी सुविधाओं में 50 प्रतिशत की कटौती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से विधायकों के लिए नई कारें खरीदने की सामान्य प्रथा बंद कर दी जाएगी और मंत्री अपने पूर्ववर्तियों की कारों का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने सरकारी अधिकारियों से मितव्ययिता उपायों को लागू करने का आग्रह करते हुए कहा कि उन्हें अपने हकदार से अधिक सुविधाओं का आनंद नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समिति विभिन्न क्षेत्रों में विनिवेश की भी जांच करेगी और सरकारी संपत्तियों के कामकाज और गैर-कार्यशीलता की विस्तृत रिपोर्ट जनवरी के अंत से पहले प्रस्तुत की जानी चाहिए। लालदुहोमा ने कहा कि उनकी सरकार अपने प्रमुख कार्यक्रम, सामाजिक-आर्थिक विकास नीति (एसईडीपी) और सहायक भर्ती बोर्ड मिजोरम अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड को लागू करने के लिए जोरमथांगा के नेतृत्व वाली मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) सरकार द्वारा स्थापित 14 बोर्डों को भंग कर देगी।

## शहर >> अपडेट

### फल व्यवसायी को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली, जख्मी

**कैमूर :** जिले में अज्ञात अपराधियों ने फल व्यवसायी को गोली मार दी। गंभीर हालत में फल व्यवसायी को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना मोहनिया नगर के स्टेशन रोड के पास की है। यहां महावीर मंदिर के समीप वार्ड 11 के रहने वाले बसीर खान को गोली मारी गई है। घटना को लेकर मोहनिया पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## राजधानी इवेंट्स >>

### शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी आज दर्ज करा सकते हैं आपत्ति

**पटना :** बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने सात और आठ दिसंबर को आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा की आंसर की जारी कर दी है। अभ्यर्थी आयोग की अधिकारिक वेबसाइट बीपीएससी डॉट बीआईएच डॉट और एनआईसी डॉट इन पर जा कर आसंर की देख सकते है। आयोग ने कहा है कि किसी भी तरह की आपत्ति 12 दिसंबर तक दर्ज कराई जा सकती है।

### खंडहरनुमा मकान की छत गिरने से एक बच्चे की मौत

**भागलपुर :** जिले के सुल्तानगंज क्षेत्र में खंडहर मकान की छत गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार देर शाम सुल्तानगंज के महेशी पंचायत स्थित वार्ड-2 में खंडहर मकान की छत तेज आवाज के साथ गिर गई। मलबे में दबकर 6 बच्चे घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने दौड़कर मलबे से बच्चों को बाहर निकाला। इसमें से मृतक हिमांशु उर्फ ओम कुमार मंडल का शरीर में सरिया धंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## अपराध

### कोचिंग जा रही छात्रा को गोली मार मौत के घाट उतारा

# थाना से महज आधा किलोमीटर पर हुई वारदात, छानबीन में जुटी पुलिस

**जांच के बाद पता चल पाएगा हत्या का कारण : एसआई मदन**

राष्ट्रीय खबर



**पटना/ मसौढ़ी :** सूबे में बढ़ रहे अपराध का ग्राफ अपराधियों के बुलंद हो रहे हौंसलों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। राजधानी से सटे मसौढ़ी में सोमवार की सुबह सरेराह एक छात्रा की गोली मारकर हत्या थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर कर दी। घटना को अंजाम मनीचक मोड़ के पास एक मनचले युवक ने दिया। उसवक्त छात्रा कोचिंग जा रही थी। उसी दौरान छात्रा के कनपटी में सटाकर गोली मारी दी। गोली लगते ही छात्रा जमीन पर गिर पड़ी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। मृतका की पहचान नदवां चपौर काजीचक के रहने वाले कमलेश कुमार की 17 साल की बेटी अनामिका के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अनामिका हर दिन की तरह अपने गांव से मसौढ़ी कोचिंग के लिए आती थी। आज रास्ते में ही उसकी गोली मार कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी के बाद मसौढ़ी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अनामिका को उठाकर अनुमंडल अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चला है।

हत्या करने वाला युवक गोली मारने के बाद पटेल नगर की तरफ फरार हो गया। पुलिस घटनास्थल की जांच करने के साथ-साथ पटेल नगर इलाके की भी घेराबंदी कर दी है। मसौढ़ी में लगातार हो रही वारदात के बाद देखना यह होगा कि इस घटना में पुलिस अपराधियों को कब तक पकड़ पाती है। एएसआई मदन कुमार ने बताया कि हत्या के पीछे क्या वजह है, इसका जांच के बाद पता चल पाएगा।

## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में नीतीश ने बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग की

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने की अपनी पुरानी मांग एक बार फिर दोहराया। शाह की अध्यक्षता में यहां पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26 वीं बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में सर्वसम्मति से कराए गए जाति आधारित गणना के आंकड़ों के आधार पर समाज के सभी कमजोर वर्गों के सामाजिक उत्थान के लिए आरक्षण में इनकी भागीदारी बढ़ाने का निर्णय लिया गया था जिसमें सभी भाजपा समेत विभिन्न पार्टियों की सहमति थी। उन्होंने कहा, श्राज्य में आरक्षण की सीमा 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके लिए कानून पारित हो गया है। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए पहले से ही 10 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध है। सभी को मिलाकर कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो गया है। राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से आरक्षण के नये कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने के लिए अनुरोध किया है। आशा है केन्द्र सरकार इसे शीघ्र ही संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करेगी।

## लोस चुनाव में हो जाएगा भाजपा का सुपरा : रीता राज

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में बिहार का चौहुमुखी विकास हुआ है। महागठबंधन की सरकार में बेरोजगारी भी दूर हुई है। 1,20,000 से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित कर मुख्यमंत्री तथा डिप्टी सीएम ने ऐतिहासिक कार्य किया है। यह बातें जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव रीता राज ने बयान जारी कर कही। वहीं उन्होंने भाजपा पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने बताया कि आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा का सुफरा साफ हो जाएगा। देश में भाजपा का नामोनिशान मिटना है। पीएम मोदी हर मोर्चे पर विफल साबित हो रहे हैं।

### मतदाता सूची में कहीं एक जगह हीं रखें अपना नाम, नहीं तो अपराध माना जाएगा

## विलोपित किए जाएंगे दो जगह से सूचीबद्ध मतदाता के नाम

राष्ट्रीय खबर



**जगदीशपुर /भोजपुर :** विधानसभा क्षेत्र 197 के संबंधित सभी मतदान केंद्र के पदाधिकारी की बैठक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ संजीत कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय किसान भवन और शहीद भवन पीरो में रविवार को बैठक हुई। जिसमें निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने फोटो सिमिलर एंट्री और डेमोग्राफिक सिमिलर एंट्री के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की। साथ ही मतदान केंद्र के पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया।एसडीएम ने बताया गया कि किसी भी निर्वाचक का किसी एक निर्वाचक सूची में ही नाम रखने का प्रावधान है। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि आप सभी के बीएलओ एप में जो फोटो सिमिलर एंट्री और डेमोग्राफिक सिमिलर एंट्री प्रदर्शित हो रहा है। उसे देखें यदि फोटो गलत है तो फॉर्म 8 भरकर सुधार करें। यदि किसी एक निर्वाचक का नाम दो स्थान पर है तो एक नाम फॉर्म7 भरकर विलोपित करें। अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया ने बताया कि सिमिलर एंट्री और डेमोग्राफिक सिमिलर एंट्री से संबंधित सभी निर्वाचकों को फॉर्मेट ए में नोटिस निर्गत किया जा चुका है। डीएससी से संबंधित नोटिस प्राप्ति के उपरांत संबंधित निर्वाचक को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय को यह सूचना देनी होगी कि वह कौन सा नाम निर्वाचक सूची में रखना चाहते हैं। साथ ही उन्हें फार्म सेवन भरना होगा। इसी तरह पीएसई मामले में यदि फोटो सुधार करना हो तो निर्वाचक को फॉर्म 8 भरना होगा। आगे अवर निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी बताया कि सिमिलर एंट्री और डेमोग्राफिक सिमिलर एंट्री से संबंधित सभी कार्य सभी बीएलओ को तीन दिनों के अंदर समाप्त करने का निर्देश दिया गया है।

**नसीहत**

### अमित शाह ने बिहार बीजेपी नेताओं से की बातचीत

## पीएम के रूप में मोदी की हैट्रिक तय : अमित शाह

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के भाजपा नेताओं से बातचीत की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करने के लिए उनसे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भी पार्टी की जीत का सिलसिला जारी रखने को कहा। बीजेपी के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले अमित शाह पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करने आए थे। इस बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित तीन घंटे लंबी बैठक के बाद, शाह बमुश्किल कुछ मीटर की दूरी पर स्थित राज्य अतिथि गृह चले गए, जहां उन्होंने बिहार में भाजपा की कोर समिति के सदस्यों से मुलाकात की। शाह के साथ हुई बैठक में मौजूद नेताओं में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी और विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा शामिल थे।

## तैयारी

### अंग महोत्सव सह मुंगेर जिला स्थापना दिवस पर पोलो मैदान में सजेगी कलाकारों की महफिल

# दुल्हन की तरह सजे-सवरेगा मुंगेर, तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

▸▸ 16 एवं 17 दिसंबर को मनाया जाएगा अंग महोत्सव सह जिला स्थापना दिवस समारोह

डॉ शशि कांत सुमन




**मुंगेर सिटी :** आगामी 16 एवं 17 दिसंबर 2023 को मुंगेर स्थापना दिवस व अंग महोत्सव की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन की बैठक संग्रहालय सभागार में प्रभारी जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अंग महोत्सव की तैयारी के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस मौके पर विभिन्न विभागों के विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी जिला पदाधिकारी ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुंगेर स्थापना दिवस सह अंग महोत्सव का कार्यक्रम 16 एवं 17 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। कार्यक्रम की शुरूआत 15 दिसंबर की शाम कष्टहरनी गंगा घाट पर गंगा महाआरती के साथ होगी ।गंगा महाआरती के साथ ही भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। 16 दिसंबर को पोलो मैदान से प्रातः 8:00 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जबकि 9:00 बजे से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 11:00 बजे शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया जाना है। 12:30 बजे पोलो मैदान स्थित मुख्य समारोह स्थल पर लगे स्टाल का उद्घाटन किया जाएगा। संध्या 5:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के विधाओं से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवा एवं अन्य कलाकारों द्वारा अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। युवाओं को रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल का लिंक https://forms.gle/poS4x1huXMZeRyJ19 दिया जा रहा है, जिस पर वह 12 दिसंबर के शाम 5:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 12 दिसंबर 2023 निर्धारित है। सभी युवा कलाकार 12 दिसंबर 2023 की संध्या 5:00 बजे तक अपना अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। 13 दिसंबर को युवा कलाकारों का चयन किया जाएगा। 17 दिसंबर को दिन के 11:00 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल स्थित रक्त समूह केंद्र में किया जाएगा। इस मौके पर 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा एवं अन्य व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते हैं, जबकि संध्या 5:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रख्यात कलाकारों के भाग लेने की भी संभावना है।

प्रभारी जिला पदाधिकारी ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को अंग महोत्सव सह मुंगेर स्थापना दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन का दायित्व दिया है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के पदाधिकारी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभी से एकजुट हो जाएं।

## न्यूज फटाफट

### ट्रैफिक में फंसने की वजह से आंसुओं में बह गए नई नवेली दुल्हन के दिल की अरमां

**पटना :** दिसंबर शुरू होने के साथ हीं सोन नदी से बालू का अवैध खनन शुरू हो जाता है। इस वजह से बिहटा और आसपास के क्षेत्र में जाम लगना लाजिमी है। जिस वजह से राहगीरों को काफी परेशानी होती है। पटना-बिहटा रोड पर भारी जाम लगा था। जिसमें फंसी एक नई नवेली दुल्हन के अरमां आंसुओं में बह गए, उसकी इच्छा अधूरी रह गई। दरअसल, बीपीएससी की ओर से रविवार को शिक्षक नियुक्ति परीक्षा आयोजित की गई थी। जहां शादी के जोड़े में परीक्षा देने पहुंची दुल्हन रुचि भी जाम की चपेट में आ गईं, और आरा की 55 किलोमीटर दूरी तय करने में चार घंटे लग गए। इस वजह से रुचि को परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में तय समय से 9 मिनट की देरी हो गई, और उसे परीक्षा से वंचित होना पड़ा। पति आयुष कुमार ने बताया कि वह एक कंपनी में नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी की इच्छा पूरी नहीं हो पाने का उन्हें अफसोस है।

### नसबंदी ऑपरेशन के बाद महिला ने दो बच्चों को दिया जन्म, फिर है प्रेग्नेंट

**मुजफ्फरपुर :** जिले से एक नसबंदी फेल होने का मामला सामने आया है। मामला गायघाट क्षेत्र के ग्राम केवटसा में रहने वाली जूली देवी (35) पति नीरज कुमार सिंह का है। महिला की नसबंदी 2015 में होने के बाद भी उसने दो बच्चों को जन्म दिया और अब फिर से गर्भवती है। परिजन ने जूली की नसबंदी 2015 को गायघाट के सरकारी अस्पताल में कराई थी।

### छिनतई गिरोह के तीन अपराधियों की तस्वीर जारी, 10 हजार का इनाम

**गोपालगंज :** जिला में तीन अपराधियों की तस्वीर पुलिस ने जारी की है। जिन्हें पहचान करने वालों को 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की गई है। यह तीनों पर राहगीरों से पैसा छिनने का आरोप है। जानकारी के अनुसार ये तस्वीरें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जारी की गई हैं। पहचान करने वालों को पुलिस देगी इनाम। एसपी, नगर थाना पुलिस और अन्य नंबर के व्हाट्सएप पर इनके बारे में जानकारी दे सकते हैं।

### पूर्व-मध्य रेल हाजीपुर के महाप्रबंधक ने किया वाल्मीकिनगर स्टेशन के निरीक्षण



**बगहा :** अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह करीब 3:10 बजे पूर्व-मध्य रेल के महाप्रबंधक अपने सहयोगी अधिकारियों के साथ विशेष सैलून से वाल्मीकिनगर रोड रेलवे स्टेशन पहुंच गए थे। उनके यहां पहुंचने पर स्टेशन अधीक्षक पीएन पांडेय ने उनका हार्दिक स्वागत किया। वाल्मीकिनगर रोड रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद जीएम ने अधिकारियों संग रेलवे स्टेशन और इससे सटे क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। इस क्रम में वे संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा दोहरीकरण रेलवे ट्रैक का भी पुनः जायजा लिया।
जीएम के आगमन को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नरकटियागंज आरपीएफ इंस्पेक्टर चन्दन कुमार जवानों के साथ मुस्तैद दिखे। मौके पर समस्तीपुर डीआरएम, एडीईएन, एसडीजीएम, मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, सेक्शन इंजीनियर आदि मौजूद रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों की उमड़ी भीड़



**दावथ (रोहतास) :** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को दावथ प्रखंड के उत्तरी पंचायत में पंचायत भवन परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। एलईडी वैन यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गारंटी वाली गाड़ी आम जनता के लिए मोदी जी जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर इस पंचायत में लोगों को दिखाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में कृषि विज्ञान, अटल पेंशन योजना, गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, योजना जल जीवन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ,की जानकारी दी गई। ड्रोन के माध्यम से फसल में दवा छिड़कने की विधि भी दिखाई गई। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी शाहनवाज आलम, पंचायत सचिव उसरी, लोक सेवक नवीन चंद्र शाह, वार्ड सदस्य प्रेमचंद राम ,अजीत कुमार ,विकास मित्र प्रेमचंद कुमार, पैक्स अध्यक्ष ज्योति प्रकाश सिंह, सुनील गुप्ता ,पवन कुमार सिंह ,अजय कुशवाहा ,सतीश कुशवाहा ,कृषक भाई रामवरत सिंह, सुरेंद्र सिंह, किशोर कुमार, सुरजनत सिंह ,बच्चू पासवान सहित बड़ी संख्या में बाल बच्चे भी उपस्थित थे।

### रबी कृषि चौपाल में किसानों को दी गई उद्यमी खेती की जानकारी



**बिक्रमगंज (रोहतास) :** प्रखंड के नोनहर पंचायत के कोल्हा ग्राम में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल में खंड उद्यान पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, प्रशांत कुमार शर्मा, सहायक तकनीकी प्रबंधक कुमारी रागनी चौहान, कृषि समन्वयक सुनील कुमार राय, किसान सलाहकार जावेद हुसैन के साथ-साथ 115 किसानों ने भाग लिया। जहां जिला कृषि पदाधिकारी राम कुमार ने किसानों को उद्यमी खेती की जानकारी दी। वहीं उपपरियोजना निदेशक सौरव कुमार ने फसल ऑफिस प्रबंधन की जानकारी देते हुए किसानों को वेस्ट डी कंपोजर के तैयार करने की विधि, उसका उपयोग और उससे होने वाले फायदा के बारे में बताया। प्रखंड उद्यान पदाधिकारी ने प्रखंड में चल रही सारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं समन्वय सुनील कुमार राय ने कृषि यंत्रीकरण, बीज वितरण, वर्मी कंपोस्ट पिट टी निर्माण करने की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## शहर >> अपडेट

### देशी शराब के साथ तीन नाबालिग तस्कर गिरफ्तार

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** शराब के नशे में तीन शराबियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कच्छवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कोनी गांव में तीन शराबी शराब पीकर हंगामा कर रहे थे। गुप्त सूचना पर कोनी गांव में छापेमारी कर तीनों शराबी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराबी अमौना गांव निवासी गोलू कुमार, राजपुर निवासी जयशंकर पांडेय तथा तीसरा शराबी अजीत सिंह सोहदा गांव का निवासी बताया जाता है। तीनों शराबी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया तथा बाइक भी जब्त की गई।

## कैंपस इवेंट्स >>

### स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पटना सिटी :** मेहंदीगंज पुलिस ने नशीली पदार्थों के करोबार में शामिल दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग मनसा राम का अखाड़ा के समीप छापेमारी के दौरान दो लोगों को स्मैक की पुड़िया के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान मनसा राम का अखाड़ा निवासी पंकज कुमार और राजा कुमार है। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### कुर्की वारंट के तीन आरोपी को जेल

**काराकाट (रोहतास) :** थाना क्षेत्र के नई भूमि से पुलिस ने सोमवार को न्यायालय से निर्गत कुर्की वारंट के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तारी की। जो गिरफ्तार अभियुक्त नंद कुमार राम, कृष्णा राम, संजय राम बताया जाता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि तीनों अभियुक्तों पर न्यायालय से कुर्की वारंट निर्गत था। जिनके उपर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्रखंड स्तरीय मामलों की हुई जनसुनवाई

**डुमरांव (बक्सर) :** शनिवार को प्रखंड आईटी भवन में ग्रामीण विकास विभाग पटना के तत्वाधान में जिला सामाजिक अंकेक्षण इकाई बक्सर की ओर से प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव की अध्यक्षता में की गई। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि इस सुनवाई में प्रखंड के 8 ग्राम पंचायतों में कुशालपुर, चिलहरी, अरियांव, नंदन, लाखनडिहरा, छतनवार, सोंवा में किये गए चार योजनाओं जन वितरण प्रणाली, मनरेगा, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) कार्य संपन्न सामाजिक अंकेक्षण उपरांत पाए गए लंबित तथ्यों उपस्थित सदस्यों के पास रखा गया। उन्होंने बताया कि मनरेगा से कुल 86 मामला पेंशन से सात प्रकार के मामले प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से 10 प्रकार के मामले तथा जन वितरण प्रणाली से 6 प्रकार के मामले की सुनवाई की गई। शेष सुनवाई अगले दिन की जायेगी।

### रक्षित पांडेय के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित

**लौरिया :** पूर्व विधायक सह पूर्व पेट्रोलियम सचिव राघव शरण पांडेय के छोटे पुत्र रक्षित पांडेय के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित किया गया। दिवंगत पांडेय का असामयिक निधन 13 सितम्बर को अमेरिका में हुआ। उनके मृत्यु उपरांत अंतिम संस्कार अमेरिका में ही हुआ। रक्षित के असामयिक मृत्यु उपरांत पैतृक गांव रमौली में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट की मौन रखा गया। मौके पर अजय शाही एचपीसीएल के महाप्रबंधक अंजय पवार, प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी, राकेश सिंह, प्रकाश राय, संतोष कुमार राव, बीरबल यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

---

**असुविधा** यात्री सुविधाओं का बाट जोह रहा जमालपुर का सारोबाग हॉल्ट

# एक अदद शौचालय का नहीं होना स्वच्छ भारत अभियान का मुंह पर कालिख

▶▶ दशक बाद भी मात्र तीन जोड़ी पैसेंजर ट्रेन का है ठहराव

**राष्ट्रीय खबर**



**मुंगेर सिटी :** जमालपुर-किउल रेलखंड के सारोबाग हॉल्ट पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। यात्री सुविधा नहीं रहने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हॉल्ट पर न तो शौचालय और न ही पर्याप्त मात्रा यात्री शेड ही है। हॉल्ट पर शौचालय की सुविधा नहीं रहने के स्वच्छ भारत को अभियान को भी मुंह चिढ़ाने का काम कर रही है। शौचालय की व्यवस्था नहीं रहने के कारण सबसे भारी फजीहत महिला यात्रियों को उठाना पड़ रहा है। लेकिन रेल विभाग इस समस्या के निदान के प्रति उदासीन बनी हुई हैं। प्लेटफार्म पर झाड़-पतवार उग आए है। शौच की गंदगी प्लेटफार्म पर यत्र-तत्र फैला हुआ है। हॉल्ट की स्वीकृति के दो दशक बीतने के बावजूद अब तक इस हॉल्ट पर मात्र तीन जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। ट्रेन के ठहराव की स्थिति यह है कि तीन बजे शाम के बाद सुबह 5 बजे सुबह मे ट्रेन मिलती है। उसमें भी कई पैसेंजर ट्रेन कोरोना के कारण संचालन नहीं हो रहा है।

#### प्लेटफार्म और ओवरब्रिज नदारद

हॉल्ट का उपेक्षा का आलम यह है कि अब तक प्लेटफार्म का निर्माण नही हो सका है। इसके साथ ही प्लेटफार्म का सतह नीचे रहने के कारण ट्रेन पर चढ़ने के क्रम में अक्सर दुर्घटना होती रहती है। अब तक ट्रेन चढ़ने के क्रम में तीन यात्रियों की मौत हो चुकी है। आये दिन हो रही दुर्घटना को देखते हुए यहां के ग्रामीण वर्षो से फुट ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग कर रहे है।

#### क्या कहते है यात्री

सारोबाग निवासी सुखदेव यादव व सहदेव तांती ने बताया कि वर्षो से गया-जमालपुर पैसेंजर ट्रेन व रात्रि में जमालपुर-किऊल पैसेंजर ट्रेन का ठहराव नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दरियापुर के हिमांशु सिंह, कृष्णनंदन पंडित ने बताया कि हॉल्ट पर बिजली नहीं है। शेड का अभाव बना हुआ है। शांति समिति माताडीह-सारोबाग के अध्यक्ष ने बताया कि हॉल्ट के विकास और ट्रेन ठहराव के लिए विभाग से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। जल्द समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो धरना के साथ ही चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

---

पंचायत उपचुनाव : मुखिया व सरपंच पद पर एक-एक अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा

# नामांकन 15 तक, 28 को चुनाव व 30 को मतगणना



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** प्रखंड बगहा-2 अंतर्गत आगामी पंचायती उपचुनाव के नामांकन की प्रक्रिया शनिवार से शुरू की गई थी मगर प्रथम दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया था। नामांकन के दुसरे दिन सोमवार को नयागांव रामपुर पंचायत के सरपंच पद पर एक अभ्यर्थी व बैराटी बरियारवा पंचायत में होने वाले मुखिया पद के चुनाव पर एक अभ्यर्थी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। बीडीओ सह आरओ जयराम चौरसिया ने बताया कि नामांकन के दूसरे दिन मुखिया व सरपंच पद पर एक-एक अभ्यर्थियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। नयागांव से रामरती देवी पति स्व0 गंगा राम ने पर्चा दाखिल किया है। इसके पुर्व उनकी पुत्रवधू पंचायत की सरपंच चुनी गई थी जिनकी असमय मृत्यु हो गई थी। वहीं बैराटी बरियरवा से मुखिया पद हेतु ममता कुमारी पिता रामेश्वर यादव ने नामांकन किया है। लेकिन सोमवार को केवल एक-एक अभ्यर्थियों ने ही नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आधा दर्जन पंच के पदों पर भी उपचुनाव होना है लेकिन अब तक इन पदों के लिए नहीं किसी अभ्यर्थियों की ना ही नामांकन दाखिल किया है और ना ही एनआर कटाया गया है। बीडीओ ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया 15 दिसंबर तक चलेगी। उसके बाद 16 एवं 18 दिसंबर को नामांकन पत्रों की संविक्षा की जाएगी। 20 दिसंबर को अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। 28 को उपचुनाव एवं 30 दिसंबर को मतगणना का कार्य प्रखंड मुख्यालय में किया जाएगा।

## बेतिया में भाजपा ने किया सोनिया व राहुल का पुतला दहन



**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया, पचं:** भारतीय जनता पार्टी ने सोवाबाबू चौक पर झारखंड के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 351 करोड़ रुपये से अधिक नगदी बरामद होने पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने कहा है कि एक तरफ घमंडिया गठबन्धन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी, लूट - खसोट और दलाली की गारन्टी है तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने की गारंटी हैं। जनता से लूटा उसकी पाई-पाई लौटानी पडेगी, यह मोदी की गारंटी। मोदी की गारंटी मतलब बेईमानों से पाई-पाई वसूलने की गारंटी है। कार्यक्रम में बेतिया के जिला उपाध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष दीपेन्द्र सर्राफ, रवि सिंह, बगहा जिला प्रभारी आनंद सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष धनरंजन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, विभय रंजन चौबे, मुन्ना तिवारी, मनुबाबू कुशवाहा जिला मंत्री कृष्णा पासवान, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव, धर्मेंद्र सिंह, आशीष गुप्ता, राकेश पटेल, नीरज तिवारी, किशन श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, आशीष कुशवाहा, अमित पटेल, मुकेश कुशवाहा, मुन्ना यादव बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मानवाधिकार दिवस पर लोगों को किया जागरुक




**राष्ट्रीय खबर**

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्र के आलोक में एवं प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष सुनिल कुमार वर्मा के निदेर्शानुसार शहर के तेंदुनी चौक पर मानवाधिकार विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संजीव पटेल तथा उद्घाटन प्रेम प्रकाश सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि दिसम्बर, 1948 को संयुक्त राष्ट्र में मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा को स्वीकृत किया गया। बंदियों के मानव एवं मौलिक अधिकारों के लिए कारा अधिनियम 1894 के अन्तर्गत विभिन्न अधिकार दिये गये है। जिसमें अभिरक्षा में रखने की सूचना का अधिकार, अधिवक्ता से परामर्श या न्यायालय में बचाव पक्ष रखने के लिए अपनी पसंद का अधिवक्ता रखना एवं विधिक सेवा संस्थाओं तक पहुँच स्थापित करना तथा शिक्षा प्राप्त करना है। यदि किसी भी बंदी को अधिवक्ता की आवश्यकता हो, तो उनके द्वारा आवेदन देने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रोहतास, सासाराम द्वारा मुफ्त में अधिवक्ता उपलब्ध कराया जायेगा। मंच का प्रमुख प्रवक्ता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि आज जनता के साथ दमन शोषण हो रहा है जिसे मुकदर्शक होकर के जनता देख रही है।

## लौरिया नगर पंचायत वासियों से होगी अब होल्डिंग टैक्स की वसूली : सीता देवी

**राष्ट्रीय खबर**




**लौरिया, प.च. :** नगर पंचायत वासियों से अब होल्डिंग टैक्स वसूल की जाएगी। इस सम्बंध में वैदिक मंत्रोच्चार के बाद कार्यालय में कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य पार्षद सीता देवी, उपमुख्य पार्षद किशोरी देवी, इओ लक्ष्मण प्रसाद एवं सम्बंधित एजेंसी के निदेशक शैलेश कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया गया। नगर पंचायत लौरिया के अस्तित्व में आने के बाद नगर पंचायत लौरिया के राजस्व वसूली होल्डिंग टैक्स के रुप में शीघ्र की जाएगी। इस सम्बंध में उद्घाटन उपरांत इओ लक्ष्मण प्रसाद ने बताया की नगर पंचायत लौरिया के होल्डिंग टैक्स वसुली की जिम्मेदारी मल्लिका अर्जुन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा लिमिटेड बेतिया को सौंपी गई है।अब नगर पंचायत लौरिया के नगर वासियों को अपने मकान व आवासीय जमीन की होल्डिंग टैक्स देने होगे। सभी प्रकार के मकानों का टैक्स राशि निर्धारित की गई है। जिनमें प्रधान सड़क मुख्य सड़क एवं अन्य सड़क के दर अलग-अलग निर्धारित है। मुख्य पार्षद सीता देवी ने कहा कि नगर पंचायत लौरिया के सर्वांगीण विकास में होल्डिंग टैक्स से वसूली से नगर पंचायत लौरिया के राजस्व में वृद्धि होगी। जिससे क्षेत्र का विकास होगा। वहीं संबंधित एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर आदर्श भारद्वाज ने नगर पंचायत लौरिया के होल्डिंग टैक्स कितना निर्धारित है इस विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर पुर्व मुखिया संजय कुमार, पूर्व पैक्स अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह उर्फ लड्डू सिंह, वार्ड पार्षद पप्पू मिश्रा, लालबाबु राम, बद्री यादव, सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

**पूर्व तैयारी** थारु संघ के वार्षिक अधिवेशन स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

# थारू संघ ने भेजा है निमंत्रण, सीएम हो सकते हैं मुख्य अतिथि

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में जिला, अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों का काफिला सोमवार को हरनाटांड पहुंचा हुआ था। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रस्तावित भारतीय थारू कल्याण महासंघ के वार्षिक महाधिवेशन के लिए चयनित उच्च विद्यालय हरनाटांड के खेल मैदान का निरीक्षण कर मातहत अधिकारियों को जरुरी दिशानिर्देश दिया। जानकारी के अनुसार थारू संघ के द्वारा मुख्यमंत्री को वार्षिक महाधिवेशन में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है जिसपर सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ है। जिस कारण मुख्यमंत्री को अधिवेशन में भाग लेने की उम्मीद जताई जा रही है। इसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने हरनाटांड उच्च विद्यालय खेल मैदान का निरीक्षण के साथ ही थारू महासंघ के कार्यालय (संघ भवन) में भारतीय थारू महासंघ के पदाधिकारी के साथ बैठक कर महा अधिवेशन की तैयारी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने भारतीय थारू कल्याण महासंघ के पदाधिकारीयों से मिलकर क्षेत्र की समस्या एवं उसके निराकरण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की व इसको लेकर अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए।इसके पश्चात जिला पदाधिकारी सहित अधिकारियों का काफिला सिधावं पहुंचा। जहां प्रखंड मुख्यालय के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी प्रस्तावित भूमि पर करीब 20 मिनट रुके रहे। इस दौरान वे अपने मातहत अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश देते नजर आये।

भारतीय थारू कल्याण महासंघ के अध्यक्ष दीप नारायण प्रसाद ने बताया कि भारतीय थारू कल्याण महासंघ की ओर से राष्ट्रीय महाधिवेशन में आने के लिए सुबे के मुखिया को नेता दिया गया था। जिसको लेकर भारतीय थारू महासंघ की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है।

---

## न्यूज फटाफट

### एनसीपी किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनें संजय दुबे




**सासाराम (रोहतास) :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी उपाध्यक्ष बिहार प्रदेश सह जिला प्रभारी के आशुतोष सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यालय सासाराम में एक बैठक की गई। जिसका संचालन रोहतास कार्यकारी जिलाध्यक्ष रामबाबू ने किया। इस बैठक में सभी कार्यकताओं की राय से प्रखंड तिलौथू ग्राम भदोखरा निवासी संजय दुबे को किसान प्रकोष्ठ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी आशुतोष सिंह ने कहा कि कार्यकताओं विमर्श के उपरांत उक्त मनोनयन किया गया है। वहीं श्री दुबे ने कहा कि पार्टी के विश्वास पर हरसंभव खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मौके पर परशुराम सिंह, विमलेश सिंह, अमीर इकबाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित थे।

### गरीबों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर की शिक्षा की व्यवस्था : अभिषेक



**बेतिया :** नगर में गरीब छात्राओं के लिए फ्री में कंप्यूटर क्लास कराया जाएगा। जिससे वे बेरोजगारी का दंश नहीं झेल सके। उन्हें डीसीए, एडीसीए, टैली, इंटरनेट, ग्राफिक डिजाइनिंग, डाटा एंट्री टाइपिंग, हिंदी –इंग्लिश सहित अन्य कई रोजगारोन्मुखी कोर्सेज कराए जाएंगे। उपर्युक्त विचार सोमवार को खिरियाघाट बैरिया रोड स्थित बिहार कंप्यूटर के उद्घाटन के अवसर पर निदेशक अभिषेक कुमार ने व्यक्त किया। श्री कुमार ने आगे कहा कि वहां पर फ्री वाई–फाई कैंपस और सीसीटीवी सर्विलांस कैंपस, प्रोजेक्ट वर्क टेस्ट सीरीज सभी एप्लीकेशन का तथा जॉब ओरिएंटेड कोर्सेज कराए जाएंगे। एक बार यहां पर छात्र–छात्राओं को आकर देखना चाहिए। वहीं दो दिन फ्री में डेमो क्लासेस भी कराए जाएंगे। इस अवसर पर अभय प्रसाद गुप्ता सहित कई अन्य उपस्थित रहे तथा शुभकामनाएं दी।

### शराब अड्डों पर छापेमारी, एक हजार लीटर अर्ध निर्मित शराब बरामद



**सुगौली, पू.च. :** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के मेहवां और मुशवां में शराब के अड्डों पर जमकर छापेमारी की। जिसमे पांच जगहों पर चुलाई शराब बना रहे जगहों पर धाबा बोल कर शराब बनाने वाले उपकरणों को नष्ट किया। साथ ही एक हजार लीटर अर्ध निर्मित शराब बहाया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमित कुमार सिह ने बताया कि पीएसआई अभिनव राज और पुलिस बल के जवानों ने छापेमारी की। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि शराब कारोबार बंद करने और शराब कारोबारियों पर लगाम लगाने को लेकर चिन्हित जगहों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। और कारोबारियों को पकड़ जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब कारोबारियों की अब खैर नही है अब हमारे निगाहें से बच नही सकते है। शराब कारोबारियों को पकड़े जाने पर किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### कड़ाके की ठंड में भी पसीना बहा रही है पतिलार की महिला फुटबालर

**बगहा/चौतरवा :** प्रखण्ड बगहा एक अन्तर्गत महिला फुटबॉल क्लब पतिलार की खिलाड़ी इस कड़ाके की ठंड में भी काफी मेहनत कर रही है। कोच कमलेश प्रसाद यादव ने बताया सभी खिलाड़ी समय से खेल की मैदान पहुँच प्रत्येक दिन प्रेक्टिश करती है उन्होंने बताया कि करीब ढाई घण्टो तक दौड़ ,ब्यायम फिर प्रेक्टिश करती है लड़कियों के अभिभावक अपनी बच्चियों को खेल देख काफी खुश होते है क्षेत्र के बुद्धजीवीयो कि माने तो वे कहते है कि आज के जमाने मे लड़का,लड़कियों में कोई फर्क नही दिख रहा है हर क्षेत्र में लड़कियां लड़को से आगे निकल जा रही है जैसे जैसे शिक्षा का ग्राफ बढ़ रही है वैसे वैसे लोगों की सोच बदल रही है,जिस तरह सरकार लड़कियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है वैसे वैसे लडकिया आगे बढ़ भी रही है। टीम के कोच ने बताया कि जिस दिन पंचायत की मुखिया सह टीम की अध्यक्ष पायल कुमारी ने लड़कियों को खेल सामग्री देकर सम्मानित किया। उस दिन से लड़कियों एवं उनके अभिभावकों की मनोबल और ज्यादा बढ़ गया है। टीम की कप्तान रेशम खातून एवं उपकप्तान लक्की कुमारी ने बताया कि जब हमलोग टीम से जुड़े तो थोड़ा अटपटा लग रहा था मतलब संकोच लग रही थी मगर जैसे जैसे अभिभावकों एवं गांव के लोगो का सपोर्ट मिलता गया ।

### विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरा जलवा, जमकर बजी तालियां

**सुगौली, पू. च :** नगर के सरगम सिनेमा रोड़ स्थित द रेडियंट पब्लिक स्कुल में सोमवार को चौदहवां वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ पवन कुमार सहनी, नवीन कुमार श्रीवास्तव, तृप्ति श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां छोटे छोटे बच्चों ने अपनी हुनर व कला से दर्शकों को खुब झुमाया। छात्रों ने अपने अनोखे अंदाज में भरपूर मनोरंजन के साथ लोगों को खुब हंसाया। छात्र व छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य कर दर्शको की खुब तालियां बिटोरी। देश भक्तियों और फिल्मी गीतों पर छात्र–छात्राओं ने जमकर अपनी कलाकारी दिखाई। वहीं छात्रो द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक पिता व पुत्र देख उपस्थित लोगों ने इसकी सराहना किया। इस मौके पर आयोजित समारोह के जरिए सभी छात्र व अभिभावक एकत्रित हुए है। इस मौके पर विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। जो कि छात्रों में सांस्कृतिक चेतना जागृत करेगा। मौके पर डाइरेक्टर नवीन कुमार श्रीवास्तव उर्फ गुड्डू, प्रधानाध्यापक तृप्ति श्रीवास्तव, प्रभाकर झां, धमेंद्र तिवारी, मो.रुसतम आलम, रामनरेश सिंह सहित अभिभावक और बच्चे शामिल थे।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत ,एक घायल

बेरमो :दुग्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत हीरक रोड स्थित शाकांबरी पेट्रोल पंप के सामने शनिवार की रात्रि लगभग 1 बजे तेज रफ्तार अज्ञात कार की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज डीवीसी अस्पताल चंद्रपुरा में चल रहा है और दोनों शव को रात्रि में अस्पताल के मर्चरी रूम में रखवा दिया था। जिसे पोस्टमार्टम के लिए सुबह चास भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एक मृतक युवक बुढ़ीडीह के स्वर्गीय जीतलाल किस्कु का एकलौता पुत्र लगभग 24 वर्षीय सूरज किस्कू है। दूसरा युवक बोकारो बोधनाडीह का 19 वर्षीय संदीप सोरेन वहीं तीसरा घायल युवक 24 वर्षीय संतोष हंसदा चंद्रपुरा के झरनाडीह निवासी हैं।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जरूरतमंद लोगो को बीच कंबल का वितरण

**बेरमो** : बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बेदकारो तीन नंबर मे रविवार को ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक तिवारी, अध्यक्ष प्रभात सिन्हा जिला प्रभारी अनिल बर्नवाल, एक्टिव मेंबर ममता सिंह, प्रमुख गिरिजा देवी, स्थानीय पूर्वी मुखिया सीमा महतो, स्थानीय पश्चिमी मुखिया मालती सिंह के नेतृत्व में गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसमें प्रमुख गिरिजा देवी ने कहा कि यहां दो मुखिया है पूर्वी, पश्चिमीऔर कृष्ण सुदर्शन स्कूल के यहां प्रिंसिपल है यह अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी हमारे दीपक जी भी मौजूद है। प्रभात जिला पदाधिकारी है। हम लोग एक मेंबर है हम लोग सब एक सदस्य हैं। तो इस सदस्य होने के नाते आज हम लोग अति आवश्यक कार्य को अंजाम दिया है। ऐसे माता बहनें जो अत्यंत गरीब, मजबूर है ऐसे लोगो के बीच कंबल का वितरण किया है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### संदेहास्पद स्थिती में मिला युवक का शव

**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल की झारखंड उत्खनन परियोजना कांटा घर के पास रविवार को केदला-लइयो मुख्य मार्ग के किनारे झाड़ियों में संदेहास्पद स्थिती में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान संजय भुइयां (30 वर्ष) इचाकडीह पंचायत के झारखण्ड 15 नंबर गायत्री नगर निवासी के रुप में हुई। इस संबंध में संजय की पत्नी ने बताया कि वह शनिवार की देर शाम लगभग सात बजे घर से किसी काम के लिए बाहर निकला था। अचानक सुबह उसकी मौत की खबर मिली। वहीं घटना की सूचना मिलते ही वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि किसी ने निजी दुश्मनी से उसे मार कर फेंक दिया है।

### चाकू मारकर बाइक की लूट

**पलामू** : हैदरनगर जपला मुख्य पथ के चौकड़ी व बहेरा मोड़ के बीच शनिवार की देर शाम भगड़ा गांव निवासी नीरज कुमार सिंह को अज्ञात लुटेरा ने बीच रोड में खड़े होकर बाइक रोकने का इशारा किया। बाइक निकालने के चक्कर में असंतुलित होकर गिरने के बाद अपराधी ने बाइक सवार नीरज कुमार सिंह के सीने में चाकू मार कर घायल कर दिया। घायलावस्था में वह बाइक छोड़ दौड़ कर भाग कर अपनी जान बचाई। इस बीच लुटेरा नीरज कुमार सिंह की हीरो होंडा बाइक स्टार्ट कर जपला की ओर भाग गया। अपराधी के भागने के बाद घायल नीरज कुमार सिंह किसी तरह हैदरनगर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। हैदरनगर पुलिस घटना स्थल जाकर जायजा लिया।

गोरखधंधा >

## बालू घाटों का टेंडर के बावजूद घाट आवंटित नहीं हुआ

# आवश्यकताओं और प्रशासनिक दबाव के बीच गोरखधंधा

- बालू, पत्थर और ईंट है सबकी आवश्यकता
- गोरखधंधा से धंधेबाज हो रहे मालामाल
- आवश्यकताओं पर महंगा है घर बनाना
- कैसे बनेगा अबुआ आवास

**मनोज मिश्र**



**रामगढ़** : प्रधानमंत्री आवास, बिरसा आवास और अबुआ आवास सहित कई कल्याकारी योजनाएं हैं, जो गरीब जनता को मिलने पर वह बहुत खुश नजर आती है, परन्तु आवास बनाने के लिए उन्हें बालू, स्टोन चिप्स, ईट की भारी कीमत चुकानी पडती है। इन आवश्यकताओं आर प्रशासनिक दबाव के बीच गोरख धंधा का खेला बड़ा ही दिलचस्प है। लोगों को आवास बनाने या अन्य कई कार्यों के लिए बालू स्टोन चिप्स और ईट चाहिए। इसका फायदा इन चीजों के कारोबारी और प्रशासन बहुत ही चालाकी से उठा लेते हैं। अवैध कारोबारी स्थानीय प्रशासन से मिलीभगत कर लेते हैं और मिलीभगत में लगने वाली लागत जनता को भुगतनी पड़ रही है। यही कारण है कि इन सभी आवश्यक सामानो का रेट बढ़ जाता है। कारोबारी भी खुले आम यह कहते हैं कि अखबारों में अवैध कारोबार के सम्बन्ध में जितना छपेगा हमलोगों को उससे कीमत बढ़ाने में आसानी हो जाती है और कमाई बढ़ जाता है।

इस बीच प्रशासन का दबीस भी होता है, जिसे शीर्षस्थ यानि जिला प्रशासन के हस्तक्षेप पर होता है। कुछ एक की थोड़ी बहुत चूक पर कार्रवाई हो जाती है। हालांकि जिला प्रशासन के चंगुल में कम ही लोग आते हैं। झारखण्ड में बालू घाटों का टेंडर भी ही गया है, परन्तु घाट का आवंटन और टेंडर होने के प?ात पर्यावरण प्रदूषण से सम्बंधित स्वीकृति नहीं मिलने के कारण यह अवैध कारोबार की संज्ञा में बरकरार है। साथ ही बालू, कोयला और स्टोन चिप्स का अवैध कारोबार का गोरखधंधा बड़े पैमाने में संचालित है।

### पल्स पोलियो खुराक अभियान का शुरूआत



**तेनुघाट** : पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ तेनुघाट की मुखिया नीलम श्रीवास्तव ने पंचायत मे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया. इसके तहत पंचायत के पांच साल से छोटे सभी बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। इस पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए सभी पंचायत की जनता से अपील की सामने आ कर पंचायत मे चल रहे अभियान को सफल बनाये। वही पोलियो की दवा पिलाने को लेकर काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष अपने बच्चों को लेकर तेनुघाट पंचायत मे पहुंच रहे है। वही नीलम श्रीवास्तव ने बताया की देश, राज्य, जिला, प्रखंड और पंचायत से पोलियो को समाप्त करने को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है, और सभी अभिभावकों से अनुरोध है की 5 साल से छोटे बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**बेरमो** : भाजपा की जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह व जितेंद्र सिंह के द्वारा जिला अंधापन नियंत्रण समिति बोकारो एवं हाजी एआर मेमोरियल आंख अस्पताल कथारा के तत्वाधान में फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार स्थित नवा खाली पाड़ा बंगाली दुर्गा परिसर में शुक्रवार को नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन भाजपा नेत्री सह समाजसेवी डॉ ऊषा सिंह, डॉ आरोफिल शेख, भाजपा फुसरो नगर अध्यक्ष दिनेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में डॉ आरोफिल शेख ने सैंकडो लोगों के आंखों की जांच किया। इसमें 36 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चुना गया। इन्हें ऑपरेशन के लिए हाजी एआर मेमोरियल आंख अस्पताल कथारा भेजा गया। जांच में अस्फाक आलम, महेंद्र कुमार, दिगंबर सिंह आदि ने सहयोग किया।मौके पर भजयुमो फुसरो नगर अध्यक्ष सुमित सिंह, प्रताश सिंह उर्फ सन्नी सिंह, जितेंद्र सिंह, सूरज सिंह, आशुतो सिंह, सजल गांगुली, महिला मोर्चा की नगर मंत्री सिंधु देवी, भरत वर्मा, शुशांत राईका विवेश सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## पल्स पोलियो अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

# 1 लाख 72 हजार 425 बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक




**राष्ट्रीय खबर**

**रामगढ़** : उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा सदर अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाने के उपरांत सभी जिले वासियों से अपने 5 वर्ष तक के बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक जरूर पिलाने की अपील की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा उपायुक्त को 12 सितंबर तक जिले में चलने वाले पल्स पोलियो अभियान एवं लक्ष्य की प्राप्ति हेतु तैयार किए गए माइक्रो प्लान की जानकारी दी गई वहीं उपायुक्त द्वारा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सफलतापूर्वक पल्स पोलियो अभियान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी गई। गौरतलब होकि प्लस पोलियो अभियान के प्रथम दिन यानी 10 दिसम्बर को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चे को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं वही 11 एवं 12 दिसम्बर को सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के लगभग 1लाख 72 हजार 425 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी है। इस दौरान डीआरसीएचओ, जिला मलेरिया पदाधिकारी, डब्लूएचओ के एसएमओ, पल्स पोलियो अभियान से संबंधित राज्य स्तरीय पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# अवैध महुआ शराब की बिक्री धड़ल्ले से



**राष्ट्रीय कबर**

**बेरमो** :गोमिया इन दिनो गोमिया और इसके आसपास के इलाकों में अवैध महुआ शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इन क्षेत्रों में काफी संख्या में युवा वर्ग केमिकल युक्त महुआ शराब की लत से ग्रसित हैं। महुआ शराब पीने की वजह से निरंतर युवाओं की असामयिक मौत की घटनाएं हो रही है। कई लोग तो महुआ शराब पीकर हर समय नशे में धुत रहते हैं। ऐसे लोग सुबह होते ही चखने के जुगाड़ में लग जाते हैं। निरंतर शराब पीने के कारण गंभीर बीमारियों के चपेट में आने के बाद अल्पकाल में ही ऐसे लोगों की मृत्यु हो जा रही है। क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं निरंतर बढ़ती ही चली जा रही है। अवैध महुआ शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार की फूलों झानो योजना संचालित है। बीते 3 वर्षों से आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य सरकार की ओर से हड़िया व महुआ शराब बेचने वाले लोगों को इस योजना के तहत दस से पच्चीस हजार रुपये राशि का चेक दिया जा रहा है। ताकि यह लोग इस राशि से कोई दूसरा व्यवसाय कर सके। लेकिन गोमिया और इसके आसपास के इलाकों में ऐसे लोग शराब बिक्री का धंधा नहीं छोड़े हैं। बल्कि सरकारी राशि से और अधिक पूंजी बढा लिए हैं। क्षेत्र में कई प्रबुद्ध लोगों ने प्रशासन से अवैध महुआ शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग किया है।

# घर घर पहुंच रहा है अक्षत चावल: आशुतोष



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो**:अयोध्या में बन रहे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए तैयारियाँ जोरों पर हैं। अब इसके लिए श्रीराम मंदिर से अक्षत को लोगों के घरों तक पहुँचाया जा रहा है। उक्त बाते फुसरो नगर मंदिर सम्पर्क अभियान प्रमुख आशुतोष कुमार सिंह ने कहा। कि देश के अलग-अलग शहरों में इसके लिए अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से अक्षत पहुँच रहे हैं। फुसरो में भी इसी क्रम में अक्षत कलश पहुँचे हैं। इन अक्षत कलशों में पहुँचे अक्षतों को अब 40 क्विंटल चावल और घी के साथ मिश्रित किया जाएगा। इसके पश्चात इन्हें बेरमो के घर-घर बाँटा जाएगा। यह अक्षत विशेष कलशों में बेरमो पहुँचे हैं। जिन्हें बाँटने की जिम्मेदारी विश्व हिन्दू परिषद को दी गई है। विश्व हिन्दू परिषद के प्रभारियों कलश सौंपे गए हैं। जब इनकी मात्र बढ़ा ली जाएगी तब इन्हें हल्दी और प्रभु श्रीराम की एक तस्वीर के साथ बेरमो के घरों में बाँटा जाएगा। इसके जरिए लोगों को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आने का निमन्त्रण दिया जाएगा। गौरतलब है कि अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी को होना है। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे।

इस दिन से मंदिर को आधिकारिक तौर पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। अभी मंदिर निर्माण के आखिरी चरण का काम चल रहा है। इस अवसर पर सह प्रमुख सह भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह, भाजपा बोकारो जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह सहित मंचू सिंह, सजल गांगुली, नंदा सिंह, गौतम सिंह, नवनीत सिंह, प्रकाश गुप्ता ,प्रदीप सिंह ,लालटू बनर्जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

# होसिर में हाई मास्ट लाइट का गोमिया विधायक ने किया भूमिपूजन



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /गोमिया**: गोमिया प्रखंड के होसिर मध्य विद्यालय मैदान में ओएनजीसी के सीएसआर मद के तहत लगने वाले 6 हाई मास्ट लाइट का भूमिपूजन शनिवार को गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने किया। इस अवसर पर विधायक डॉ महतो ने कहा कि होसिर मध्य विद्यालय मैदान पर हाई मास्ट लगाने की मांग यहां के स्थानीय लोगो के द्वारा बराबर की जा रही थी,और ग्रामीणों के इस मांग को देखते हुए उन्होंने ओएनजीसी के परिसम्पत्ति प्रबंधन से बात कर इस मैदान पर हाई मास्ट लाइट लगाने का अनुरोध किया था।

ओएनजीसी प्रबंधन ने भी उनके बातों पर संज्ञान लेते हुए होसिर स्कूल मैदान के लिए 6 हाई मास्ट लाइट तत्काल उपलब्ध करा दिया है, जो दिल्ली के सेंटर फॉर सोसिओ इकनॉमिक एंड पोलिटिकल रिसर्च नई दिल्ली संस्था के तत्वावधान में लगाया जायेगा।उन्होंने कहा कि इस मैदान पर हाई मास्ट लाइट के लग जाने से यहां रात्रि के समय मे भी खेलो का आयोजन हो सकेगा,साथ ही बुजुर्ग एवं महिलाओं के लिए भी यहां सुबह मॉर्निंग वॉक करने में भी सुविधा मिल सकेगी। वहीं पूर्व मुखिया घनश्याम राम ने कहा कि होसिर मध्य विद्यालय मैदान आसपास के कई पंचायतों का इकलौता मैदान है।इस मैदान पर समय समय पर कई खेलो का आयोजन होते रहता है।

उन्होंने कहा कि रात्रि समय मे भी इस मैदान पर खेलो का आयोजन हो इसे देखते हुए हम सभी ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक से यहां हाई मास्ट लगाने का अनुरोध किया था,और आज ग्रामीणों की मांग को देखते हुए विधायक डॉ महतो ने हाई मास्ट लाइट का भूमिपूजन किया है।मौके पर संस्था के फरहान आलम, मुखिया सावित्री देवी, पंसस गीता देवी, मोहन नायक,कुंदन कुमार, रंजीत साव,सुधीर ठाकुर, रामदास राम,सोहित प्रसाद,चितरंजन सिंह, महेंद्र तिवारी, विक्रम साव,विकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम >

## साइकिल क्रय करने के लिए मिली 4500 रुपए की राशि

# अपना साइकिल होना सपना सच होने के समान :संजु कुमारी

**राष्ट्रीय खबर**



**रामगढ़** : सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य के दूरदराज क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजना से आच्छादित करने के उद्देश्य से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत ऑन द स्पॉट आम लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में मांडू प्रखंड के छोटकी डंडी पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान विद्यार्थी संजू कुमारी को साइकिल ट्रैक करने हेतु 4500 की राशि डीबीटी की गई। मौके पर संजू कुमारी ने बेहद भावनात्मक होते हुए कहा कि मेरे गांव में कई बच्चियों के पास साइकिल है साइकिल चलाने आने के बावजूद अपना साइकिल नहीं होने के कारण मुझे पैदल ही विद्यालय जाना पड़ता है जिसके कारण कई बार मुझे विद्यालय पहुंचने में देर भी होती है।

जब मैं छोटी थी तो मुझे बताया गया था कि जब मैं विद्यालय जाने लगूंगी तब मुझे सरकार द्वारा साइकिल मिलेगा पर जब मुझे पता चला कि विगत कई वर्षों से सरकार द्वारा साइकिल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तो मैं निराश हो गयी थी। अब जब मुझे साइकिल क्रय करने हेतु राज्य सरकार द्वारा 4500 रुपए उपलब्ध कराए गए हैं तो यह मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। साइकिल मिलने के कारण ना मेरे आत्मविश्वास में वृद्धि होगी बल्कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए। इस साधन का सही उपयोग करके मैं अपना, अपने क्षेत्र व अपने देश का नाम जरूर रोशन करूंगी।

# विधायक ने विवाह मंडप जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास

**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू** : पिपरा प्रखंड के मधुबाना गांव में रविवार को हुसैनाबाद हरिहरगंज के वर्तमान एनसीपी विधायक सह पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने ढाई लाख की लागत से विवाह मंडप जीर्णोद्धार कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस दौरान एनसीपी के पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ ही नारियल फोड़कर जन समस्याओं के निदान को लेकर हमेशा तत्पर रहने का संकल्प लिया। बता दें कि मधुबाना गांव का विवाह मंडप काफी दिनों से जर्जर अवस्था में होने के कारण श्रद्धालु ग्रामीणों ने विधायक से जीर्णोद्धार कराने की गुहार लगाई थी। मौके पर मौजूद राकांपा के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने कहा कि क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक कमलेश कुमार सिंह ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं जरूरतमंद असहाय,लाचार गरीबों के हितार्थ कल्याणकारी कार्यों को करने में तन मन से जुटे हुए हैं। इस अवसर पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर राम, बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला सचिव भगवती सिंह ,मधुबाना पंचायत प्रभारी संजय सिंह, हरि भुइया, पूर्व मुखिया रामप्रवेश भुइया ,मुन्ना सिंह ,विवेक कुमार, दीपेश कुमार ,बच्चन यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

संपादकीय

# गलत रास्ता दिखा रहा है प्रचंड बहुमत

लोकसभा में प्रचंड बहुमत का दुरुपयोग एक नहीं कई बार दिखा है। इस बार टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा का निष्कासन भी इसी बहुमत का परिणाम है। लेकिन अचरज की बात है कि अटल बिहारी बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे लोकतांत्रिक नेताओं की पार्टी इतनी दिशाभ्रष्ट हो गयी। यह शाश्वत सत्य है कि इंसान मरेगा, इसके बाद भी जो उदाहरण भाजपा के वर्तमान सांसद पेश कर रहे हैं, वे बाद में उनके गले की हड्डी भी बन सकते हैं। उनकी यह सोच ही गलत है कि भाजपा अनंत काल तक इस देश में राज करने जा रही है। ऐसी सोच इंदिरा गांधी की भी थी और आपातकाल के बाद जनता ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया था। वर्तमान मुद्दे पर लौटते हैं तो सदन की आचार समिति की एक रिपोर्ट के आधार पर 8 दिसंबर को जल्दबाजी में ध्वनि मत से तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करना, रूप और सार में खराब है। हालाँकि, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी। निलंबित कांग्रेस सांसद के वोट सहित 6:4 के बहुमत से, समिति ने उन्हें अनैतिक आचरण, विशेषाधिकार के उल्लंघन और सदन की अवमानना का दोषी मानते हुए उनके निष्कासन की सिफारिश की। ये एक द्वारा लगाए गए आरोप थे। भारतीय जनता पार्टी के सांसद, जो सुश्री मोइत्रा के अलग हुए साथी के बयान पर निर्भर थे। समिति ने अपनी रिपोर्ट में 2005 में एक समाचार मंच द्वारा कैश-फॉर-क्वेरी स्टिंग ऑपरेशन के लिए 11 सांसदों के निष्कासन की एक मिसाल का हवाला दिया। सुश्री मोइत्रा के खिलाफ आरोपों के विपरीत, उस समय एक मजबूत मामला स्थापित करने वाले वीडियो सबूत थे। उन्होंने संसद के प्रश्न अपलोड करने के लिए व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के साथ अपना लॉगिन क्रेडेंशियल साझा किया, यह तथ्य उन्होंने स्वयं स्वीकार किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में माना कि उसके पास नकदी के आदान-प्रदान का कोई सबूत नहीं है और उसकी रिपोर्ट में उस पहलू की कानूनी, गहन, संस्थागत और समयबद्ध जांच की मांग की गई है। फिर भी, उसके निष्कासन की जोरदार मांग की गई और यहां तक कि उसके लॉगिन क्रेडेंशियल्स को साझा करने को एक आपराधिक कृत्य भी करार दिया गया। सुश्री मोइत्रा के संसद प्रश्नों और हीरानंदानी समूह के व्यावसायिक हितों के बीच सुझाए गए संबंध तुच्छ हैं। उदाहरण के लिए, स्टील की कीमतों या बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापार संबंधों पर एक प्रश्न कई व्यापारिक समूहों और उपभोक्ताओं के लिए रुचिकर है। समिति ने कहा कि उसने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि कई सांसद अपने लॉगिन क्रेडेंशियल दूसरों के साथ साझा करते हैं, लेकिन यह एक कठिन मामला बना कि सुश्री मोइत्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला है। यह तर्क कि सांसदों के पास संसद पोर्टल पर उन दस्तावेजों तक पहुंच है जो सार्वजनिक डोमेन में नहीं हैं, एक फैलाया हुआ तर्क है। वास्तव में, मसौदा विधेयकों को गुप्त रखने का कोई अच्छा कारण नहीं है। विधेयक के मसौदे चर्चा और मतदान के लिए संसद में लाए जाने से पहले सार्वजनिक प्रसार और बहस के लिए होते हैं। आजकल ऐसा बहुत कम हो रहा है, यह संसदीय लोकतंत्र पर एक दुखद टिप्पणी है। एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट का भी यही हश्र हुआ। 495 पेज की रिपोर्ट को उसी दिन पेश किया गया और उस पर मतदान किया गया, जिससे सदस्यों के पास इसे विस्तार से पढ़ने का समय होने पर अधिक विस्तृत चर्चा की विपक्षी सांसदों की अपील को खारिज कर दिया गया। यह मिसाल कि संसद में बहुमत किसी विपक्षी सदस्य को संदिग्ध आरोप पर निष्कासित कर सकता है, संसदीय लोकतंत्र के लिए अशुभ है। सुश्री मोइत्रा का निष्कासन जल्दबाजी और दफन किये गये न्याय का मामला है। लेकिन इससे भाजपा ने दूसरे दलों को वह रास्ता दिखा दिया है, जिसके जरिए भविष्य में ऐसा ही आचरण भाजपा के खिलाफ भी होने वाला है। इसके अलावा कांग्रेस ने सिर्फ सीबीआई का दुरुपयोग कर भाजपा को रास्ता दिखाया था। अब भाजपा सभी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर भविष्य में सत्ता में आने वाले दल को यही हथियार भाजपा के खिलाफ आजमाने का रास्ता दिखा रही है। दरअसल लोकतांत्रिक देश में अपने विरोधी स्वर को कुचलने की यह प्रवृत्ति देश के लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है, यह बात वह सभी लोग स्वीकार करेंगे, जिनकी आस्था देश के लोकतंत्र और संविधान में है। लोकसभा के पूर्व महासचिव ने इस बारे में अपनी राय देकर पूरी कार्रवाई को गलत बताया है। आम तौर पर लोकसभा के महासचिव को अपने दैनंदिन कार्यों की वजह से संविधान की अधिक जानकारी होती है। साथ ही वे संसदीय परंपराओं को भी अधिक बेहतर तरीके से जानते हैं। इसलिए सभी पक्षों को देखते हुए यह स्वीकार किया जा सकता है कि भाजपा जिस रास्ते और हथियार से विरोध के स्वर को कुचल रही है, भविष्य में यही हथकंडा उनके खिलाफ भी आजमाया जाएगा और उस वक्त आज चुप रहने वालों के पास बोलने का अवसर नहीं होगा।



# इतने दबाव में क्यों है भाजपा

राजस्थान विधानसभा के चुनाव का परिणाम घोषित हुए दस दिन होने वाले हैं। उसके उपरांत भी अभी तक ना तो विधायक दल की बैठक बुलाई गई है ना ही नेता का नाम ही सामने आया है। जबकि 115 सीटें जीतकर भाजपा ने पूर्ण बहुमत प्राप्त कर लिया है। राजनीतिक हल्का में चर्चा है कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा मुख्यमंत्री बनने के लिए की जा रही लाबिंग के चलते विधायक दल का नया नेता चुनने की प्रक्रिया ठंडी पड़ी हुई है। वसुंधरा राजे दिल्ली जाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर राजस्थान की राजनीति पर लंबी चर्चा कर चुकी है।

पिछले दिनों जयपुर में घटे एक घटनाक्रम ने भाजपा के बड़े नेताओं को चौंका दिया है। बारां जिले में किशनगंज से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक ललित मीणा के पिता हेमराज मीणा जो स्वयं पूर्व विधायक हैं। उन्होंने जयपुर में मीडिया को बताया कि उनके बेटे विधायक ललित मीणा सहित बारां, झालावाड़ जिलों के पांच विधायकों को जयपुर में सीकर रोड स्थित होटल आपनो राजस्थान में जबरन रखा गया है और उन्हें घर नहीं आने दिया जा रहा है। हेमराज मीणा ने भाजपा कार्यालय के सामने मीडिया को बताया कि जब मैं अपने विधायक बेटे ललित मीणा को लेने होटल गया तो वहां पर विधायक कंवरलाल मीणा ने जोर जबरदस्ती करते हुए कहा कि झालावाड़ के सांसद दुष्यंत सिंह के कहने पर ही हम उन्हें जाने देंगे। उसके बाद होटल आपनो राजस्थान में हेमराज मीणा ने पुलिस बुलाकर बखेड़ा खड़ा किया तब जाकर वह अपने पुत्र ललित मीणा को साथ लेकर आ सके।



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र-पत्रकार

होटल में विधायकों को रखने की बात हेमराज मीणा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, संगठन महासचिव चन्द्रशेखर, पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह को भी बताई। हालांकि विधायक कंवरलाल मीणा ने पूर्व विधायक हेमराज मीणा के आरोपी को झूठा बताते हुए कहा कि हम सब अपनी मर्जी से वहां रुके थे। हमें किसी ने जबरन नहीं ठहराया था। जब कुछ अनजान लोग आकर ललित मीणा को ले जाने लगे तो हमने उन्हें नहीं ले जाने दिया और जब हेमराज जी मीणा अपने पुत्र विधायक ललित मीणा को लेने आए तो उनके साथ भेज दिया था। जयपुर में हुई इस घटना से भाजपा आलाकमान के कान खड़े हो गए और उन्हें एहसास हो गया कि प्रदेश में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। अंदर खान कोई नया खेल करने के प्रयास में लगा हुआ है।

वसुंधरा राजे के दिल्ली से जयपुर लौटने के बाद करीब एक दर्जन विधायक उनसे मिलने पहुंचे। जिसे वसुंधरा गुट द्वारा अपने शक्ति प्रदर्शन के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। वसुंधरा गुट के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल का कहना है कि किसी अनुभवी नेता को ही मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए जो राजस्थान को अच्छे से संभाल सके। राजस्थान में भाजपा के पास वसुंधरा राजे से अधिक लोकप्रिय कोई चेहरा नहीं है।

वहीं राजनीतिक हलकों से निकालकर जो बातें आ रही है उससे लगता है कि भाजपा आलाकमान किसी भी स्थिति में वसुंधरा राजे को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के मूड में नहीं है। वसुंधरा राजे के लिए सबसे नकारात्मक बात उनका दो बार मुख्यमंत्री बनने के बाद दोनों ही बार पार्टी का चुनाव हार जाना रही है। 2003 में वसुंधरा राजे 120 सीटों के बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनी थी। मगर 2008 में पार्टी की सीट घटकर 78 रह गई थी। इसी तरह 2013 में वसुंधरा राजे 163 सीटों के बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनी थी। मगर 2018 में भाजपा की सीट घटकर 73 ही रह गई थी।

पार्टी नेताओं का मानना है कि चुनाव के समय वसुंधरा राजे कांग्रेस सरकार की एंटी इनकमबेंसी के बल पर सरकार बना लेती है। मगर खुद के मुख्यमंत्री रहते भी उनकी सरकार के प्रति आमजन में भारी नाराजगी व्याप्त हो जाती है और उन्हें सत्ता से हटाना पड़ता है। इस बार पार्टी आलाकमान चाहता है कि ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जाए जो पांच साल बाद फिर से सरकारी रिपीट कर सके। मगर वसुंधरा राजे अपनी जिद पर अड़ी हुई है कि वह स्वयं के अलावा अन्य किसी को मुख्यमंत्री पद पर बैठने नहीं देना चाहती है।

हालांकि वसुंधरा राजे के सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह पर पार्टी विधायकों के बाड़ाबंदी के आरोप लगने के बाद वसुंधरा राजे बैक फुट पर आ गई है। उन्होंने दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की तो उनके साथ उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह भी थें। चर्चा है कि उन्होंने दुष्यंत सिंह के बाड़ेबंदी के आरोपों पर भी सफाई दी है। इधर भाजपा से विधायक बने चारों सांसदों डॉक्टर किरोडी लाल मीणा, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ व बाबा बालकनाथ ने लोकसभा व राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है।

राजस्थान में भाजपा की सरकार गठन में अबकी बार जितना समय लग रहा है उतना पहले कभी नहीं लगा। इसलिए लोगों के मन में संशय पैदा हो रहा है। हालांकि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे को राजस्थान के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जो राजस्थान के विधायकों से मिलकर रायशुमारी कर विधायक दल की बैठक बुलाएंगे।

राजनाथ सिंह का राजस्थान में पर्यवेक्षक बनकर आना अपने आप में बहुत कुछ कहता है। राजनाथ सिंह भाजपा में सबसे हैवीवेट नेता माने जाते हैं। उनकी छवि ट्रबल शूटर की रही है। पार्टी के दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके राजनाथ सिंह हर तरह की स्थिति को संभालने में सक्षम है। इसीलिए उनको राजस्थान का पर्यवेक्षक बनाकर भेजना पड़ा है। वैसे भी राजनाथ सिंह राजस्थान विधानसभा के चुनाव में नरेंद्र मोदी, अमित शाह के बाद सबसे अधिक रैलियों को संबोधित करने वाले नेता थे। उनकी प्रदेश के सभी नेताओं से व्यक्तिगत संपर्क है।

वसुंधरा राजे ने भी राजनाथ सिंह के साथ लंबे समय तक काम किया है। इसलिए राजनाथ सिंह के पर्यवेक्षक बनने के बाद यह अनुमान लगाए जा रहे हैं कि उनको वसुंधरा राजे को अच्छे से हैंडल करना आता है। जिसे पार्टी ने मुख्यमंत्री बनना तय किया है वही भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक दल का नेता चुना जाएगा। हो सकता है आने वाले समय में वसुंधरा राजे को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया जाए। फिलहाल तो वह पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनी हुई है। ऐसे में देखना होगा कि सरकार के गठन से पहले ही भाजपा में जो गुटबाजी पनपी है। उसे पार्टी मिटा पाती है या नहीं इसका पता तो आने वाले समय में ही चल पाएगा।

# नाविक गुरु

प्रेरक-प्रसंग

मगध के किसी गांव में एक ज्ञानी पंडित रहते थे। वे भागवत कथा सुनाते थे। गांव में उनका बड़ा सम्मान था। लोग महत्वपूर्ण विषयों पर उनसे ही विचार-विमर्श कर मार्गदर्शन लेते थे। एक बार पंडितजी को राजधानी से राज्य के मंत्री का बुलावा आया। पंडितजी गांव की नदी नाव से पार कर राजधानी पहुंचे। मंत्री ने उनका अतिथि सत्कार कर कहा- मैंने आपके ज्ञान की काफी प्रशंसा सुनी है। मैं चाहता हूं कि आप प्रतिदिन यहां आएं और मुझे तथा मेरे परिजनों को कुछ दिन भागवत कथा सुनाएं।

पंडितजी ने खुशी-खुशी स्वीकृति दे दी। अब पंडितजी प्रतिदिन नदी पार कर मंत्री को भागवत कथा सुनाने जाने लगे। एक



दिन जब पंडितजी नदी पार कर रहे थे तो एक घड़ियाल ने पानी से सिर बाहर निकालकर कहा- पंडितजी, आते-जाते मुझे भी भागवत कथा सुना दिया कीजिए, मैं आपको मोटी दक्षिणा दूंगा, यह कहकर उसने अपने मुंह एक हीरों का हार निकालकर पंडित को दिया।

पंडितजी हार देखकर भूल ही गए? कि उनको मंत्री के यहां कथा सुनाने जाना है तथा तब से वह घड़ियाल रोज उन्हें हीरे-मोती देता।

एक दिन नाव चलाने वाला नाविक उन्हें देखकर हंस पड़ा। पंडितजी ने हंसने का कारण पूछा तो वह बोला- मैं इसलिए हंस रहा हूं कि क्या आपने इतने शास्त्रों का ज्ञान सिर्फ एक घड़ियाल को उपदेश देने के लिए लिया है? आपके ऐसे ज्ञान की परिणति देख मुझे हंसी आ गई।

पंडितजी को अपने लोभी स्वभाव पर शर्म आ गई और फिर वे कभी घड़ियाल को कथा सुनाने नहीं गए।

साहित्य

# दुनिया के लिए चिंताजनक बनता चीनी निमोनिया !

क्या एक बार फिर चीन दुनिया के लिए खतरनाक बीमारी का उद्गम स्थल बन रहा है? भारत के पड़ोसी देश चीन में एक बार फिर हाहाकार मचा हुआ है. यहां रहस्यमयी निमोनिया कहे जा रहे इन्फ्लूएंजा वायरस के सब-टाइप एच9एन2 का कहर देखने को मिल रहा है. कई अन्य देशों में भी इस वायरस के केसेज सामने आ रहे हैं. इसकी चपेट में कोविड-19 महामारी से किसी तरह बचे रह गए छोटे बच्चे आ रहे हैं, ऐसे में चीन से आए कोरोना को झेलने के बाद भारत में इस बीमारी के संक्रमण लेकर भी खतरे की संभावना जताई जा रही है लेकिन क्या सचमुच अब भारत के बच्चों पर खतरा मंडरा रहा है? क्या यह बीमारी चीन के बाद अन्य देशों और अब भारत में फैलने जा रही है?एक बार कोरोना की बीमारी से करोड़ों जान गंवा चुका विश्व आज फिर इस सवाल के मुद्दे पर उलझ रहा है।



मनोज कुमार अग्रवाल
पत्रकार

**कोरोना 19 के रूप में चीन ने दुनिया को ऐसी बीमारी का संकट दिया जिस की आहे सदियों तक मानवीय समाज की रगो को दुखाती रहेंगी अब इन दिनों चीन में फैल रही रहस्यमयी बीमारी को लेकर एक बार फिर दुनिया के शीर्ष संगठन और देश परेशान हैं।**

दरअसल कोरोना 19 के रूप में चीन ने दुनिया को ऐसी बीमारी का संकट दिया जिस की आहे सदियों तक मानवीय समाज की रगो को दुखाती रहेंगी अब इन दिनों चीन में फैल रही रहस्यमयी बीमारी को लेकर एक बार फिर दुनिया के शीर्ष संगठन और देश परेशान हैं। कोरोना महामारी चीन से ही दुनिया भर में फैली थी, इस कारण दहशत का वातावरण अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन से लेकर अमेरिका, रूस जैसे देश भी चीन से इस वायरस को लेकर जानकारी मांग चुके हैं। लेकिन अब तक चीनी शासकों ने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया है। यह चीन की हद दर्जे की लापरवाही है।पूर्व में भी चीन ने ऐसा ही किया था विश्व स्वास्थ्य संगठन के तमाम गाइडलाइंस को धता बता कर कोरोना के मामले में भी चीनी सरकार ने दुनिया को अँधेरे में रखा था, नतीजा सबने भुगता।

दरअसल, चीन के उत्तर-पूर्वी इलाके में स्थित लियाओनिंग प्रांत और बीजिंग के बच्चों में निमोनिया के नए और हैरान करने वाले लक्षण देखे जा रहे हैं। बच्चों को तेज खांसी, बुखार और फेफड़ों में सूजन की समस्या हो रही है, जिससे इलाके के सभी अस्पताल लगभग भर गए हैं। इस बीमारी के प्रकोप को देखते हुए चीन के सभी स्कूलों को बंद करने का फैसला ले लिया गया है।चीन में फैल रही बीमारी खासतौर पर बच्चों को निशाना बना रही है, यह और चिंताजनक बात है। यह गंभीर और तीव्र सांस संबंधी बीमारी है या निमोनिया की नई किस्म अथवा कोरोना वायरस की ही नई नस्ल है, फिलहाल कुछ भी निश्चित नहीं है। चीन में औसतन 7000 मामले हर रोज सामने आ रहे हैं। यदि यह निमोनिया है और बच्चों में सांस संबंधी बीमारी बढ़ रही है, तो चिकित्सक इसे सामान्य अवस्था नहीं मान रहे। कोरोना वायरस के संदर्भ में भी चीन ने ईमानदार घोषणा नहीं की थी और लंबे अंतराल तक सिर्फ कयास ही लगते रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन आज तक इसकी पुष्टि नहीं कर पाया है कि कोरोना वायरस चीन की प्रयोगशाला में तैयार किया गया अथवा प्राकृतिक रूप से ही फैला था अथवा जैविक अस्त्र का कोई रूप था, पर वैश्विक महामारी का वह दौर अत्यंत भयावह और बेहद त्रासदी भरा था। भारत में ही 5.5 लाख मौतें हुई थीं। यह सरकारी आंकड़ा है हालांकि गैर सरकारी सूत्रों के अनुसार मृतकों की यह तादाद दस गुना अधिक थी । गैर- सरकारी संगठन और कुछ पश्चिमी देशों के बड़े अखबारों ने यह संख्या करीब 50 लाख आंकी थी। दुनिया में करोड़ों लोगों की मौतें हुई , उन आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए किसी के पास समय नहीं है , ध्यान रहें ऐसी महामारी एक सदी के बाद महसूस की गई।

जानकारी

# हथियारों का कोट



बूंदी के हथियारों का कोट एक ढाल थी जिसमें एक योद्धा को आग की लपटों से निकलते हुए दशार्या गया था, जो राजपूतों के शासक चौहान वंश की सृजन-किंवदंती को दशार्ता था जो कथित तौर पर आग से बनाई गई थी। ढाल के दोनों ओर धर्म या धार्मिकता का प्रतिनिधित्व करने वाली गायें हैं; इसे कटार पकड़े हुए हाथ से ताज पहनाया जाता है ।

बूंदी (मिठाई) (राजस्थानी : बूंदी, या बुंदिया (बंगालीः बुदारीया) मिठाई, तला हुई बेसन आटा से बना एक भारतीय मिठाई है। बहुत मीठा होने के कारण, इसे केवल एक हफ्ते तक ही संग्रहीत किया जा सकता है। राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में भोजन को संरक्षित करने की आवश्यकता के कारण, बूंदी लड्डू को प्राथमिकता दी जाती है। खारा या तीखा नामक एक स्वादिष्ट संस्करण भी है। बूंदी उत्तर भारत, दक्षिण भारत और पाकिस्तान में भी लोकप्रिय है। त्योहारों, विवाह, शुभ कार्यों और आम दिनों में भी इस का खूब इस्तेमाल होता है। बूंदी लड्डु बनाने के लिए, टली हुई बूंदी चीनी के शीरे में डुबोई जाती है।

# 5000mAँ बैटरी के साथ Infinix S13 8 HD लॉन्च

क्या ..Infinix ने भारतीय बाजार में Infinix Smart 8 HD स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। इस स्मार्टफोन में 6.6-इंच की IPS LCD HD+ डिस्प्ले दी गई है। 3GB RAM वाले इस स्मार्टफोन में साइड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है। इस स्मार्टफोन में 13 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा दिया गया है। यहां हम आपको Smart 8 HD के फीचर्स और कीमत के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



**Infinix Smart 8 HD की कीमत**

कीमत की बात की जाए तो Infinix Smart 8 HD के 3GB RAM और 32GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 6,299 रुपये है। इंट्रोडक्टरी डिस्काउंट के तहत स्मार्टफोन को 5,699 रुपये में खरीदा जा सकता है, जिसके लिए Axis Ban‘ कार्ड से 10% इंस्टेंट शामिल है। इस स्मार्टफोन की बिक्री ई-कॉमर्स साइट फ्लिपकार्ट पर 13 दिसंबर से शुरू होगी। यह स्मार्टफोन Crystal Green, Shiny Gold, Timber Black और Galaxy White कलर ऑप्शन में उपलब्ध है।

**Infinix Smart 8 HD के स्पेसिफिकेशंस**

Infinix Smart 8 HD में 6.6-इंच की IPS LCD dडस्प्ले दी गई है, जिसका रिफ्रेश रेट 90Hz, टच सैंपलिंग रेट 180 और अधिकतम ब्राइटनेस 500 निट्स तक है। Smart 8 HD में 5000mAh की बैटरी दी गई है जो कि 10W चार्जिंग का सपोर्ट करती है। इस फोन में साइड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है। कनेक्टिविटी ऑप्शंस में 4G LTE, ब्लूटूथ 5.0, ड्यूल बैंड-वाईफाई, जीपीएस सपोर्ट शामिल है। इस फोन में UniSOC T606 SoC के साथ Mali G57 GPU शामिल है। यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 गो एडिशन पर बेस्ड OS 13 कस्टम स्किन पर काम करता है। कैमरा सेटअप की बात करें तो इस स्मार्टफोन के रियर में 13 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और एआई सेंसर दिया गया है। वहीं फ्रंट में 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा शामिल है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"कुछ लोग लोगों की नजरबंदी और गिरफ्तारी की अफवाह फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं यह बात पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक कारणों से किसी को भी न ही नजरबंद किया गया है और न ही किसी को गिरफ्तार किया गया है।"

मनोज सिन्हा
जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल





"लव एक्सप्रेस का सफर एक शानदार अनुभव रहा है और इसमें हमें बहुत ही आनंद की अनुभूति हुई है, हमें यह पूरा भरोसा है कि दर्शकों को भी इस लव एक्सप्रेस के सफर में बहुत आनंद मिलेगा।अंजना सिह ने बताया कि लव एक्सप्रेस की यात्रा काफी रोमांच से भरपूर रही है और हम सबने इसका जमकर मजा उठाया है ।"

आनन्द ओझा
भोजपुरी सिनेमा की अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## भारत की बढ़ती ताकत का बखूबी अंदाजा बरपा

धर्म के नाम पर भारत पाकिस्तान का विभाजन हुआ।भारत ने पाकिस्तान से इन 75 सालो में बहुत कुछ सहन किया है।विभाजन की त्रासदी पाकिस्तान और भारत के जेहन में है।भारत बर्दास्त नही कर सका।भारत पाकिस्तान के संघर्ष के दौरान निर्दोष लोगों की जान गई है।हुक्मरानों को इससे कोई फर्क नही पड़ता है।कश्मीर की वादियों में जहर घोलने में पाकिस्तान ने कुछ बाकी नही रखा।बेनजीर भुट्टो तक का सफर भारत के लिए बेहतर था।उसके बाद प्रधानमंत्री आए उन्होंने कश्मीर पर सियासत कर मतदाताओ को अपने पाले में किया गया।सीमापार आतंकी भेजने वाले पाकिस्तान को अब भारत की याद आने लगी है।नवाज के कार्यकाल में दो भारतीय प्रधानमंत्री ने दौरा किया था।अटल बिहारी वाजपेयी लाहौर बस लेकर गए थे।लेकिन कोई परिणाम नही निकला।नवाज ने प्रधानमंत्री मोदी की भी अगवानी की थी।एक बार तो मोदी सीधें नवाज के घर पहुंच गए,वहां उनके घर पर विवाहोत्सव का आयोजन किया गया था।भारत के साथ पाकिस्तान ने कभी रिस्ते सुधारने की बात नही की ।सिर्फ बातचीत की गुहार लगाता रहा।पाकिस्तान की इकोनॉमी ठीक थी तब तक भारत को आंख दिखाने लगता था।विदेशी भंडार खत्म होते ही पाकिस्तान की दशा बिगड़ने लगी।आज वर्तमान में पाकिस्तान की हालत खराब है।पाकिस्तान में आगामी फरवरी में चुनाव होने है।नवाज भारत से बेहतर रिस्ते बनाना चाहते है । भारत की बढ़ती ताकत से पाकिस्तान की हवा निकल गई है।बिलावल भुट्टो पीएम के सेलेक्शन पर जोर दिया।जबकि मरियम ने भारपूर्वक कहा कि कोई भी लेवल प्लेइंग फील्ड की बात नही करे।भारत का बखान करते नवाज थकते नही है।लेकिन पाकिस्तान का भारत तो क्या दुनिया मे कोई भरोसा नही करता है।कथनी और करनी पाकिस्तान की एक समान नही है।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### दिनदहाड़े मोटरसाइकिल की चोरी

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के सांढ गांव से बीते रविवार को दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत बड़कागांव थाना में दी गई है। इस संबंध में ग्राम महुदी निवासी रघु राणा पिता कोल्हा राणा द्वारा बड़कागांव थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि 10 दिसंबर 2023 को ग्राम सांढ मेन रोड स्थित एमके फर्नीचर दुकान के पास से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के जेएच 02एटी 7900 की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा दिनदहाड़े कर ली गई है।

## सिटी अपडेट्स >>

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**पीरटांड़ :**पीरटांड़ प्रखंड के सिमरकोढी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू,बीडीओ मनोज कुमार मरांडी, 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष महेश मरांडी, पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इस बीच विधायक, बीडीओ,सहित सम्बंधित अधिकारियों ने लोगों के बीच सरकारी परिसंपत्तियों का वितरण किया। जिसके बाद उपस्थित विधायक एवं पदाधिकारियों ने प्रखंड एवं अंचल के विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर स्टाल में उपस्थित कर्मियों को शिविर में उपस्थित लाभुकों का सहयोग करने का निर्देश दिया। कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग को समाज की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ही कार्यक्रम कर रही है। कार्यक्रम में सभी विभागों के द्वारा विभागवार स्टॉल लगाए गए थे। जहां लोगों के आवयश्कता अनुसार आवेदन लिए जा रहे थे। कार्यक्रम में ब्लॉक से सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के पंचायत सचिवालय में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम सभा किया गया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच 180 कंबल वितरण किया गया। ठंड के प्रकोप के देखते हुए सरकार के निर्देश अनुसार सभी लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया नीलम देवी ने कहा अचानक ठंड बढ़ जाने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सरकार को चाहिए कि कंबल वितरण का जो कोटा है बढ़ाना चाहिए। बहुत से जरूरतमंद छूट जाते हैं। वितरण कार्यक्रम में मुखिया नीलम देवी, पंचायत समिति सदस्य सुमिया देवी, उप मुखिया पार्वती देवी, पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश,वार्ड सदस्य नजमा खातून, देवंती देवी सोनमती देवी, प्रमिला देवी, पूनम देवी,मिनेश शर्मा, रमेश रविदास, संजीत कुमार, मौके पर पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप,पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर दास, मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, युवा नेता नागेश्वर रजक, समाजसेवी लतीफ अंसारी, धीरेंद्र कुमार यादव, अनिल पंडित, कैलाश प्रजापति चुरामन रजक, सुरेश रजक, राजेश यादव, दीपक यादव उपस्थित थे।

### पंचायत अध्यक्षों को उपलब्ध कराया गया कंबल

**बड़कागांव :** बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के नए प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने प्रखंड के सभी 23 पंचायतो में वृद्ध महिला पुरुष व जरूरतमंद लोगों के लिए 405 कंबल उपलब्ध कराया। यह कंबल वितरण के लिए सभी पंचायत अध्यक्ष व सचिव को सौंपा गया। प्रखंड अध्यक्ष ने सभी पंचायत अध्यक्ष व सचिव को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द आम गरीब जरूरतमंद वृद्ध महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण कर दिया जाय, ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके।

**विवाह समारोह**

### शुभ कार्य में भागीदार बनेंगे मनीष जायसवाल

# 14 दिसंबर को 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**वर-वधू को भेंट करेंगे टोटो समेत घर बसाने के कई उपहार**



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल बतौर जनप्रतिनिधि सदैव आमजनमानस की मदद के लिए कुछ अनोखा करने की कोशिश में जुटे रहते हैं। इसी कड़ी में वह 14 दिसंबर 2023 को 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराएंगे। विवाह मंडप का स्थल होगा डीपीएस शंकरपुर का विशाल प्रांगण और यह भव्य आयोजन सामूहिक विवाह समारोह की शुरूआत सुबह 10:00 बजे से होगी जो सूर्यास्त से पूर्व संपन्न होगा। वहां न सिर्फ वर-वधू एक-दूजे का दामन थाम जिंदगी के सफर को आगे बढ़ाएंगे, बल्कि सुखद दांपत्य जीवन के आरंभिक चरण में उन्हें सदर विधायक की ओर से भरपूर सहयोग भी मिलेगा। एक तो शादी का बीड़ा भी सदर विधायक ने ही उठाया है। तो उनकी गृहस्थी की शुरूआत कराने की जिम्मेवारी भी ली है। उनका उद्देश्य है कि गरीब युवा गृहस्थी में उलझकर बेरोजगारी का दंश न झेलें, बल्कि रोजगार से जुड़कर नए जीवन का आरंभ उल्लास, खुशी और सुखमय तरीके से करें। इसी परिकल्पना के तहत उन्होंने इन नवदंपतियों को उपहार में टोटो समेत गृहस्थी से जुड़े कई सामान बतौर सौगात भेंट करेंगे। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल अपने क्षेत्र में इस अनोखे परोपकार के इकलौते ऐसे सूत्रधार हैं, जिन्होंने न सिर्फ गरीब युवक-युवतियों को परिणय सूत्र में बांधने की पहल की, बल्कि उनके रोजी-रोजगार की व्यवस्था भी की। इस संबंध में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल कहते हैं कि उन्होंने पहली बार एक छोटी-सी शुरूआत की है। उनकी कोशिश होगी कि इस शुभ कार्य में वह साल-दर-साल भागीदार बनें। उन्होंने यह भी कहा की हमारी कोशिश है की जीवन बसे भी और चले भी। समाज के अन्य सक्षम लोगों से भी उन्होंने ऐसे पुनीत और मानवीय कार्यों के लिए आगे बढ़ने का अपील किया ।विधायक मनीष जायसवाल ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मिलकर उन्हें इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया है। उनके अलावा अन्य कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। डीपीएस स्कूल मैदान में आयोजित होनेवाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां जोरों से चल रही है। टेंट, पंडाल और मंडप बनाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

**दूल्हा-दुल्हन को कई सामान देने की है योजना**

सामूहिक विवाह समारोह में दूल्हा-दुल्हन को गृहस्थी के कई सामान देने की योजना है। बेरोजगारों को टोटो भेंट करने या जो पूर्व से रोजगार से जुड़े हैं। उन्हें बाइक या फिर दुल्हन के नाम से एफडी भेंट करने के साथ सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान सहित कई उपहार भी देने की योजना है।

## न्यूज फटाफट

### आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में 189 मामलों का हुआ निष्पादन

**बड़कागांव :**बड़कागांव प्रखंड के हरली पंचायत भवन में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार शिविर का आयोजन मुखिया कविता देवी की अध्यक्षता में की गई। शिविर का संचालन प्रखंड को ऑर्डिनेटर आशीष कुमार एवं कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर का मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। सिविल को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार विकास योजनाओं का झारखंड में गंगा बह रही है। सड़क, पुल, पुलिया, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा अंतिम लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा कई ऐसे भी योजना है। जो लोगों को लाभ दी जा रही है। शिविर में कुल 817 मामले आए जिसमें ऑन द स्पॉट 187 मामले निष्पादन किए गए। जबकि 630 मामले को संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। इसमें 512 अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन 21,पशु शेड 82,बिरसा सिंचाई कूप 12, धोती साड़ी योजना से 70 वितरण किया गया,वहीं कंबल वितरण 20, स्वास्थ जांच एवं दवा वितरण 62,नेत्र जांच 2, सावित्रीबाई फुलो योजना 4, किसान क्रेडिट कार्ड 1,आधार के लिए 20 अन्य आवेदन प्राप्त हुआ।मौके पर जिप सदस्य सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य कौशिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि सुरेश महतो, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार, संतोष राणा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज,प्रखंड कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, बीपीओ हीरो महतो,अरुण पासवान, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका रुखसाना परवीन पवन कुमार,आनंद कुमार,विवेक कुमार,सुबोध कुमार सिंह,सहिया साथी,सहिया दीदी,आंगनबाड़ी सेविका सहित स्वास्थ्यकर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

# प्रणव दा को दी गई श्रद्धांजलि




राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** दीनबंधु उच्च विद्यालय के रवीन्द्र सभागार में भारत के 13 वें राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी 88 वीं जयंती मनाई गई। जहां मुख्य अतिथि के रूप में आर मित्रा+2 उच्च विद्यालय के प्राचार्य कार्तिक प्रसाद तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में संत माईकल एंगलों ग्रुप के चेयरमेन सह सचिव केरला शिक्षण संस्थान के डॉ जेसी राज एवं वेस्को चेयरमेंन सह योग माया मानवोत्थान ट्रस्ट के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह देव, विद्यालय के सचिव डॉ धर्मपद वॉल, विद्यालय के प्रधानाध्यापक काजल कांति सिकदार, शिक्षक-शिक्षिका के रूप में सुनील कुमार सूर, जितेन्द्र कुमार चन्द्र, मुनेश्वर प्रसाद,यादव, मनीषा घोष, उदय कुमार मंडल, भारती कुमारी, सुदिप्ता चक्रवर्ती आदेशपाल के रूप में विकास कुमार दास, राजु कुमार उपस्थित थें। मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव, प्रधानाध्यापक अन्य अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं के द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कोई भी महापुरूषों की जयंती अनुशासित ढंग से पालन करने के साथ-साथ उनके बताए हुए राह पर चलकर हमलोगों को अच्छा और एक जवाबदेह नागरिक बनने का कोशिश करना होगा। तभी देश तरक्की कर सकता है। विशिष्ट अतिथियों, अतिथियों एवं सचिव ने भी अपना-अपना विचार व्यक्ति किए। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया। मंच संचालक शिक्षक जीतेन्द्र कुमार चन्द्र ने किया। राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अतिक्रमण के कारण घंटों जाम रहा एंबुलेंस




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव चौक में एक काले रंग के स्कॉर्पियो के कारण घंटे सड़क जाम रहा इस कारण बड़कागांव का एंबुलेंस एवं कई अतिक्रमण के चलते मुख्य चौक से लेकर बाजार तक लगी रहती है। घंटे तक जाम इस चौक से पदाधिकारी से लेकर राजनेता तक आते जाते हैं। किसी को ध्यान नहीं होता है। कि अतिक्रमण पर काबू पाया जाए प्रशासन मुख दर्शन बने हुए हैं। स्कूलों के स्कूल बस जाम में फंसे रहे। एंबुलेंस दो मरीजों को बड़कागांव अस्पताल से हजारीबाग अस्पताल ले जा रहा था। स्कूल बस में बैठे बच्चे भी जाम से परेशान दिखे। सोमवार को 3:30 एक काले रंग की स्कॉर्पियो आदर्श मध्य विद्यालय के सामने सड़क में एक-डेढ़ घंटे से खड़ी थी। त्रिवेणी सैनिक माइनिंग कॉल लिमिटेड के मजदूरों को ले जाने वाली एक ही साथ चौक में 3 बसें आ गई थी। इस कारण बड़कागांव चौक में ट्रैफिक जाम हो गया। इस जाम में संगम पब्लिक स्कूल, बीएम मेमोरियल स्कूल सेंट्रल पब्लिक स्कूल ज्ञानोदय विद्यालय समेत कई स्कूलों के बेस जाम में फंस गई बस में बैठे बच्चे काफी घबराए हुए थे। जिस स्कॉर्पियो से सड़क जाम था। उस स्कॉर्पियो को सड़क से हटाने के लिए चालक को खोजा रहा था। लेकिन चालक नजर नहीं आ रहा था। बड़कागांव में इस तरह सड़क जाम आए दिन होते रहता है। सबसे ज्यादा दिन भर पर त्योहारों के दिन सड़क जाम होता रहता है। सड़क जाम होने का मुख्य कारण त्रिवेणी सैनिक लिमिटेड के कई बसें एक साथ आना सड़क के दोनों ओर नाले को सड़क सटाकर निर्माण करवाया जाना, बड़कागांव हजारीबाग रोड टंडवा रोड एवं बादम रोड में सड़क के किनारे अतिक्रमण कर दुकान खोलना है। पूर्व मुखिया बिशुन रजक, पवन सोनी बरवाडीह निवासी सिपाही उमेश साव एंबुलेंस में बैठे तड़पते मैरिज को देखकर काफी भावुक हो उठे हैं। एवं एंबुलेंस को हजारीबाग जाने के लिए रास्ता क्लियर करवा कर एंबुलेंस को हजारीबाग रवाना करवाया। एंबुलेंस के बाद भी लगभग आधा घंटे तक सड़क जाम रहा।

# देवघर में शुरू होगा मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** जिला परिवहन पदाधिकारी देवघर, शैलेन्द्र कुमार रजक ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं जिले के सभी बस संचालकों के साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना से संबंधित बैठक की.इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के मार्गों का चयन करने को लेकर बस संचालकों संग विचार-विमर्श किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र में रह रहे लोगों को शहर से जोड़ने व आवागमन की बेहतर व्यवस्था करने के उद्देश्य से यह योजना की शुरूआत की जा रही है.उन्होंने कहा कि रुट निर्धारण इस तरह से किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शहर के स्कूल, कॉलेज,साप्ताहिक हाट,रेलवे स्टेशन व अस्पताल आने में कोई परेशानी न आए ये साथ ही इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक, झारखंड आंदोलनकारी,दिव्यांग और विधवा को बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। निर्धारित रूटों पर बस संचालित करने वाले बस संचालकों को वाहन खरीद पर सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही परमिट और फिटनेस शुल्क पर भी रियायत दी जायेगी। इस योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के तहत मात्र 1 रुपए के शुल्क में मार्ग कर,परमिट शुल्क,वाहन निबंधन शुल्क देना होगा। इस दौरान बैठक में डीटीओ,अग्रणी बैंक प्रबंधक, एवं बस एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे।

# फिट इंडिया सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :**हजारीबाग एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय,बिनोवाभावै, हजारीबाग में युवा मामले और खेल मंत्रालय के अंतर्गत एवं खेल विभाग के निर्देश में अभिभावक शिक्षक बैठक कार्यक्रम की शुरूआत अभिभावकों, प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापकों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शशिकांत यादव ने अभिभावक शिक्षक बैठक कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कहां कि अच्छे स्वस्थ जीवन के लिए फिटनेस जरूरी है। स्वास्थ्य के बिना पेशेवर जीवन की गतिविधियों को सकारात्मक दृष्टिकोण नहीं प्रदान किया जा सकता अतः भारत को फिट बनाने की दृष्टि से सभी लोगों को प्रोत्साहित एवं जागरूक करते रहने की आवश्यकता है। तत्पश्चात अमित सिंह सहायक प्राध्यापक सह समन्वयक-आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने अभिभावक -शिक्षक बैठक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को चुस्त-दुरुस्त (फिट) रहने के लिए अपने दिनचर्या में प्रत्येक दिन 30 मिनट व्यायाम को सम्मिलित करना चाहिए और अभिभावकों ने फिटनेस से संबंधित कई सवाल किए जिसका सही जवाब एवं समस्या के निदान हेतु उचित सुझाव दिए। सहायक प्राध्यापक पंकज कुमार, संजय कुमार डॉ. सुषमा कुमारी, डॉ.कुमारी सुभ्रा रानी सिल, कुणाल कुमार यादव, श्रीमती श्वेता कुमारी, श्रीमती मंजरी कुमारी आदि ने बारी बारी से फिटनेस से संबंधित सवालों का संजीदगी से जवाब दिया। अभिभावक -शिक्षक बैठक कार्यक्रम के अंतर्गत शारीरिक शिक्षक रविकांत मणी ने फिट इंडिया की सामूहिक रूप से शपथ दिलवाकर एवं राष्ट्रीय गान कराकर अभिभावक -शिक्षक बैठक कार्यक्रम समापन की घोषणा किए।

**कैम्प**

### बिरहोर बच्चों के बीच टॉय डिस्ट्रीब्यूशन कैम्प का किया आयोजन

# बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने का माध्यम बनेगा टॉय डिस्ट्रीब्यूशन कैम्प : रोहित सिंह

राष्ट्रीय खबर



**बरही :**बरही श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल ने खोराहार केवाल स्थित बिरहोर टोला में टॉय डिस्ट्रीब्यूशन कैम्प का आयोजन किया। खिलौना वितरण के क्रम में स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने बिरहोर बच्चों के बीच जाकर खौलानों का वितरण किया। स्कूल प्रबंधन द्वारा बिरहोर बच्चों के साथ बैठकर बच्चों को खेल खेल में पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहन भी किया। बिरहोर बच्चों को पढ़ाई के फायदे से अवगत कराया। उपस्थित सभी बच्चों को खिलौने और पढ़ाई से संबंधित किताब कॉपी का वितरण करने पर बच्चों में खुसियाँ देखी गई। स्कूल के बच्चे अति पिछड़ा बिरहोर टोला के बच्चों के साथ अपनी खुशियां साझा की। इस दौरान श्रीदस के बच्चों ने समाज से वंचित बच्चों को खेलने की सामग्री के अलावा पढ़ने के सामग्री और चॉकलेट्स भेट की। टॉय ड्राइव कैम्प को लेकर स्कूल प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि श्रीदस स्कूल सामाजिक और व्याहारिक कार्यों में बच्चों की सहभागिता पर भी ध्यान देता है। टॉयज ड्राइव कैंप का मकसद था कि बच्चें आपसी भाईचारा सीख सकें और वंचित लोगों के लिए दया की भावना और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए अपना योगदान को जान सकें। वहीं देख सकें और जान सकें कि आज भी समाज में ऐसी समुदाय है जो सामाजिक फायदें से वंचित है। उन्होंने कहा कि टॉय ड्राइव से बिरहोर बच्चों में पढ़ाई के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। यह अभियान बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

वहीं स्कूल शिक्षक अमरजीत पांडे ने स्कूल प्रशासन को आभार जताते हुए बताया कि स्कूल की ऐसी ड्राइव कैंप का आयोजन करना अति सराहनीय है। इससे बच्चें सामाजिक वातावरण से परिचित होते हैं। इन्होंने वनवासी बिरहोर समाज के बारें में बताते हुए कहा कि झारखंड में विरहोर समाज की जनसंख्या दिन प्रति दिन घटते जा रही है और लगभग 15000 के करीब इनकी जनसंख्या बचा हुआ है। अति पिछड़ा होना और समाज से कटे रहने के कारण इनका औसत जीवन करीब 50 वर्ष है। और आज स्कूल के बच्चें इनके साथ खिलौने और कॉपी किताब देकर अपनी खुशियां व्यक्त की। इस दौरान कक्षा 9 वीं की छात्रा सिमरन ने बताया कि हमें यहां आकर और इन बच्चों के साथ मिलकर अच्छा लगा।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष लालचंद महतो ने किया बैठक



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़ :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तैयारी में जुटे पूर्व ऊर्जा मंत्री सह बहुजन सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालचंद महतो। सोमवार को पीरटांड प्रखंड में अपने कार्यकताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया।जिसकी अध्यक्षता विजय महतो तथा संचालन जितेन्द्र महतो ने की।बैठक में अपने कार्यकताओं से बात करते हुए पूर्व ऊर्जा मंत्री ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा ओर उन्होंने कहा देश में बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार बेरोजगारी की जन्मदाता भाजपा की सरकार है, आज मंहगाई चरम सीमा पार कर चुकी है, उन्होंने वर्तमान सांसद पर तंज कसते हुए उन्हें ईद का चांद बताया जो अपने लोकसभा क्षेत्र का ठीक से भ्रमण ना किया हो वो विकास क्या करेगा, उन्होंने कार्यकताओं को मजबूती से तैयार रहने और एनडीए गठबंधन से बने सांसद को हटाना जैसे नारों से कार्यकताओं को उत्साहवर्धन किया।

प्रदेश >> अपडेट

### विवाहिता ने खाई कीटनाशक

**हेरहंज:** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुरनी हेरहंज की एक महिला ने यूरिया खाद्य खायी स्थिति खराब।जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि पुरनी हेरहंज निवासी कमलेश गंझू की पत्नी पुष्पा देवी ने सोमवार की सुबह करीब आठ बजे घर में रखे यूरिया खाद को खा ली जिससे उक्त महिला की स्थिति बिगड़ गई और बेहोश हो गई।इसके बाद परिजन व ग्रामीणों की सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेरहंज लाया गया जहां स्थिति को बिगड़ते देख सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया हालांकि कारण का पता नही चल पाया है।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कांग्रेस का दामन थामा, मंत्री ने किया स्वागत

**पाकुड़ :** कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के कार्यशैली से प्रभावित होकर वंश राज गोप के नेतृत्व में 29 से 30 कार्यकर्ता आजसू और भाजपा को छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। मंत्री आलमगीर आलम ने सभी को कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर सभी समर्थकों का माला पहना कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का कांग्रेस में स्वागत है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कुमार सरकार, जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद, प्रखंड अध्यक्ष मनसारुल हक, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, देबू विश्वास, पियारूल इस्लाम, रामविलास महतो, बसीर शेख,बिलाल शेख, आमिर हमजा, नईम शेख सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### इस्लामपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे मंत्री

**पाकुड़ :** झिकरहटी पूर्वी पंचायत के इस्लामपुर में 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम के जनता दरबार में सरकारी योजनाओं का लाभ गरीब, वृद्ध महिलाएं व पुरुषों तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। जिला प्रशासन की ओर से पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने निकाला आक्रोश मार्च

**पलामू:** राजपूत करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की कायराना हत्या के खिलाफ राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की झारखंड प्रदेश ईकाई ने आक्रोश मार्च निकाला। मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय से लेकर चंद्रशेखर आजाद चौक तक सैकड़ों सनातनियों ने विरोध प्रदर्शन किया। एवं हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी देने की मांग की। इस दौरान क्षत्रिय महासभा, सनातन धर्म सभा, करणी सेना ने भी आक्रोश मार्च का समर्थन किया है। मौके पर राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण हित की बात करने वाला क्षत्रिय नहीं बल्कि सनातनी है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या नहीं सनातन की राह में शहादत हुई है। जिनके हत्यारों को सरकार सीधे फांसी दे। साथ ही बताया कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी सनातन धर्म का रक्षा करने एवं समाज को एकसूत्र में पिरोने की जिम्मेदारी निभाने के लिए कृतसंकल्पित है। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के कार्यालय का दरवाजा सनातनियों के लिए खुला है। जो सनातनियों पर प्रहार करेगा, उसका युवा वाहिनी संहार करेगा।

---

## बिहार के आईपीएस अमित लोढ़ा का कानून से नहीं छूट रहा है पीछा

# विशेष निगरानी इकाई में तीन घंटे पूछताछ

- वेब सीरीज खाकी के चर्चा में आए थे लोढ़ा
- उनके मददगार भी इनदिनों परेशानी में हैं
- करोड़ों रुपये खर्च हुए थे इसे बनाने में

**दीपक नौरंगी**




**पटना:** 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी अमित लोढ़ा पर दिन व दिन कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में विशेष निगरानी इकाई ने उनसे लगभग तीन घंटे तक पूछताछ की। बताया जाता है कि 7 दिसंबर को आईजी अमित लोढ़ा दिन में 11:00 बजे विशेष निगरानी इकाई के कार्यालय पहुंचे वहां अनुसंधानकर्ता द्वारा उनसे करीब कई बिंदुओं पर जानकारी ली गई है पुलिस मुख्यालय में बैठे उनके मददगार अधिकारी भी इस कार्रवाई से शख्ते में है। वैसे अधिकारियों का भी पसीना छूट रहा है जो पर्दे की आढ में रहकर अमित लोढ़ा की मदद कर रहे थे।

अमित तब चर्चा में आए जब उन्होंने करोड़ों रुपए से अधिक खर्च कर वेब सीरीज दी बिहार चैप्टर बनाई थी। इसे बनाने में उनकी भूमिका सीधे तौर पर नहीं है। लेकिन इसे बनाने वाली कंपनी मलिक के साथ उनके संबंध उजागर हुए हैं। आईपीएस की पत्नी के भी खाते में लेनदेन की बात सामने आई है। इन सभी पहलुओं की जांच एसबीयू व कर रही है। उन्हें 7 नवंबर को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया था। लेकिन वे उसे दिन उपस्थित नहीं हुए। सात दिसंबर को वे पूछताछ के लिए कार्यालय में उपस्थित हुए। तो आईपीएस में कमरे में एक खलबली मची बताया जाता है कि आईपीएस अधिकारी अमित लोढ़ा प्रभावशाली आईपीएस अधिकारी में इनकी गिनती होती है पटना के राय दारोगा पद स्थित एसबीयू कार्यालय में उनसे लगभग तीन घंटे तक पूछताछ की गई। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर कई सवाल पूछे गए। वेब सीरीज के लिए करोड़ों रुपए इंतजाम करने के संबंध में भी उनसे पूछताछ की गई। अमित लोढ़ा पर सरकारी पद का दुरुपयोग करने का भी मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर भी कई सवाल उठाए गए। उन्होंने कुछ सवालों का लिखित जवाब दिया कुछ का मौखिक। सारे सवाल जवाब को रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

हालांकि पूछताछ के दौरान लोढ़ा ने अपने ऊपर लगे सारे आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने जांच एजेंसी को यह भी सलाह दी की पूरे मामले की जांच वे नए सिरे से करें। उन्होंने गया में आईजी रहते हुए अपने ऊपर लगे पद के दुरुपयोग करने के मामले को भी खारिज कर दिया। सूत्रों ने बताया कि आईपीएस रहते हुए उन्होंने बिना सरकार से अनुमति लिए मुनाफे का व्यापार किया। वो भी एक अपराध है। शुरूआती जांच में इनके ऊपर लगाए गए आरोप सही पाए गए। इस कारण इन्हें पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया था। उधर सूत्रों का कहना है कि लोढ़ा के पक्ष में पॉलिटिकल व विभागीय लॉबी मजबूत है। यही कारण है कि इनके विरुद्ध चल रही कार्रवाई में बीच-बीच में विराम लग जाता है। अब देखना है कि विशेष निगरानी इकाई ने अपने जांच पड़ताल में कहां तक सफल हो पाती है। वही इस जांच की उद्वेदन का लोगों को बेसब्री से इंतजार है।

---

**विरोध** सूबे में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा के कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

# राज्य सरकार भ्रष्टाचार को दे रही बढ़ावा : अमृत पाण्डेय

- कोयला घोटाला,टू जी,नेशनल हेराल्ड जैसे घोटाले कांग्रेस ने किए हैं
- राष्ट्रीय स्तर के नेताओं में कंपटीशन सी लग गई है

**राष्ट्रीय खबर**



**पाकुड़:** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर से छापेमारी में भारी मात्रा में मिले नगदी तथा राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई के द्वारा शहर के गांधी चौक में भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए नुक्कड़सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़सभा में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री मिस्त्री सोरेन, शर्मिला रजक, अनुग्राहित प्रसाद साह,दुर्गा मरांडी, दानियल किस्कु, बाबूधन मुर्मू,हिसाबी राय, दिलीप कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकताओं मौजूद थे। नुक्कड़सभा में भाजपा कार्यकताओं ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्य सरकार समेत कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद पर जमकर निशाना साधते हुए नारेबाजी किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।उन्होंने धीरज साहू मामले में ईडी से जांच कराने की मांग की और कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस और भ्रष्टाचार का इतिहास रहा है।कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के मामले ने झारखंड को बदनाम किया है।उन्होंने कहा कि 300 करोड़ नगद रुपए का मिलना कांग्रेस के इतिहास को दोहराया है।बैंक के लॉकर में भी शायद एक साथ इतनी राशि ना मिले।भाजपा प्रदेश मंत्री मिस्त्री सोरेन ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह की सरकार तक भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े मामले उजागर हुए हैं।कोयला घोटाला,टू जी,नेशनल हेराल्ड जैसे घोटाले कांग्रेस ने किए हैं। नेशनल हेराल्ड में सोनिया गांधी और राहुल गांधी जमानत पर है। उन्होंने कहा कि अब तो कांग्रेस की हालत यह हो गई है कि भ्रष्टाचार के मामले में राज्य स्तर के नेता और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं में कंपटीशन सी लग गई है।आम जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में कंपटीशन हो रहा है।

---

## कांग्रेस से जुड़े होने के कारण धीरज साहू का नाम किया जा रहा प्रचारित:आलम



**एजेंसियां**

**पाकुड़ :** ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम ने धीरज साहू मामले में कहा कि कांग्रेस से जुड़े होने के कारण धीरज साहू के नाम को ज्यादा प्रचारित किया जा रहा है। इस पर न तो वे उनके बचाव की बात करेंगे न कोई टिप्पणी. अखबारों के माध्यम से रुपये बरामद होने की जानकारी मिल रही है। अब तक कोई अधिकारिक जानकारी नहीं है। आयकर अपना काम कर रही है, बाद में कानून अपना काम करेंगी भाजपा का काम ही कांग्रेस के खिलाफ बोलना है। कांग्रेस पार्टी के कार्यलय में प्रेस वार्ता के दौरान ग्रामीण विकास मंत्करी ने कहा कि तीन राज्यों में कांग्रेस की हुई हार पर निश्चित तौर पर उनकी हार हुई है, लेकिन आज भी देश की जनता भाजपा से ज्यादा कांग्रेस को पसंद करती है. अगर छत्तीसगढ़, राजस्थान व मध्यप्रदेश में कुल मतों का हिसाब करें तो को जहां 4 करोड़ 90 लाख मतदाताओं ने वोट किए है। जिसमें भाजपा को 4 करोड़ 81 लाख ने वोट किया है. कहा कि उनकी पार्टी हारी जरूर है, पर हार से निराश नहीं हुई है। कार्यकताओं से भी अपील है कि अपने को ऊंचा बनाए रखें निःस्वार्थ भाव से अपना काम रहें, निश्चित तौर पर आने वाले समय इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी उन्होंने कहा कि भाजपा की गारंटी कभी पूरी नहीं होती हैं। कांग्रेस जो गारंटी देती है, उसे पूरा करती है. 2014 में भाजपा वालों ने कहा था कि सरकार बनने पर हर साल पांच करोड़ लोगों को रोजगार से जोड़ेंगे, परंतु आज भी बेरोजगारी चरम पर है।

## आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** जिले के दो प्रखंड के दो पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में शिविर आयोजित कर लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनों की जानकारी दी गई। लोगों से शिविर में ही आवेदन प्राप्त कर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। इस दौरान सदर प्रखंड के जमशेरपुर पंचायत, महेशपुर प्रखंड के छक्कूधारा पंचायत एवं नगर परिषद के वार्ड नंबर 14 में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में आमजन बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी अपनी समस्या से पदाधिकारियों को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही पदाधिकारियों ने आमजनों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी और योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ-साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां का वितरण किया गया। लाभुकों को कंबल और धोती साड़ी का वितरण के अलावा स्कूली छात्राओं के बीच साईकिल वितरण योजना व सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की स्वीकृति पत्र दी गई। शिविर में अबूआ आवास, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना सहित विभिन्न योजनों की जानकारी देते हुए लाभ दिया गया।

---

**इवेंट** मेगा लकी ड्रॉ मे चुने गए 10 लक्की ग्राहक

# प्रथम विजेता को मिला इलेक्ट्रिक स्कूटी

- दिवाली से लक्की ड्रॉ स्कीम चलाया जा रहा था
- 10 भाग्यशाली विजेताओं का नाम का कूपन निकाला गया

**राष्ट्रीय खबर**



**बेरमो /जरीडीह बाजार :** रविवार की देर शाम जरीडीह बाजार में बेरमो कोयलांचल के सुप्रसिद्ध इलेक्ट्रॉनिक शोरूम न्यू भाटिया डिश सेंटर ने जरीडीह बाजार झंडा चौक मैदान में दिवाली लक्की ड्रॉ इवेंट का आयोजन किया। यहां 10 भाग्यशाली विजेताओं का नाम का कूपन निकाला गया। जिसमें प्रथम मेगा पुरस्कार इलेक्ट्रिक स्कूटी खासमहल निवासी ऐनुल हक कूपन नंबर 350 को निकला। वहीं द्वितीय पुरस्कार फ्रिज जरीडीह बाजार निवासी कुमार अविनाश जिनका कूपन नंबर 512 है। तीसरा पुरस्कार वाशिंग मशीन कसमार निवासी मोहम्मद सफीक अंसारी कूपन नंबर 436। चौथा पुरस्कार मोबाईल जरीडीह बाजार बाजार निवासी तरनप्रीत सिंह कूपर नंबर 659।पांचवा पुरस्कार गीजर संडे बाजार निवासी जसप्रीत सिंह कूपन नंबर 450। छठा पुरस्कार केंट वाटर फिल्टर फुसरो निवासी इमरान खान कूपन नंबर 568। सातवां पुरस्कार इंडक्शन कुकर कथारा निवासी रोहित रजक कूपन नंबर 330। आठवां पुरस्कार रूम हीटर बेरमो चार नंबर निवासी आशीष कुमार महतो कूपन नंबर 597। नौवा पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर कुरपनिया निवासी स्वर्गीय रज्जाक सर कूपन नंबर 650। दसवां पुरस्कार हेयर ड्रायर संडे बाजार निवासी मोहम्मद इलाधानी कूपन नंबर 480 के विजेता बने इस दौरान मुख्य रूप से रमेश भाटिया, राजीव भाटिया, सहित भाटिया डिश सेंटर के सभी मेंबर ने संयुक्त रूप से विजेताओं को पुरस्कार दिया।

बताते चलें न्यू भाटिया डिश सेंटर की ओर से दिवाली से लक्की ड्रॉ स्कीम चलाया जा रहा था जिसमें कोई भी इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट की खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार के साथ-साथ एक लक्की ड्रॉ कूपन भी ग्राहकों को दिया जा रहा था, जिसका 10 दिसंबर 2023 रविवार की शाम ड्रॉ कराया गया जिसमें भाटिया डिश सेंटर को 10 लक्की विजेता मिला।

---

## न्यूज फटाफट

### स्वामी सत्यानंद महाराज का कार्यक्रम आज से

**पाकुड़ :** श्री श्री 108 श्री स्वामी सत्यानंद महाराज जी का आगमन पाकुड़ होने जा रहा है। 12 से 16 दिसंबर तक कार्यक्रम आयोजित है। इसे लेकर स्थानीय कार्यकर्ता जोर शोर के साथ तैयारी में जुटे हैं। लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। ईस हेतु शहर के माल पहाड़ी रोड हरीनडंगा उच्च विद्यालय के निकट स्थित ब्रह्म विद्यालय आश्रम को आकर्षक रूप से सजाया और संवारा गया है। सड़क पर तोरण द्वार बनाया गया है।12 से 16 दिसंबर तक सुबह व शाम में सत्संग होगा ,एवम प्रसाद वितरण होगा ।स्वामी जी के साथ 10 अन्य महात्मा भी उपस्थित रहेंगे। स्वामी जी मुख्य स्थान बक्सर जिला के छोटका राजपुर से चलकर भरौली, आरा, पटना, सुल्तानगंज होते हुए पाकुड़ आयेंगे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय पाण्डेय, अजय सिंह सुमित साधवानी, अरविंद सिंह, श्रावण गोयल, राजेश पांडेय, सहित दर्जनों गुरु भाई शामिल हैं।

### जयसवाल समाज करेंगे 25 दिसंबर को पारिवारिक मिलन समारोह



**पाकुड़ :** शहर के शिव शीतला मंदिर के निकट जयसवाल समाज की बैठक रवि जायसवाल की अध्यक्षता में की गई।बैठक में मुख्य रूप से समाज का वार्षिक पारिवारिक सम्मेलन आयोजित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 25 दिसंबर से शहारकोल स्थित जयसवाल समाज के धर्मशाला में पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर अभी की तैयारी में जुटने को कहा गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए रवि जायसवाल ने बताया कि पारिवारिक मिलन समारोह में विशेष कर बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता के साथ-साथ अन्य कई खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं सम्मेलन के दौरान समाज की एक वृहद बैठक भी होगी जिसमें वर्ष 2024 का कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार के एकजुटता के लिए इस प्रकार का आयोजन होना जरूरी है। बैठक में समाज के अध्यक्ष प्रेम भगत, सचिव राजेश जायसवाल, आनंद चौधरी, विजय कुमार जायसवाल, राजेंद्र जासवाल, हरिशंकर जायसवाल, ज्योति जयसवाल, संजीव जायसवाल, विजय जायसवाल जयप्रकाश जयसवाल, जितेंद्र जायसवाल ,प्रदीप जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल, संजू जायसवाल समेत दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

### समस्याओं के निदान के लिए गांवो तक पहुंचेगी सरकार : रामानंद पाठक

**पलामू:** सदर प्रखंड अंतर्गत कौड़िया पंचायत में आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती शशि नीलिमा डुंग डुंग, उप प्रमुख शीतल सिंह, जिला परिषद सदस्य बासु देवी, 20 सूत्री समिति सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, जतरू उरांव, कौड़िया पंचायत के मुखिया अंजना कुमारी सिंह, एवं पंचायत समिति सदस्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किए । मुखिया ने सभी अतिथियों को बुके देखकर कार्यक्रम में स्वागत किया । उपाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि इस अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किए जायेंगे और संबंधित आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज देकर इसकी जानकारी दी जायेगी। इसके अलावा आवेदनों पर होनेवाली कार्रवाई की भी जानकारी दी जाएगी। हर आवेदन पर कार्रवाई होगी और आवेदक की समस्याओं का निराकरण होगा। इस शिविर में जाति तथा आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक सभी प्रमाण पत्र बनाने की भी प्रक्रिया पुरी की जाएगी । उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा राजभर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम चलाया जा रहा है । जहां पहले राज्य के सुदूर इलाकों में कोई पदाधिकारी नहीं जाता था वहां आज पदाधिकारियों को कई सारी योजनाओं की गठरी बांध बांध कर भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में प्रखंड एवं अंचल स्तरीय सभी विभागों का स्टॉल लगाया गया था जिस पर लोगों का काफी भीड़ एकत्रित थी। सभी लगाए गए स्टालों पर 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से डॉ विलियम लकड़ा, धर्मराज मिश्रा, फतेह अहमद तन्मय राज पांडे शाहबाज अंसारी गोपाल विश्वकर्मा संजय चौरसिया एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### रेलवे अंडरब्रिज का सांसद प्रतिनिधि और पंसस ने लिया जायजा

**चंदवा:** टोरी रेलवे क्रॉसिंग के पुरब में रेलवे अंडरब्रिज पास पानी में डुबा गया है, इसमें पानी भरा रहने से लोगों को राहत नहीं मिल पाई। डुबे हुए अंडरब्रिज पास का राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान व अन्य ने निरीक्षण किया। कहा कि रेलवे क्रॉसिंग की घंटों जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए रेलवे विभाग द्वारा ये अंडरब्रिज का निर्माण कराया गया था, इसमें रेलवे ने लाखों रुपए खर्च कर दिए लेकिन इसका फायदा नहीं मिल पाया। गहराई में बने अंडरब्रिज में पानी का रिसाव हमेशा होगा, थोड़ी सी वर्षा होने पर इसमें पानी भर जाता है, अंडरब्रिज पास से पानी की निकासी होना भी संभव नहीं है, ब्रिज पास होते ही इसमें रास्ता मुड़ा हुआ और चढ़ाई है, इसमें हमेशा दुर्घटना होने की संभावना है, कई चार पहिया वाहन इससे पास नहीं हो पाएगी।

## शहर >> अपडेट

### मानव सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं है:मुखिया राजू

**गुवा:** गंगदा पंचायत के गांगदा गाँव में वृद्धों व गरीबों को ठंड से बचाने हेतु मुखिया राजू सांडिल ने गांगदा गांव में कंबल वितरण किया। मुखिया राजू सांडिल ने कहा कि हमारा पंचायत सारंडा का सबसे बड़ा पंचायत है। यहां के तमाम गांव काफी पिछड़े हैं। हमारे पंचायत में काफी तादाद में वृद्ध व जरुरतमंद हैं, जिन्हें कंबल की जरुरत है। लेकिन काफी कम कंबल मिले हैं। इससे सबकी आवश्यकता की पूर्ति नहीं की जा सकती है। पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों की खुशहाली एवं अमन चैन को बनाए रखने के लिए वे सदैव तत्पर है। इसी उद्देश्य के तहत ग्रामीणों की आयोजित कार्यक्रम में ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किया जा रहा है।ग्रामीणों की संपन्नता एवं उनकी रक्षा के ध्येय से उनके बीच का कंबल वितरित किया गया है। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण व वृद्ध मौजूद थे।

## आयोजन — जिला प्रशासन के सहयोग से विधिक सेवा सशक्तिकरण का आयोजन

# सरकार समाज के लोगों की मदद करने को तत्पर :वीरेंद्र

- विभिन्न योजनाओं से लाभुक हुये लाभांवित
- वरिष्टि पद्धाधिकारीयों की भी सीरकत

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:**झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में जिला प्रशासन के सहयोग से व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित न्याय सदन सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेंद्र कुमार तिवारी रहे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में कोडरमा के पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सैयद सलीम फातमी, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह, जिला जज चतुर्थ वैशाली श्रीवास्तव, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रताप चंद्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद, अवर न्यायाधीश तृतीय मनोरंजन कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो, न्यायाधीश प्रभारी प्रशान्त कुमार वर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जूही कुमारी, मुंसिफ दानिश नवाज, कोडरमा की प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष डॉक्टर आर के तिवारी सहित कई अन्य अतिथि मौजूद थे। अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रधान जिला जज विरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को हर संभव मदद करने के लिए हमेशा तत्पर है ताकि समाज का कोई भी व्यक्ति सरकार की योजनाओ के लाभ से वंचित नहीं रह सके। अन्य सभी अतिथियों ने भी सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओ की भूरी भूरी प्रशंसा की कार्यक्रम संचालक न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने क्रिया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने क्रिया। इस कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रधान मंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन योजना, अंबेडकर आवास योजना, स्वामी विवेकानंद दिव्यांग पेंशन योजना, राशन कार्ड, ट्राई साइकिल, बैशाखी, व्हील चेयर वितरण योजना, धोती साड़ी लूंगी वितरण योजना, सहित केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के कई महात्वाकांक्षी योजनाओ के लाभुको के बीच योजनाओ का वितरण किया। कुल मिलाकर 167122लाभुको को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी,कर्मचारी अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मी पारा लीगल वोलेंटियर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फटाफट

### पोषण सखी की बहाली को लेकर जनवरी में होगा राजभवन मार्च



**झुमरीतिलैया:** आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण सखी को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर जनवरी महीने के तीसरे सप्ताह में रांची में राजभवन मार्च और प्रदर्शन किया जाएगा। यह निर्णय सोमवार को चिल्ड्रेन पार्क के बाहर पोषण सखी समन्वय समिति (सीटू) की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान व संचालन जिला सचिव जरीना खातुन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि पिछले दिनों कुपोषण मिटाओ अभियान के तहत झारखंड के छह जिलों चतरा, धनबाद, दुमका, गोड्डा, गिरिडीह और कोडरमा के आंगनबाड़ी केंद्रों मे 10388 पोषण सखी कार्यरत थी। जिन्हें केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा दिया जाने वाला केन्द्रीय फंड बंद कर दिए जाने के कारण एक झटके में पिछले वर्ष अप्रैल 2022 से हेमन्त सोरेन सरकार ने इन्हें काम से हटा दिया। जिसके कारण आज इनके सामने भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बच्चो के स्कूल फीस और दवाई के लिए लिए पैसे नहीं जुट रहे हैं। सड़क से न्यायालय तक लगातार संघर्ष कर रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सरकार रोज रिक्तियां भरने की बात कर रही है, दूसरी तरफ दस हजार पोषण सखी अपनी रोजगार वापसी के लिए दर दर भटक रही है। आज जब केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण लोगों को कमरतोड़ महंगाई से जीना मुश्किल हो गया है, रोजगार के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। ऐसे में झारखंड सरकार को इन हजारों पोषण सखी की तकलीफ को समझना चाहिए और इनकी पुनः बहाली पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 5 दिसम्बर को कोडरमा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भी पोषण सखियों ने नारेबाजी की थी और अपनी मांगों की तरफ मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया था। अगर हेमंत सोरेन सरकार ने इन पोषण सखियों की पुनः बहाली नहीं किया तो आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बैठक में रेशमी कुमारी, पिंकी दास, शाहीना प्रवीण, पिंकी कुमारी, सिमरन देवी, निशा भारती, सुलेखा वर्मा, बेबी कुमारी, अनु कुमारी, गुड़िया देवी, उर्मिला कुमारी, अंजुम प्रवीण, अंजु देवी, प्रीति कुमारी, सरिता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### शोकाकुल परिवार से मिले सुखदेव भगत



**कुड़ू:** प्रखंड के अंतर्गत सलगी ग्राम के रहने वाले युवा कांग्रेस के नेता मनीष शर्मा के पिता का कल आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी मिलते ही आज लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत सलगी ग्राम पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किए एवं परिजनों को ढाढ़स बंधाया। श्री भगत ने कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस शोकाकुल परिवार के साथ है। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक साहू,स्थानीय पत्रकार नन्दलाल तिवारी एवं संजय चंद्र मुखर्जी,कोंग्रेस पंचायत अध्यक्ष सलगी प्रमोद साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### डीएवी स्कूल में बिखरी भारतीय भाषा उत्सव की छटा



**कोडरमा:** भारतीय सभ्यता संस्कृति की विविधता का मनोरम दृश्य पीवीएसएसडीएवी पब्लिक स्कूल की प्रातः कालीन सभा में बच्चों ने अपने विविध परिधानों और वेशभूषा से दर्शाया। भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अरुण कुमार मिश्र को तिलक लगाकर की गई। विद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विविध राज्यों को दशार्ने वाले बच्चों ने अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर किया। उसके पश्चात बच्चों ने स्वागत गीत गया। तत्पश्चात सभी बच्चों ने अपने-अपने राज्यों की विशेषताओं से मुख्य अतिथि को परिचित कराया। राष्ट्रभाषा हिंदी के मधुर गीत पर एकल नृत्य कक्षा सातवीं की अनन्या गुप्ता ने प्रस्तुत किया। गुजराती में अपनी सभ्यता, अपनी संस्कृति और अपने लोकगीतों का परिचय कक्षा 11वीं विज्ञान की सोनाक्षी आर्या ने प्रस्तुत किया। राजस्थान की धरती के रंग- बिरंगे परिधान में सुंदर नृत्य शांभवी और उनके समूह में प्रस्तुत किया। बांग्ला भाषा के मधुर सुरीले गीत को अंतरा मुखर्जी ने अपनी सुरमयी आवाज में गाया। अनेकता में एकता दशार्ने के लिए कक्षा एलकेजी से लेकर दूसरी तक के बच्चों ने विविध राज्यों के परिधानों में सुंदर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। बिहार के मिथिलांचल की धरती के मैथिली भाषा के गीत को अर्पिता और उनके समूह ने प्रस्तुत कर मधुर समा बांध दी। कार्यक्रम में सबसे मनमोहक बहुभाषा में प्रस्तुत किया गया लघु नाटक था, जिसने अनेकता में एकता और परस्पर प्रेम को प्रस्तुत किया। बांग्ला भाषा में भव्य नृत्य आरोही गुप्ता और समूह ने प्रस्तुत किया। सभी ने अपनी भाषा में अपने हस्ताक्षर कर काफी गौरांवित महसूस किया। मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा की। मंच संचालन सारा खान और नूहा खान ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक ने बंगाल विभाजन पर कविता सुनाई और उन्होंने पूरे भारत की एकता और अखंडता की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कुमार सतीश सिंह द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों के उत्साह और उमंग की मुक्त कंठ प्रशंसा की। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे विद्यालय परिवार को धन्यवाद कहा।

## विधानसभा में गैरमजुरूवा जमीन का मुद्दा उठेगा:डॉ लंबोदर



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार:**पेटरवार विधानसभा सत्र के दौरान गैरमजुरुवा जमीन का मुद्दा जोरदार तरीके से गूंजेगा। उक्त बातें गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कही। विधायक ने कहा कि बोकारो जिला समेत पूरे झारखंड राज्य में गैरमजुरूवा जमीन का सरकार के संकल्प संख्या 2074/ राज्य दिनांक 13 मई 2016 के द्वारा लगान रसीद कटना बंद हो गया है। जिसके कारण पूरे राज्य की जनता में आक्रोश व्याप्त है। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार के राजस्व विभाग के संकल्प संख्या 334 दिनांक 14 मई 2009 के द्वारा वैसे गैर मजुरुवा भूमि जिसका राज्य सरकार या केंद्र सरकार के सरकारी उपक्रमों या निजी संयंत्रों द्वारा अधिग्रहण किया जा रहा है। जिस पर विभिन्न रैयतों का 2012 तक शांतिपूर्ण दखल था। और 2012 तक लगन रसीद भी सरकार की ओर से काटी गई थी। कहा कि उक्त जमीन का मुआवजा राशि भी अपने सरकारी खाते में जमा करवा रही है। जिसके कारण राज्य की जनता में आक्रोश व्याप्त है। विधायक ने भूराजस्व व भूमि सुधार विभाग के मंत्री से मांग की है। कि कई पीढ़ियों से रैयतों के दखल में रहे गैरमजुरुवा जमीन का पुनः लगान रसीद काटने का निर्देश दिया जाय। ताकि रैयतों को इसका लाभ मिल सके।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फिट इंडिया सप्ताह मनाया गया

राष्ट्रीय खबर




**कोडरमा:** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत एवं एन सी टी ई द्वारा निर्देशित फिट इंडिया सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी कोडरमा, सौरभ शर्मा ने सभी प्रशिक्षुओ एवं महाविद्यालय के सदस्यों को फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत शपथ दिलाई तत्पश्चात उन्होंने सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा। उन्होंने विभिन्न प्रकार के योग और प्राणायाम जैसे अनुलोम-विलोम भ्रामरी, कपाल भाती आदि किया एवं योग लाभ के बारे में अवगत कराया तथा सभी को फिट इंडिया एप्लीकेशन के बारे में जानकारी दी। सभी प्रशिक्षु एवं महाविद्यालय के सदस्यों ने अपने मोबाइल में फिट इंडिया एप्लीकेशन डाउनलोड किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर मृदुला भगत ने कहा कि जीवन का सबसे अमूल्य धन हमारा स्वास्थ्य है। हम सभी को अपनी दैनिक दिनचर्या में योग एवं व्यायाम अनिवार्य रूप से करना चाहिए। जिससे हम स्वस्थ रहेंगे। इस अवसर पर बीएड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु निशा कुमारी नूतन कुमारी नेहा कुमारी सोनाली कुमारी रिंकी कुमारी पूजा कुमारी अंगूरी खातून आरती एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार पासवान,खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, मनीष कुमार सिन्हा, सीताराम यादव,चुन्नू कुमार ,रोहित कुमार, सुधीर कुमार आदि उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा की देखरेख में संपन्न किया गया।

## विधायक अमित यादव को सौंपा ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के भिखनाडीह ग्राम पंचायत सेवाटांड में कलवर्ट, गार्डवाल तथा नाली बनाने के संबंध में विधायक अमित कुमार यादव को ग्रामीणों ने लिखित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि गांव भिखनाडीह में पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है जहां कई जगह पर कलवर्ट, गार्डवाल व नाली बनाने की आवश्यकता है। इसके अभाव में पीसीसी सड़क का महत्व नहीं के बराबर रह जाता है। ग्रामीणों ने विधायक अमित कुमार यादव से इन मांगों को स्वीकृत करने के लिए आवेदन दिया है। आवेदन में प्रो. दशरथ प्रसाद राणा, विजय राणा, रामदेव राणा, सरस्वती देवी, छोटू सिंह, सुरेंद्र सिंह, रिंकू देवी, अनीता देवी, सोनी देवी, देवंती देवी, फुलवा देवी, जगदीश बढही, राजू राणा, राजेंद्र राणा सहित दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर है।

## पंचायतों में लगा शिविर हुआ समस्याओं का समाधान

राष्ट्रयी खबर

**कोडरमा:** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के सतगावां प्रखण्ड के बासोडीह, डोमचांच प्रखण्ड के पुरनाडीह, कोडरमा प्रखण्ड के पाण्डेयडीह, जयनगर प्रखण्ड के बेको एवं मरकच्चो प्रखण्ड के कादोडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इनमें शिविर में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। शिविरों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों द्वारा लाभुकों के बीच कंबल का वितरण, राशन, पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, ऋण वितरण समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण वितरण भी किया गया। साथ ही बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**जयनगर:** प्रखंड के बेको पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख अंजू देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, 20 सुत्री प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, मुखिया रुपाली कुमारी, आरती देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मनरेगा, वन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जेएसएलपीएस, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल लगाकर योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किये गये एवं जिन आवेदकों की समस्याओं का निराकरण ऑन द स्पॉट किया जा सकता था उनका निपटारा किया। एलईडी टीवी पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का सीधा प्रसारण किया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने लोगों से शिविर में अधिक से अधिक लोग भाग लेने की अपील की। बेको पंचायत की मुखिया रुपाली कुमारी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से आमजनों को सीधा फायदा पहुंच रहा है। शिविर से 5-5 लाभुकों को प्रतीकात्मक रूप से मनरेगा लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना एवं साइकिल वितरण योजना के तहत 4500 का डेमो चेक, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को पहचान पत्र, धोती साड़ी एवं कंबल का वितरण किया गया। शिविर में 15 सूत्री कार्यक्रम सदस्य नौशाद आलम, प्रखंड कोऑर्डिनेटर शशि यादव, पूर्व मुखिया भीम कुमार यादव, पूर्व पंसस अजय यादव, विजय यादव, बलदेव यादव, महेश यादव, अर्जुन ठाकुर, उप मुखिया देवन सिंह, असगर अंसारी, बैजनाथ ठाकुर, बद्री यादव, सुरेश सिंह, ब्रह्मदेव राणा, परमेश्वर यादव, सीआई धीरेंद्र कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक रविश रंजन, पंचायत सचिव प्रकाश साव, रोजगार सेवक सुरेश यादव, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अशोक कुमार, प्रखण्ड एवं अंचल कर्मी एवं सैकड़ो पंचायतवासी मौजूद थे।

## सम्मान समारोह — 330 प्राचार्यो के प्रतिष्ठित पूल में से केवल 101 सम्मानित

# सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य को मिला राष्ट्रीय सम्मान

- सिक्किम मेघालय मणिकुर के पुर्व राज्यपाल द्वारा मिला सम्मान

राष्ट्रीय खबर




**झुमरीतिलैया:** सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा को शिक्षायान राष्ट्रीय सम्मान 2023-24 सत्र के लिए, उनकी असाधारण सेवाओं व शिक्षा के क्षेत्र में कई सार्थक वर्षों के लिए किये गए उत्कृष्ट परिवर्तन के लिए उत्कृष्टता का ताज पहनाया। आर्यावर्त सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स और नालंदा सहोदय क्लस्टर के सामरिक सहयोग से आयोजित होटल चाणक्य, पटना में प्रिंसिपल सेक्रेटरी, बिहार सरकार एन विजयलक्ष्मी (आईएएस) की उपस्थिति में पदमश्री कपिल देव प्रसाद द्वारा शॉल ओढ़ाकर तथा सिक्किम, मेघालय और मणिपुर के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि प्राचार्य प्रमोद शर्मा को बिहार तथा झारखंड के चयनित कुल 330 प्राचार्यों के प्रतिष्ठित पूल में से केवल 101 को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने का सम्मान मिला। शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में उभरे, चुने हुए कुछ लोगों के बीच चमके और अपने प्रभावशाली और परिवर्तनकारी नेतृत्व को स्वीकार किया। स्कूल पहुँचने पर स्कूल निर्देशक प्रमोद कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया व बधाई दी। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने संस्था के प्रति आभार जताया और कहा कि इस सम्मान से मुझे अपने कार्यों को और बेहतर तरीके से करने के लिए ऊर्जा मिलेगी। इस सम्मान पर सेक्रेड हार्ट स्कूल के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, अलका सिंह, दीपक सर्राफ, जेपी सिंह, संजय तिवारी, संजय कुमार, आशुतोष गौतम, रजनी बाला, सतीश कुमार, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह, विक्रम कुमार, रणजीत सिंह, विक्की कुमार, हंसपाल कुमार, सपना शर्मा, मनोज पांडेय, पूर्व प्राचार्य नवीन कुमार आदि शिक्षकों के अलावा अन्य शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बधाई दी है। शिक्षकों ने कहा कि प्राचार्य को ऐसे सम्मान मिलना विद्यालय के लिए गर्व की बात है। स्कूल के सभी छात्र व छात्राओं ने भी अपने प्राचार्य को बधाई देकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

### नशा छोड़ो फुटबॉल खेलो पढ़ो लिखो और आगे बढ़ो: सुखदेव भगत

**कुडू:** मूल मंत्र के साथ आदिवासी अखड़ा समिति द्वारा 17वीं कार्तिक उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत थे विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ थे।समापन समारोह को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि इस टूनार्मेंट की अपना विशेषता है जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता के साथ सहयोग है एवं जिले में सर्वाधिक एक लाख विजेता को नगद एवं उपविजेता को 70000 रुपया नगद प्रदान किया जाता है। सुखदेव भगत ने अनुशासन समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ खेलने की बात कही। खेल में जीवन का दर्शन छिपा है गुमला लोहरदगा रांची की शानदार टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया अधेड़ विवाहित महिलाओं का प्रदर्शन मैच आकर्षण का केंद्र रहा।इसके पूर्व सुखदेव भगत के पहुंचने पर भव्य तरीके से परंपरागत रूप से नृत्य मंडली और गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया मुख्य अतिथि के साथ हजारों दर्शकों ने एक साथ राष्ट्रगान गाकर खेल आगाज किया।इस फुटबॉल मैच में झारखंड जगुआर के टीम ने बनगड़ी होटवार रांची को दो जीरो से हराया।विनर टीम को एक लाख एवं रनर टीम को 70000 नगद पुरस्कार दिया गया यहां लोहरदगा आयुष समिति के द्वारा निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर लगाया गया जहां पर मरिजो का निशुल्क जांच कर फ्री में दवा का वितरण किया गया।

## न्यूज फटाफट

### एक दिवसीय सीसीसी इंट्रा क्लब बैंडमिंनटन चैंपियनशिप 2023 का हुआ आयोजन

**रांची**: रविवार को झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के अंतरगर्त चल रहे कंट्री क्रिकेट क्लब के द्वारा एक दिवसीय सी सी सी इंट्रा क्लब बैंडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन जे एस सी ए स्टेडियम के बैंडमिंटन कोर्ट में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया।इन 24 खिलाड़ियों को 11 टीमों में बाटकर डबल्स प्रतियोगिता आयोजित किया।इस अवसर पर जे एस सी ए के सचिव देवासीश चक्रवर्ती ( पिंटू दा), सी सी सी चेयरमैन स्पोर्टस राजीव रंजन,सुशील कुमार ,अर्चित आनंद ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सी सी सी के बैंडमिंटन कोच बिरेंद्र शर्मा, आदिल हसन, आशीष कुमार आशुतोष द्विवेदी,हर्ष रंजन, अभी जित कुमार , मिलन प्रीत सिंह, अभिजीत दत्ता, विकास कुमार, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है ।प्रथम स्थान पर के एस कादरी एवं ऋषभ की जोड़ी रही। दूसरे स्थान पर पुरुषोत्तम कुमार एवं समीर कुमार सिन्हा की जोड़ी रही।तीसरे स्थान पर गुरुदयाल सिंह एवं सतविंदर कौर की जोड़ी रही। चतुर्थ स्थान पर राजीव नारायण एंड प्रदीप कुमार की जोड़ी रही। यह जानकारी राजीव रंजन ने दी।

### क्रिकेट प्रतियोगिता 19 से लोहरदगा में

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता इस बार बीएस कॉलेज लोहरदगा आगामी 19 दिसंबर से आयोजित करेगी यह जानकारी रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ राजेश गुप्ता ने दी उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है इसी प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर रांची विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम का गठन किया जाएगा जो कि पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी

### बैडमिंटन टीम आंध्र प्रदेश गई

**रांची** : 67 नेशनल स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता आगामी 12 से 16 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड अंदर-19 बैडमिंटन टीम आज यहां से रवाना हो गई ओ होटवार में 21 दिवसीय का प्रशिक्षण शिविर रवि केसरी के देखरेख में चली पूरी टीम इस प्रकार है बालक वर्ग साजन कुमार सपन नील लायक अंकित गोप अब्बू रियान बालिका वर्ग में श्रुति अनामिका घोष वैष्णवी सिंह भूमि अलीशा गुड़िया प्रशिक्षक गुलाम बाकी मैनेजर सोनी कुमारी एसजीएफआई अंदर 17 प्रतियोगिता के लिए भी टीम की घोषणा कर दी गई है टीम आगामी 15 दिसंबर को बड़ौदा के लिए रवाना होगी इस टीम का भी प्रशिक्षण शिविर रवि केसरी के देखरेख में संपन्न हुई है पूरी टीम इस प्रकार है आशु गोपाल दीपक महतो सचिन को मोहित राज जिम अक्का जिम जी का एक का बालिका वर्ग में नंदिता सेन आस्तिक सिंह होली साक्षी और जिए ब्लू ब्लू कोच रवि कैसे मैनेजर बिना लकड़ा टीम रवाना होने से शिक्षा सचिव के रवि कुमार निर्देशक किरण पासी और धीर सेन सोरेन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### अजान की शतकीय पारी से भारत की शर्मनाक हार

**नई दिल्ली**: भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में रविवार को खेले गए अंडर-19 एशिया कप के मुकाबले में शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 259 रन बनाए जिसके बाद पाकिस्तान ने 47 ओवर में केवल 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. पाकिस्तान की इस जीत में अजान अवैस ने बड़ी भूमिका निभाई. उन्होंने 105 रनों की नाबाद पारी खेली।चेज करने उतरी पाकिस्तान की ओर से अजान ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाई। अजान ने 130 गेंदों पर 105 रन की नाबाद पारी में 10 चौके जड़े। उनके अलावा ओपनर शाहजाब खान ने 63 रनों की पारी खेली। अजान और शाहजाब ने दूसरे विकेट के लिए 110 रनों की पार्टनरशिप की। कप्तान साद बेग 68 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने 51 गेंदों पर 8 चौके और 1 छक्का जड़ा. साद और अजान ने मिलकर 125 रनों की अविजित पार्टनरशिप की। भारत ने आजमाए 7 गेंदबाज ।भारतीय गेंदबाजों ने मुकाबले में काफी निराश किया. केवल मुरुगन अभिषेक ही 2 विकेट ले सके। भारत के 7 गेंदबाजों ने बॉलिंग की, लेकिन कुछ खास नहीं कर पाए. मुशीर खान ने 4 ओवर में 32 रन लुटाए. वहीं, नमन तिवारी ने 8 ओवर में 49 रन दिए। राज लिम्बानी ने 10 ओवर फेंके और 44 रन दिए. उन्हें कोई विकेट नहीं मिल पाया।आदर्श, उदय और सचिन ने किया प्रभावितइससे पहले भारत के लिए 18 वर्षीय ओपनर आदर्श सिंह कप्तान उदय सहारन और सचिन दास ने बल्ले से दम दिखाया. आदर्श ने 81 गेंदों की अपनी पारी में 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 62 रन जोड़े।

क्रिकेट

हरफनमौला गेंदबाजी प्रयास के बाद सलामी बल्लेबाज

# स्मृति मंधाना ने भारत को सांत्वना जीत दिलाने में मदद की




एजेंसियां

**नई दिल्ली:** हरफनमौला गेंदबाजी प्रयास के बाद सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की 48 रन की पारी की बदौलत भारत की महिलाओं ने रविवार को मुंबई में तीसरे और अंतिम टी20 मैच में इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट से सांत्वना जीत हासिल की। स्पिनर सैका इशाक और श्रेयंका पाटिल ने तीन-तीन विकेट लिए, जिससे भारत ने वानखेड़े स्टेडियम में मेहमान टीम को 126 रन पर आउट कर दिया। हरमनप्रीत कौर एवं सह. फिर एक ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

हालांकि, हार के बावजूद इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। 127 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, जो मुश्किल हो गया था, मंधाना ने 48 रन की तूफानी पारी खेलकर भारतीय लक्ष्य का पीछा किया, लेकिन यह अमनजोत की बाउंड्री थी, जिसमें दबाव में रिवर्स-स्वीप की जीत भी शामिल थी, जिससे मेजबान टीम लक्ष्य से आगे निकल गई। भारत की पिछले पांच मैचों में पहली जीत थी, उसने आखिरी बार सितंबर 2022 में डर्बी में इंग्लैंड को आठ विकेट से हराया था। ईमानदारी से कहें तो, इंग्लैंड ने अपने चार स्टार कलाकारों को आराम देते हुए दूसरी पंक्ति की टीम के साथ खेला। सबसे छोटे प्रारूप में लगातार पांच हार के बाद मार्च 2018 के बाद से यह इंग्लैंड के खिलाफ घर पर भारत की पहली जीत थी। कुल मिलाकर, यह केवल आठवीं बार है जब भारत ने इंग्लैंड को टी 20 में हराया है। मंधाना ने पांच चौके और दो छक्के लगाए, जबकि अगला सर्वश्रेष्ठ प्रयास जेमिमा रोड्रिग्स का रहा, जिन्होंने नंबर 3 पर महत्वपूर्ण 29 रन बनाए।

भारत ने तीसरे ओवर में शैफाली वर्मा (6) को खो दिया लेकिन मंधाना और रोड्रिग्स ने मिलकर टीम को आगे बढ़ाया। हालाँकि, रोड्रिग्स ने सोफी एक्लेस्टोन पर दो बार चौके लगाए और इंग्लैंड की स्पिनर को अपनी लय हासिल नहीं करने दी, और खेल में उनके पहले ओवर में 10 रन ले लिए। दूसरी ओर, मंधाना भी स्ट्रेप्स मारती नजर आईं जब उन्होंने बायें हाथ की एक्लेस्टोन की गेंद पर डीप मिडविकेट पर पारी का पहला छक्का जड़ा। लेकिन साझेदारी तब समाप्त हुई जब रोड्रिग्स चार्ली डीन की गेंद पर एक और स्वीप शॉट चूक गए, जिसे 33 गेंदों में चार चौकों की मदद से 29 रन की पारी के बाद लेग बिफोर करार दिया गया।

## जूनियर विश्व कप हॉकी में भारत का मुकाबला डच से



एजेंसियां

**कुआलालंपुरः** दो बार के चैंपियन भारत को मंगलवार को यहां पुरुष जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में मजबूत नीदरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान आत्मसंतुष्टि पर अंकुश लगाते हुए अपने खेल में कुछ स्तर ऊपर उठाना होगा।भारत ने 2001 में होबार्ट, ऑस्ट्रेलिया में और 2016 में घरेलू मैदान पर लखनऊ में दो बार टूर्नामेंट जीता। इसके अलावा वे 1997 में मिल्टन कीज, इंग्लैंड में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-3 से हारकर उपविजेता रहे थे। भारतीयों ने कोरिया को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट की शानदार शुरूआत की और फिर अपने अंतिम पूल मैच में कनाडा को 10-1 से हराने के लिए अपने शानदार प्रदर्शन से पहले स्पेन के हाथों 1-4 से हार का सामना करना पड़ा।भारत ने स्पेन के बाद तीन मैचों में से दो जीत के साथ पूल सी से दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम के रूप में अपना क्वार्टर फाइनल स्थान पक्का कर लिया, जिसका सभी जीत का रिकॉर्ड था। दूसरी ओर, नीदरलैंड दो जीत और एक ड्रॉ के साथ पूल डी में शीर्ष पर रहा।सकारात्मक शुरूआत करने के बाद, भारतीयों को स्पेन द्वारा क्लीनर्स के पास ले जाया गया, जिन्होंने भारतीय रक्षा में जगह बनाने के लिए तेज, छोटे पास पर भरोसा किया जो उनके लिए पूरी तरह से काम किया। इसलिए, भारतीय टीम को नीदरलैंड जैसी क्लिनिकल टीम के खिलाफ पूरी ताकत लगानी होगी, जो अपनी संरचित हॉकी के साथ किसी भी रक्षा को भेदने में सक्षम है।मैं भारतीयों को दबाव में आने पर अनावश्यक पेनल्टी कॉर्नर गँवाने की अपनी आदत भी छोड़नी होगी। कनाडा के खिलाफ बड़ी जीत मंगलवार के मैच से पहले भारत के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली होनी चाहिए, इस बात से कप्तान उत्तम सिंह सहमत हैं।हमने इस विश्व कप में कुछ अच्छी हॉकी खेली है। 10-1 की बड़ी जीत से निश्चित रूप से नॉकआउट चरण में जाने के लिए हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है।

हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे और हमारी तरह अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से खेलेंगे। हमेशा करो, उन्होंने कहा।भारतीय कोच सीआर कुमार ने कहा कि उनके खिलाड़ी अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं और उन पर जो भी फेंका जाएगा, उसका सामना करने के लिए तैयार हैं। हम इस टूनामेंट में एक समय में एक मैच पर ध्यान देना जारी रखेंगे। हां, क्वार्टरफाइनल एक बड़ा मैच है लेकिन ऐसा कुछ नहीं है जिसके लिए लड़के तैयार नहीं हैं। सेमीफाइनल और फाइनल गुरुवार और शनिवार को होंगे।

## असद शफीक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है

एजेंसियां

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट मध्यक्रम बल्लेबाज ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है और उनके राष्ट्रीय चयनकर्ता का पद संभालने की उम्मीद है। 37 वर्षीय शफीक 2010 में मिस्बाह-उल-हक टेस्ट टीम का मुख्य हिस्सा थे, जिन्होंने अगस्त 2016 में टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कराची की कप्तानी करने के बाद रविवार को अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की। कराची में फाइनल में एबटाबाद को हराकर व्हाइट टीम ने राष्ट्रीय टी20 खिताब जीता। वह अपने विभाग की ओर से एसएनजीपीएल (सुई नॉर्दर्न गैस पाइपलाइन्स) के लिए रिटर्निंग पैट्रन ट्रॉफी - विभाग टीमों के लिए प्रथम श्रेणी टूनामेंट - में तीन गेम खेलने के लिए सहमत हो गए हैं, क्योंकि टेस्ट ड्यूटी के दौरान उन्हें कई खिलाड़ियों की कमी खलेगी। लेकिन प्रभावी तौर पर टी20 फाइनल उनकी विदाई थी. शफीक ने पाकिस्तान के लिए अपने 77 टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट अपने डेब्यू के लगभग 10 साल बाद 2020 में खेला। वह तब से घरेलू सर्किट पर नियमित थे, हालांकि फाइनल के बाद उन्होंने कहा कि वह अब खेल के प्रति उतना उत्साहित महसूस नहीं कर रहे हैं जितना पहले किया करते थे। उन्होंने कहा, मैं अब उस उत्साह और जुनून को महसूस नहीं कर रहा हूं जो मैंने तब महसूस किया था जब मैंने पहली बार गेम खेलना शुरू किया था। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरे करियर में मेरी मदद की है। 2020 में बाहर किए जाने के बाद मैं पाकिस्तान टीम में एक और मौका पाने की उम्मीद में तीन साल तक घरेलू क्रिकेट खेलता रहा। लेकिन इस सीजन की शुरूआत से पहले, मैंने फैसला किया था कि यह मेरा आखिरी सीजन होगा क्योंकि मुझे लगा कि यह बंद हो रहा है 38 साल की उम्र में लोगों द्वारा मुझे पद छोड़ने के लिए कहने के बजाय अब रिटायर होने का समय आ गया है।

## गेम चेंजर साबित होगी फिल्म शांतला : महेश भट्ट



एजेंसियां

**मुम्बई** :बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार महेश भट्ट का कहना है कि अल्ट्रा कॉमर्शियल दौर में फिल्म शांतला गेम चेंजर साबित होगी। फिल्म शांतला पूरे भारतवर्ष में आगामी 15 दिसम्बर को एकसाथ हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु,कन्नड़ और मलयालम में रिलीज की जा रही है। फिल्म शांतला की रिलीजिंग के पूर्व संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया,जिसमें फिल्म से जुड़े कलाकार और तकनीशियन के अलावा भी कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की । इस मौके पर महेश भट्ट ने फिल्म शांतला को लेकर कहा कि अल्ट्रा कॉमर्शियल दौर में यह फिल्म एक गेम चेंजर साबित होगी ,और निकट भविष्य में इसकी देखादेखी अनेकों फिल्में इसी पैटर्न पर लोग बनाएंगे। एक ओर जहां लोग बेहतरीन कन्टेन्ट को लेकर ओटीटी का रुख कर रहे हैं वहीं इस फिल्म को देखने के बाद लोग थियेटर की ओर पुनः लौटने लगेंगे । क्योंकि फिल्म का कॉन्सेप्ट बेहद जबरदस्त है और अक्षेषा ठाकुर ने जिस संज़ीदगी से इसको निभाया है उसे लम्बे समय तक याद किया जाएगा ।

यह फिल्म आने वाले समय मे एक मिसाल के तौर पर याद की जाएगी। फिल्म शांतला के निर्देशक सिस्सू पेडिरेड्डी महेश भट्ट के सहायक रह चुके हैं। उन्होंने कहा,फिल्म शांतला वास्तव में बेहद खूबसूरत बनी है। और ऐसी फिल्में बनती रहनी चाहिएहमारी फिल्म को महेश भट्ट जैसे महान फिल्ममेकर से सराहना मिलना अद्भुत है और हमने इस फिल्म को बनाने के लिए जो मेहनत किया है वो सफल होती हुई प्रतीत होती है। इंडो अमेरिकन आर्ट्स के बैनर तले बनी फिल्म शांतला के निर्माता डॉक्टर इरैंकि सुरेश है, निर्देशक सिस्सू पेडिरेड्डी, सलाहकार हैं के एस रामाराव , सिनेमेटोग्राफी आर रमेश ने किया है। फिल्म शांतला के प्रेजेंटर हैं इरैंकि सुब्बालक्ष्मी , जबकि संवाद लिखे हैं साई माधव बुर्रा ने । फिल्म शांतला में कर्णप्रिय संगीत विशाल चंद्रशेखर ने दिया है वहीं गीत भास्कर भाटला,श्रीमेंनी और कृष्णा कांत ने लिखे हैं। फिल्म शांतला में अक्षेषा ठाकुर के साथ निहाल, विनोद कुमार, वीणा नायर, मंजू भार्गवी , दीपक , रेखा निरोशा, फाल्गुनी, आनंद चक्रपाणी एवं शिव पार्वती ने काम किया है।

## आईएफएफके में 69 फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग



एजेंसियां

**तिरुवनंतपुरम** : केरल अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफके) के चौथे दिन सोमवार को 14 सिनेमाघरों में 69 फिल्में दिखाई जाएंगी। इसमें 26 विश्व फिल्में और चार अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा (आईसी) श्रेणी की फिल्में शामिल हैं। लीला एविल्स द्वारा निर्देशित 'टोटेम' को आईसी सेक्शन के तहत दिखाया जाएगा। मलयालम सिनेमा टुडे की छह और इंडियन सिनेमा नाउ की चार फिल्में भी आज स्क्रीन पर आएंगी। साथ ही 41 रिपीट स्क्रीनिंग भी होंगी। महोत्सव में दिवंगत निर्देशक सिद्दीकी की वर्ष 1989 की हिट फिल्म रामजी राव स्पीकिंग की स्क्रीनिंग करके, उन्हें श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। आईएफएफके लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड विजेता क्रिज्सटॉफ जानुसी की तीन फिल्में आज दिखाई जाएंगी।

## यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में काम करेंगी श्रुति हासन

एजेंसियां

**मुंबई** : जानीमानी अभिनेत्री श्रुति हासन दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार यश की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' में काम करती नजर आयेंगी। हाल ही में यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक का ऐलान हुआ है। इस फिल्म का ऐलान करते हुए मेकर्स ने एक जबरदस्त एनाउंसमेंट टीजर वीडियो जारी किया था। इस फिल्म में श्रुति हासन की एंट्री हो चुकी है। फिल्म का टाइटल, 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' ने दर्शकों के बीच चर्चा कर दी है।गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित और केवीएन



प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस द्वारा सह-निर्मित, 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।

## फिल्म 'अक्षरा' का रोमांटिक गाना 'जुड़वा नैना' रिलीज



एजेंसियां

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह और अभिनेता अंशुमान मिश्रा की आने वाली फिल्म 'अक्षरा' का रोमांटिक गाना 'जुड़वा नैना'रिलीज हो गया है। गाना 'जुड़वा नैना; वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। जिसके वीडियो में अक्षरा सिंह और अंशुमान मिश्रा रोमांटिक अंदाज में दिख रहे हैं। वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म अक्षरा के प्रोड्यूसर कुलदीप श्रीवास्तव एवं रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं। इस फिल्म में अक्षरा सिंह के साथ अंशुमान मिश्रा, धानी गुप्ता, विनोद मिश्रा,अनुप अरोरा, विनीत विशाल, जे.नीलम, मटरू, बीना पांडेय, शुभकिशन शुक्ला, प्रतिभा साहू, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, सीपी भट्ट, संजीव मिश्रा, अखिलेश शुक्ला, संजू सोलंकी, रिंकी शुक्ला, आर.नरेंद्र, आर्यन विश्वकर्मा, कानू मुखर्जी, सोनू सनम माही, कन्हिया एस.विश्वकर्मा, सौरव चौधरी, सनाया गुप्ता, रितिका सिंह, पप्पू खान, एचआरपी बाबू, चंचल त्रिपाठी और सतीश यादव प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म के संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव कवि जी, सभा वर्मा, फनिदर राव एवं राकेश निराला हैं। छायाकार जगविंदर सिंह हुंदल (जग्गी पाजी), क्रिएटिव डायरेक्टर कन्हैया एस.विश्वकर्मा और वीएफएक्स फरहान जादा हैं। ईपी राजेश सिरसात एवं अखिलेश राय हैं। कला राम बाबू ठाकुर, कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और एक्शन प्रदीप खड़का का है।

## प्रदेश >> अपडेट

### तरनतारन में एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद

**जालंधर :** सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ) ने तरनतारन जिले के डल गांव से एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि सुबह के समय ड्रोन की उपस्थिति के बारे में विशेष जानकारी पर, बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने गांव के बाहरी इलाके में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इसी दौरान एक खेत से ड्रोन/क्वाडकॉप्टर बरामद किया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### भोपाल रेल मंडल को हुई 1370 करोड़ रुपए की आय

**भोपाल :** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंड़ल को पिछले आठ माह में 1370 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व की तुलना में 8.43 प्रतिशत अधिक है। भोपाल रेल मंड़ल के प्रवक्ता ने आज बताया कि मण्डल रेल प्रबंधक के कुशल मार्गदर्शन में रेलवे के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी समन्वय से कार्य करने के प्रयास किए। इसके चलते भोपाल रेल मंड़ल को वित्तीय वर्ष 2023-24 में अप्रैल से नवंबर माह तक कुल रुपये 1370.31 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। यह गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 1263.83 करोड़ से 8.43 प्रतिशत अधिक है। इसमें से 254.61 लाख बुक किये गए यात्रियों से रुपये 614 करोड़ रुपए से अधिक की राशि, अन्य कोचिंग से रुपये 39 करोड़ रुपए से अधिक की राशि, माल परिवहन से रुपये 677 करोड़ रुपए से अधिक की राशि और विविध आय से प्राप्त 38 करोड़ 40 हजार रुपए शामिल हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया बताया कि भोपाल रेल मंड़ल लगातार राजस्व बढ़ाने के प्रयास कर रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### विधायक दल की बैठक के लिए पर्यवेक्षक पहुंचे भोपाल

**भोपाल :** मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक के लिए पार्टी के संसदीय बोर्ड की ओर से नियुक्त किए गए तीनों पर्यवेक्षक आज भोपाल पहुंच गए। तीनों पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष के लक्ष्मण और पार्टी सचिव सुश्री आशा लाकड़ा विशेष विमान से राजधानी भोपाल पहुंचे। विमानतल पर पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। तीनों पर्यवेक्षक शाम को होने वाली विधायक दल की बैठक में सम्मिलित होंगे। इसी बैठक में विधायक दल का नेता चुना जाएगा। दल का नेता ही राज्य का अगला मुख्यमंत्री होगा। विधायक दल की बैठक में शामिल होने आए पर्यवेक्षकों की प्रदेश नेतृत्व द्वारा भोपाल हवाईअड्डे पर भव्य स्वागत की तैयारियां की गईं।

### बदमाश गंगापुर में एसबीआई के उखाड़ एटीएम कर ले गए

**भीलवाड़ा :** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के गंगापुर आमली में बस स्टैंड पर स्थित स्टेट बैंक ऑड इंडिया एसबीआई बैंक की एटीएम मशीन उखाड़ कर ले गए लुटेरे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात्रि को बोलोरो कार में आए चार लुटेरे और बस स्टैंड पर लगी एटीएम की मशीन को उखाड़ कर बोलेरो में भर कर अपने साथ ले गए। एटीएम के बाहर एवं अंदर लगे कैमरों को भी लुटेरों ने तोड़ दिया। घटना की सूचना का पता आज सुबह लगने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस, बैंक से अधिकारियों के पहुंचने के बाद ही एटीएम में नकदी का खुलासा हो सकेगा।

आत्मसमर्पण

### आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा

# हमास के अनेक आतंकवादियों ने इजरायली बलों के सामने किया आत्मसमर्पण

- अभियानों के माध्यम से हमास समस्या का समाधान की रणनीति बतायी गयी है
- यह दुखद है कि इस संघर्ष में कई नागरिकों की जान चली गई है

एजेंसियां



**जेरूशलम:** इजराइल रक्षा बलों ने हमास के कई सदस्यों के आत्मसमर्पण की घोषणा की है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा है कि हमास के कई सदस्यों ने शनिवार को गाजा पट्टी में इजरायली बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। हगारी ने दावा किया कि कार्यकताओं ने शिकायत की कि हमास नेतृत्व को उस कठिन स्थिति के बारे में सूचित नहीं किया गया जिसका वे सामना कर रहे हैं। आईडीएफ प्रवक्ता ने यह भी बताया कि व्यापक भावना है कि भूमिगत हमास नेतृत्व को गाजा में जनता की परवाह नहीं है जो जमीन से ऊपर हैं और यह आंदोलन के कार्यकताओं के लिए भी चिंता का विषय है। हगारी ने कहा, पूछताछ से जो खुफिया जानकारी सामने आती है वह अधिक लक्ष्य बनाती है और हमें परिचालन गतिविधि में सहायता करती है। उधर इजरायली राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने शनिवार, 9 दिसंबर को कहा कि गाजा पट्टी में संघर्ष बढ़ने के बाद से 7,000 से अधिक फिलिस्तीनी आतंकवादी मारे गए हैं।

अब यह धीरे धीरे स्पष्ट होता जा रहा है कि हमास ने अत्याचार किए है। इसी वजह से इजरायल इस हमले का बदला लेने पर उतारू है। इजरायली नागरिकों के साथ बलात्कार किया गया, उनकी हत्या की गई और बिना किसी दया के उन्हें प्रताड़ित किया गया, साथ ही शिशुओं सहित सभी उम्र के लोगों को अंधाधुंध बंधक बना लिया गया।

हमास ने न केवल 7 अक्टूबर की घटनाओं की प्रशंसा की है, बल्कि उन्हें दोहराने की कसम भी खाई है। इजराइल को हवाई हमलों के बजाय छोटे पैमाने पर, लक्षित अभियानों के माध्यम से हमास समस्या का समाधान की रणनीति बतायी गयी है। यह दुखद है कि इस संघर्ष में नागरिकों की जान चली गई है, लेकिन हमास और इजराइल के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है। हमास न केवल अंधाधुंध रॉकेट हमले के साथ गाजा के बाहर के नागरिकों को निशाना बनाता है, बल्कि अस्पतालों और स्कूलों के नीचे सैन्य प्रतिष्ठानों, बच्चों के बिस्तरों के नीचे रॉकेट छुपाता है, और यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं और बच्चों सहित गाजा निवासियों को अपने नापाक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आग की कतार में छोड़ दिया जाए। इसके विपरीत, इजराइल नागरिक हताहतों से बचने के लिए हर संभव प्रयास करता है, ऐसा करने के लिए अक्सर सैनिकों को जोखिम में डालता है। हमास आतंकवादियों की रणनीति और भारी संख्या के कारण 'छोटे पैमाने पर, लक्षित ऑपरेशन' विफल हो जाएगा, जिससे उन्हें इजरायली नागरिकों को शिकार बनाना जारी रहेगा। इस संघर्ष में, इजराइल ने गाजा निवासियों को सैन्य लक्ष्यों से दूर जाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए पत्रक, कॉल और टेक्स्ट संदेश भेजे हैं। इजराइल ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपने स्वयं के टैंकों का भी उपयोग किया कि ये निवासी दक्षिण की ओर जाने के लिए स्वतंत्र और सुरक्षित हों, और उन्हें हमास के निशानेबाजों से बचाया जा सके। लब्बोलुआब यह है कि इजराइल मानव जीवन को महत्व देता है जबकि हमास यथासंभव अधिक से अधिक शहीदों का बलिदान देने के लिए तैयार है।

## न्यूज फटाफट

### अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**सियोल :** पश्चिमी दक्षिण कोरिया में एक अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। योनहाप समाचार एजेंसी और स्थानीय प्रसारक वाईटीएन ने सोमवार को यह जानकारी दी। यूएस फोर्सेज कोरिया (यूएसएफके) का फाइटर जेट सुबह एक प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान राजधानी सियोल से लगभग 180 किमी दक्षिण में गनसन में कुनसन एयर बेस के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। विमान का पायलट आपातकालीन स्थिति में कूदने सफल रहा।

### ट्रेन दुर्घटना में 17 घायल

**रोम :** उत्तरपूर्वी इटली में रविवार देर रात दो ट्रेनों के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 17 लोग घायल हो गए। मिलान स्थित दैनिक कोरिएरे डेला सेरा ने खबर दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 8:20 बजे इटली के फ़ेंजा शहर में बोलोग्ना-रिमिनी रेलवे लाइन पर दो ट्रेनें टकरा गई, जिससे क्षेत्र में रेलवे यातायात अवरुद्ध हो गया। सभी 17 लोग मामूली रूप से घायल हो गए, और दुर्घटना का कारण निर्धारित करने के लिए जांच चल रही है।

### चीन में शीतलहर के लिए ब्लू अलर्ट जारी

**बीजिंग :** चीन के कुछ हिस्सों में तापमान में गिरावट की भविष्यवाणी के मद्देनजर शीत लहर के लिए 'ब्लू अलर्ट' जारी किया गया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार सोमवार से मंगलवार तक यांग्त्ज़ी नदी के दक्षिण के क्षेत्रों, पूर्वी गुइझोऊ प्रांत और दक्षिण चीन के उत्तरी हिस्सों के अधिकांश हिस्सों में तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट का अनुमान है। हुनान प्रांत, गुइझोउ प्रांत और गुआंग्शी ज़ुआंग स्वायत्त क्षेत्र के कुछ हिस्सों में तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से अधिक गिर सकता है। एनएमसी ने स्थानीय प्रशासनों को ठंड के मौसम के प्रति सावधानी बरतने की सलाह दी साथ ही जनता से गर्म रहने के लिए कहा और उष्णकटिबंधीय फसलों और जलीय उत्पादों की सुरक्षा के लिए उपाय करने का आग्रह किया। चीन में शीत लहर के लिए चार स्तरीय रंग-कोडित मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे गंभीर मौसम का प्रतिनिधित्व करता है, उसके बाद नारंगी, पीला और नीला होता है।

### कश्मीर में कड़ाके की ठंड जारी

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को तापमान शून्य से कम 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे श्रीनगर में इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से कम 4.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

# मेरे ह्रदय में केवल सुदेश धनखड़ हैं : जगदीप धनखड़

एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को सदन में कहा कि उनके ह्रदय में केवल उनकी धर्मपत्नी डॉ सुदेश धनखड़ रहती हैं और वहां उनके अतिरिक्त किसी अन्य के लिए कोई जगह नहीं है। धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरु करने के बाद उपसभापति का पैनल पुनर्गठित करने की घोषणा की। नामों की सूची घोषित करते हुए उन्होंने आम आदमी पार्टी के सुशील कुमार



गुप्ता के नाम के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के सुशील कुमार मोदी का नाम बोल दिया, लेकिन सभापति ने सहायक स्टाफ के ध्यान दिलाने पर इस भूल को तुरंत सुधार दिया। इस पर विपक्ष के एक सदस्य ने कहा, ''जो दिल में होता है वहीं मुंह से निकल आता है।'' इस पर सदन में ठहाका गूंज गया। इसी बीच धनखड़ ने कहा कि शेक्सपीयर ने कहा कि नाम में क्या रखा है, लेकिन नाम में बहुत कुछ रखा है। हमारे महासचिव का नाम भी ''मोदी'' है। उन्होंने कहा, ''उनके दिल में केवल सुदेश धनखड़ हैं और उन्होंने पूरा स्थान घेर रखा है और उनके अलावा किसी के लिए कोई जगह नहीं है।''

# राजस्थान में भाजपा विधायक दल की बैठक आज

एजेंसियां

**जयपुर :** राजस्थान में विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन को लेकर अब गतिविधियां तेज हो गई हैं और 115 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी के अनुसार पार्टी के विधायक दल की बैठक मंगलवार को यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में होगी। बगड़ी ने बताया कि कल यहां पार्टी कार्यालय में बैठक रखी गई और उसकी तैयारी की जा रही है और प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़, चन्द्रशेखर सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद है और व्यवस्थाएं देख रहे है। विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद शीघ्र विधायक दल की बैठक नहीं होने से मुख्यमंत्री के नाम को लेकर खूब चर्चाएं चल रही है और अब मंगलवार को बैठक होने के बाद मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा के पश्चात चर्चाओं पर विराम लग जायेगा। भाजपा ने मुख्यमंत्री के नाम का चयन करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा महासचिव विनोद तावड़े एवं सांसद सरोज पांडेय को पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं और ये पर्यवेक्षक मंगलवार को जयपुर आयेंगे। इसके बाद विधायक दल की बैठक होगी। भाजपा विधायक दल की बैठक से पहले कौन होगा मुख्यमंत्री को लेकर सभी में उत्सुकता नजर आ रही है और हर कोई यह जानना चाह रहा है कि आखिर इस बार भाजपा में मुख्यमंत्री कौन बनेगा। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भाजपा के नेताओं एवं विधायकों का जमावड़ा लगना शुरु हो गया हैं।

इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में मौजूद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सवाईमाधोपुर से नवनिर्वाचित विधायक डा किरोड़ी लाल मीणा से जब पूछा गया कि कौन हो सकता नया मुख्यमंत्री तो इस पर उन्होंने मीडिया से कहा कि भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले सात-आठ दिनों से नये मुख्यमंत्री के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, श्री सी पी जोशी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, नवनिर्वाचित विधायक बालकनाथ, दिया कुमारी एवं डा किरोड़ी मीणा तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम माथुर सहित कई नेताओं के नामों की चर्चा लोगों में चली कि इनमें से कोई अगला मुख्यमंत्री हो सकता है जबकि भाजपा नेताओं का कहना है कि आलाकमान जो नाम तय करेगा वही मुख्यमंत्री होगा।

# राज्यों की योजनाओं लिए केंद्र धन नहीं देता:मांडविया



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि केंद्र सरकार राज्यों की योजनाओं के लिए धन उपलब्ध नहीं कराती है। आम आदमी पार्टी के संदीप कुमार पाठक ने सदन में शून्यकाल में ''सभापति की अनुमति से उठाए गए मामले'' के अंतर्गत पंजाब को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में केंद्र सरकार से धन नहीं मिलने का मानना उठाया और कहा कि इसे जल्दी से जल्दी से जारी किया जाना चाहिए। इस पर मांडविया ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि केंद्र सरकार संसद के सुझावों और सहमति से योजनायें तैयार करती है और केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति के बाद इसे लागू करती है। योजनाओं को लागू करने के लिए संसद धन उपलब्ध कराती है। इसलिए केंद्र सरकार राज्यों की योजनाओं को धन उपलब्ध नहीं करा सकती। उन्होंने कहा कि पंजाब में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत योजनाओं को लागू नहीं किया जा रहा है।

पंजाब में चल रही योजनायें राज्य सरकार नहीं बनायी है। इनका नाम भी अलग हैं और लागू करने के प्रावधान भी अलग है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ब्लाक स्तर पर आयुष्मान भारत के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र खोले जाने हैं। इस योजना के लिए केंद्र सरकार कुल लागत का 60 प्रतिशत धन उपलब्ध कराती है। शेष राज्य सरकार वहन करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को लगाम करने के लिए धन की कमी नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के धनंजय भीमराव महादिक ने कोल्हापुर - मिरज रेल लाइन का दोहरीकरण और विद्युमीकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि कोल्हापुर ऐतिहासिक और पौराणिक रुप से महत्वपूर्ण है और हजारों लोग क्षेत्र में यात्राओं के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि इस खंड को उन्नत बनाने से कोंकण रेलवे को भी लाभ होगा।

# शिवराज ने स्व. मुखर्जी व स्व. देवरस की जयंती पर नमन किया

एजेंसियां

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न स्व. प्रणब मुखर्जी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक स्व. बालासाहेब देवरस की जयंती पर नमन किया। चौहान ने निवास कार्यालय सभागार में उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व राष्ट्रपति स्व. मुखर्जी का जन्म 11 दिसम्बर 1935 को पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के मिराती गाँव में हुआ था। मुखर्जी ने केन्द्र सरकार में वित्त, विदेश और रक्षा



मंत्रालयों में लंबे समय तक मंत्री के रूप में योगदान दिया। उन्हें वर्ष 2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने 25 जुलाई 2012 को भारत के 13वें राष्ट्रपति के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुखर्जी ने 'द कोलिएशन ईयर्सः 1996-2012' पुस्तक लिखी। उनका निधन दिल्ली में 31 अगस्त 2020 को हुआ। पूर्व सरसंघचालक स्व. बाला साहब देवरस का जन्म 11 दिसंबर 1915 को नागपुर में हुआ। उनका परिवार मूल रूप से मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के ग्राम कारंजा का निवासी था। उनकी संपूर्ण शिक्षा नागपुर में हुई। उन्होंने 6 जून 1973 को सरसंघचालक का दायित्व संभाला। श्री देवरस ने सदैव सेवा कार्य पर बल दिया, परिणामस्वरूप उत्तर पूर्वांचल सहित देश के वनवासी क्षेत्रों में हजारों की संख्या में सेवा कार्य आरंभ हुए।

रूस हमला

### यूक्रेन के पूर्व में स्थिति कठिन बनी हुई है

# पूर्वी सीमा पर रूसी सेना का हमला और तेज हुआ

- कमांडरों ने स्थिति का गहन विश्लेषण किया
- यूक्रेनी अभियानों की गति धीमी कर दी है

एजेंसियां



**कियेब:** रूसी सैनिकों ने पूर्वी सीमा रेखा पर आक्रामक अभियान जारी रखा है। ग्राउंड फोर्सेज कमांडर ऑलेक्जेडर सिर्स्की ने 10 दिसंबर को बताया कि यूक्रेन के पूर्व में स्थिति कठिन बनी हुई है क्योंकि रूसी सैनिक पूरी फ्रंट लाइन पर आक्रामक अभियान चला रहे हैं। सिर्स्की ने 10 दिसंबर को कहा कि उन्होंने और पूर्वी मोर्चे पर रक्षा संभाल रहे अन्य कमांडरों ने स्थिति का गहन विश्लेषण किया और आगे की कार्रवाई के लिए विकल्पों पर विचार किया। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा, सामूहिक रूप से, हमने आवश्यक निर्णय लिए और अपनी रक्षा की स्थिरता सुनिश्चित करने, अपने सैनिकों के जीवन की रक्षा करने और गोला-बारूद का तर्कसंगत उपयोग करने के लिए उपाय किए।

इससे पहले दिन में, अवदीवका और जापोरिज़िया के बीच अग्रिम पंक्ति पर लड़ रहे यूक्रेनी बलों के तवरिया समूह के प्रमुख जनरल ऑलेक्जेडर टार्नावस्की ने कहा कि रूसी सेना दक्षिण-पूर्व में कम हमले की कार्रवाई कर रही है लेकिन एक बार फिर से अपने हवाई हमले तेज कर रही है। तारनवस्की ने टेलीग्राम पर कहा कि संकटग्रस्त शहर को घेरने की रूस की अंतहीन कोशिशों के बावजूद यूक्रेनी सेना अवदीवका पर कब्जा जमाए हुए है। जनरल की रिपोर्ट तब आई है जब सर्दी के कारण मौसम खराब हो गया है और जमीन पर पैंतरेबाजी करना अधिक जटिल हो गया है, खासकर कीचड़ के माध्यम से।

गत 8 दिसंबर को जारी किए गए जियोलोकेशन फुटेज से पता चलता है कि रूसी सैनिक क्रास्नोहोरिव्का के दक्षिण में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की ओर बढ़े हैं। आईएसडब्ल्यू ने रूसी स्रोतों का हवाला देते हुए यह भी बताया कि रूसी सैनिक नोवोकलीनोव (अवदीवका से 13 किलोमीटर उत्तर-पूर्व) की ओर, अवदीवका के उत्तर-पश्चिम में अवदीवका कोक प्लांट के बाहरी इलाके में और 7 पर अवदीवका के दक्षिण-पूर्व में एक औद्योगिक क्षेत्र में आगे बढ़े।

इसके अलावा, रूसी सैन्य ब्लॉगर्स ने 8 दिसंबर को दावा किया कि रूसी सैनिक स्टेपोव (अवदीवका से 3 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम) में अपनी स्थिति मजबूत कर रहे थे और बस्ती में सफाया अभियान चला रहे थे, जबकि एक अन्य रूसी सैन्य ब्लॉगर ने दावा किया कि रूसी सैनिक पदों पर कब्जा कर रहे थे स्टेपोव के पूर्वी बाहरी इलाके में।यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने बताया कि रूसी सेना ने नोवोबाखमुतिवका के पूर्व में (अवदीवका से 9 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में) असफल हमला किया। रूसी सूत्रों ने 7 और 8 दिसंबर को यह भी दावा किया कि रूसी सैनिकों ने अवदीवका कोक प्लांट के उत्तर में और ओचेरेटिन (अवदीवका से 15 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम), नोवोकलिनोव और सिवेर्न (अवदीवका और औद्योगिक क्षेत्र से 6 किलोमीटर पश्चिम) के पास हमले किए थे। वोडियाने (अवदीवका से 7 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम) और टोनेंके की बस्तियों के पास स्थितीय लड़ाई जारी रही। इस बीच, एक रूसी सूत्र ने कहा कि कठिन मौसम की स्थिति ने अवदीवका के पास रूसी और यूक्रेनी अभियानों की गति धीमी कर दी है। टेवरिया ऑपरेशनल एंड स्ट्रैटेजिक ग्रुप के प्रवक्ता कर्नल ऑलेक्जेडर श्टुपुन ने कहा कि 40,000 से अधिक रूसी सैनिक अवदीवका मोर्चे पर लड़ रहे हैं और रूसी सैनिक स्टॉर्म-जेड इकाइयों और नियुक्त कर्मियों के भंडार को फिर से तैनात कर रहे हैं जिनके पास प्रशिक्षण और भोजन की कमी है।

## आज का इतिहास

- 1787 : पेनसिल्वेनिया अमेरिका के संविधान को अंगीकार करने वाला दूसरा प्रांत बना।
- 1800 : वॉशिंगटन डीसी को अमेरिका की राजधानी बनाया गया था।
- 1822 : अमेरिका द्वारा मेक्सिको को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई।
- 1872 : स्वतंत्रता सेनानी और हिन्दू महासभा के अध्यक्ष बालकृष्ण शिवराम मुंजे का जन्म हुआ।
- 1911 : भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित की गई।
- 1915 : चीन के राष्ट्रपति युवान शी की ने राजतंत्र को पुनः बहाल कर स्वयं को चीन का सम्राट घोषित किया।
- 1917 : फ्रेंच आल्प्स में फ्रांसीसी सेना की ट्रेन के पटरी से उतरने से 543 लोगों की मौत हो गयी।
- 1923 : इटली में पो नदी बांध फटने से 600 लोगों मारे गए।
- 1936 : चीन के नेता च्यांग काई शेक ने जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1947 : इरानी शाही सेना ने अजरबाइजान में सत्ता पर पुनः अधिकार कर लिया।
- 1950 : तमिल एवं हिन्दी फिल्म अभिनेता रजनीकांत का जन्म।
- 1958 : गिनि संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना था।
- 1963 : केन्या स्वतंत्र हुआ।
- 1964 : राष्ट्रकवि के रूप में विख्यात प्रसिद्ध हिन्दी कवि मैथिलीशरण गुप्त का निधन हुआ।
- 1971 : भारतीय संसद द्वारा पूर्व राजाओं को प्रदान की जानी वाली सभी सुविधायें रद्द कर दी गई।
- 1981 : भारत के क्रिकेट खिलाडी युवराज सिंह का जन्म हुआ।
- 1990 : टी.एन.शेषन मुख्य निर्वाचन आयुक्त बने।
- 1996 : भारत एवं बांग्लादेश के मध्य गंगाजल के बंटवारे को लेकर 30 वर्षीय संधि पर हस्ताक्षर।
- 2001 : भारत ने नेपाल को दो चीता और हैलीकॉप्टर दिये।
- 2012 : उत्तराखंड के पहले मुख्यमंत्री नित्यानंद स्वामी का निधन हुआ ।

## रांची के दो अलग-अलग इलाकों में मिले दो शव

रांची: राजधानी रांची के दो अलग-अलग इलाकों में दो शव बरामद हुए हैं। यह शव कांके जुमार पुल के समीप और ओरमांझी इलाके में रेलवे ट्रैक पर अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ है। मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कांके इलाके में मिले शव की पहचान जयराम टोप्पो के रूप में हुई है और वह कांके इलाके का रहने वाला था।

पड़ताल

### जमीन घोटाला मामले में होगी पूछताछ

# हेमंत सोरेन को ईडी ने छठी बार भेजा समन, आज पूछताछ के लिए बुलाया

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के द्वारा एक बार फिर समन जारी किया गया है। विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि ईडी ने समन जारी करते हुए 12 दिसंबर को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। यह छठी बार है जब ईडी ने सीएम को समन जारी किया है। हालांकि पिछले एक साल में मात्र एक बार ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के सवालों का जवाब देने के लिए ईडी दफ्तर पहुंचे हैं। गौरतलब है कि जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए इससे पहले 14 अगस्त को एजेंसी के दफ्तर आने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नोटिस भेजा गया था। लेकिन सीएम ने एक भारी भरकम पत्र लिखकर एजेंसी के दफ्तर जाने से साफ मना कर दिया था। जिसके बाद ईडी ने एक एक कर कुल पांच बार सीएम को समन भेजा था, लेकिन सीएम नहीं पहुंचे। अब एक बार फिर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छठा समन जारी कर 12 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए छठी बार समन किया गया है। सीएम से रांची के बड़गाई अंचल स्थित 8.46 एकड़ जमीन के संबंध में पूछताछ की जानी है। जानकारी के मुताबिक, 13 अप्रैल को ईडी ने बड़गाई अंचल के तत्कालीन उप राजस्व निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद के यहां छापेमारी की थी, तब उसके घर में अंचल के कई दस्तावेज बरामद किए गए थे। वहीं मोबाइल से भी कई जमीनों की जानकारी मिली थी। इस मामले में रांची डीसी के आदेश पर बड़गाई अंचल के सीओ मनोज कुमार ने सदर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। इस मामले में ईडी ने ईसीआईआर दर्ज किया है।

## रांची में बंग भाषियों ने निकाली रैली, कहा- शीघ्र हो बांग्ला भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड में आदिवासी और कुर्मी समुदाय के बाद अब बंगाली समुदाय के लोग भी अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलन और प्रदर्शन करते दिख रहे हैं। सोमवार को झारखंड बंगला भाषी उन्नयन समिति के बैनर तले राज्य भर के बंगाली समुदाय के लोगों ने मोरहाबादी से राजभवन तक रैली निकाली और झारखंड में बांग्ला भाषा को राजभाषा का दर्जा देने की मांग की।इस संबंध में बंगभाषी उन्नयन समिति के अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा बांग्ला को दूसरी भाषा के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। इसके बावजूद झारखंड में बंगाली शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो रही है और ना ही बंगला स्कूलों में बंगाली पुस्तकें मुहैया करायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के विभिन्न प्रमंडलों में बांग्ला भाषी और बांग्ला समुदाय के लोगों की संख्या है, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे बंगाली भाषा में पढ़ाई करने से वंचित हैं।वहीं रैली में शामिल प्रवीर मुखर्जी ने कहा कि पूरे झारखंड में बांग्ला भाषी लोगों की संख्या करीब 40 प्रतिशत है। इसके बावजूद उनकी बातें नहीं सुनी जाती है। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के पास बंग भाषी समाज के लोग अपनी समस्या लेकर गए थे। जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने यह माना था कि झारखंड में बंगालियों की संख्या अधिक ही नहीं, बल्कि बंगाली समुदाय यहां के मूलवासी भी हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तरफ से यह आश्वासन दिया गया था कि झारखंड में रहने वाले बांग्ला समुदाय के लोगों की मांगें पूरी की जाएगी, लेकिन अब तक इस पर कोई विचार नहीं किया जा सका है। कई सरकारें आईं और चली गई, लेकिन बांग्ला समुदाय की समस्या के लेकर किसी ने भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

## घरेलु एलपीजी गैस का हो रहा है व्यवसायिक उपयोग

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** एलपीजी गैस की भी कालाबाजारी हो सकती है, सोचने से अजीब लगता है, जबकि एलपीजी गैस अब खुले बाजार में आपके जरुरत के अनुसार उपलब्ध है,लेकिन आपको आश्चर्य होगा कि एलपीजी गैस से करोड़ों रुपये का धंधा कर रहे हैं धंधेबाज। कालाबाजारी का तरीका भी इन लोगों ने बदल दिया है। घरेलु गैस उपभोक्ता के नाम पर खरीद कर इसे खुदरे में महंगे दाम में बेच दिया जाता है। गांव हो या शहर में छोटेछोटे खोमचे में गैस सिलिंडर और चुल्हे की मरम्मत को लेकर दुकान खुलें हैं। इसमें घरेलु गैस सिलिंडर से मशीन द्वारा गैस निकाल कर छोटे गैस सिलिंडर में भरकर खुलेआम बेच देते हैं। वर्तमान में घरेलु गैस सिलिंडर की कीमत 960 रुपये है और अगर आप ब्लैक में खुदरा गैस खरीदेंगे, तो इस सिलिंडर का दाम 15 सौ रुपये से अधिक हो जाता है। ये खोमचे वाले का ग्राहक वैसे लोग होते हैं, जिनके पास यहां स्थायी पता नहीं है और भाड़े के घर पर रहते हैं। छोटे सिलिंडर में गैस भराकर खाना बनाते हैं। इस शहर में लॉज में रहने वाले छात्र भी शामिल हैं। एक सौ से सवा सौ रुपये प्रति किलो एलपीजी बेचते हैं। इस तरह 14.5 किलो गैस का दाम 1500-1600 सौ रुपये हो जाते हैं। और शहर में ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या हजारों में है। घरेलु उपयोग में आनेवाले गैस को मशीन के माध्यम से एक सिलिंडर से दूसरे सिलिंडर भर कर बेच दी जाती है। घरेलु सिलिंडर का उपयोग व्यवसायिक रुप में नहीं किया जाता है। सड़क किनारे जितने भी खोमचेवाले समोसा, आलूचाप जैसे सामानों को बनाकर बेचते हैं, ये खोमचेवाले भी घरेलु उपयोग में आनेवाले गैस सिलिंडर का उपयोग करते हैं। ये तो बात सड़क किनारे छोटे खोमचेवाले का है। वहीं लाइन होटलों में भी घरेलु एलपीजी गैस का उपयोग किया जाता है। यह गैरकानूनी है, लेकिन इस ओर कोई कोई अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। एक ही परिवार में कई लोगों के नाम है गैस कनेक्शन , चूंकि अब गैस कनेक्शन खरीदने के लिए बहुत प्रक्रिया नहीं अपनायी जाती है।

## राज्य के किसानों से छह लाख टन धान की होगी खरीद, 70. 20 करोड़ किए जायेंगे खर्च

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड में पिछले पांच सालों में धान अधिप्राप्ति के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी हुई है। अतिरिक्त बोनस में उतार-चढ़ाव देखा गया है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार खरीफ विपणन मौसम में वित्तीय वर्ष 2018-19 में न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 1750 रुपये थी और अतिरिक्त बोनस 150 रुपये दिया गया था। 2019-20 में यह 1815 रुपये प्रति क्विंटल व बोनस 185 रुपये था, 2020-21 में 1868 रुपये प्रति क्विंटल व बोनस 182 रुपये, 2021-22 में 1940 रुपये प्रति क्विंटल व बोनस 110 रुपये व 2022-23 में 2040 रुपये प्रति क्विंटल व सबसे कम बोनस मात्र 10 रुपये दिया गया था। हालांकि, इस बार स्थिति सुधरी है।राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए साधारण धान खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए धान पर 2203 रुपये प्रति क्विंटल दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त इस बार 117 रुपये बोनस दिया जायेगा। राज्य सरकार ने इस वर्ष छह लाख टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके लिए 70.20 करोड़ रुपये अतिरिक्त राशि खर्च की जायेगी। राज्य सरकार ने धान खरीद के बदले राशि का भुगतान किसानों के खाते में करने का निर्णय लिया है। इसके लिए समय-सीमा भी निर्धारित किया है।

### नए नियम से भी बढ़ी परेशानी

**रांची :** नगर निगम की ओर से विभिन्न वार्डों में लगाए गए मिनी एचवाईडीटी से पानी लेने वालों के लिए नया नियम लागू कर दिया गया है। पानी लेने वाले लोगों को ही लाभुक मानते हुए बिजली बिल का भुगतान उन्हीं को करने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में जिन क्षेत्रों में मिनी एचवाईडीटी लगा है, वहां के अधिकतर लोग बिजली बिल का भुगतान करने को तैयार नहीं हैं।कई क्षेत्रों में कुछ लोगों ने बिजली का कनेक्शन अपने घर में लगा रखा है, वे सिर्फ अपने उपयोग के लिए ही मोटर चलाते हैं।

### अंधविश्वास ने ले ली युवक की जान

**रांची :** झारखंड में डायन भूत बिसाही जैसे कई मामले सामने आते रहते हैं और अंधविश्वास के कारण झारखंड के आदिवासी समुदाय को अपनी जान तक गवानी पड़ती है कुछ ऐसा ही मामला देवघर से सामने आया है अंधविश्वास में एक और युवक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। देवघर के सारठ प्रखंड क्षेत्र स्थित आदिवासी बहुल गांव झिलुवा में अंधविश्वास ने एक युवक की जान ले ली है। दरअसल, झिलुआ गांव में बीते कई दिनों से मलेरिया जैसे गंभीर बीमारी से पीड़ित था। इसके अलावा गांव के कई दर्जनों आदिवासी मलेरिया के प्रकोप से पीड़ित है इसके बावजूद ग्रामीण लोग चिकित्सक के पास ना जाकर झाड़ रूप में विशेष ध्यान दे रहे हैं। परिणाम यह हुआ कि 36 वर्षीय कमल किस्कू की मौत हो चुकी है, वहीं इस बीमारी से पीड़ित कई मरीज इलाज के अभी भी झाड़ फूंक करवा रहे है।

## राज्य में बढ़ती ठंड से लोग परेशान, चतरा और गुमला में न्यूनतम तापमान पहुंचा 7 डिग्री

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य में पिछले कुछ दिनों से लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। कड़ाके की ठंड ने सुबह और शाम के समय लोगों को घरों में दुबके रहने को मजबूर कर दिया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो राज्य में चतरा और गुमला का न्यूनतम तापमान सबसे कम रिकॉर्ड किया गया। यहां दोनों जिलों का तापमान 7.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि राजधानी रांची का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा।मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले दो तीन दिनों के दौरान तापमान में और गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट होने की संभावना है। जिससे लोगों को ठंड का एहसास अधिक होगा। वहीं, सुबह और शाम के वक्त कोहरा छाये रहने के कारण तापमान में नमी महसूस की जायगी। जिससे ठंड का एहसास अधिक होगा। विभाग ने जानकारी दी है कि 16 दिसंबर तक तापमान मुख्यतः साफ रहेगा। लेकिन तापमान में कमी के कारण लोगों को ठंड का एहसास अधिक होगा।वहीं, 14 दिसंबर के बाद तापमान में गिरावट नहीं होने की जानकारी दी गयी है। लेकिन सर्द हवाओं और कोहरा के कारण ठंड का असर बरकरार रहेगा। 16 दिसंबर तक राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहने की संभावना व्यक्त की गयी है। जबकि अधिकतम तापमन 20 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना व्यक्त की गयी है।राजधानी रांची की बात करें तो राजधानी का मौसम 16 दिसंबर तक शुष्क रहेगा। इस दौरान सुबह और शाम लोगों को कोहरा का सामना करना पड़ेगा। लेकिन सुबह के बाद से ही धूप निकलेगी। ऐसे में दिन के समये थोड़ी राहत मिल सकती है। हालांकि ठंडी हवाओं के कारण लोगों को सर्तक रहने की जरूरत है।लगातार बढ़ती ठंड के कारण मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी है। इसमें विशेषकर बुजूर्गों और बच्चों को। जहां ठंड के कारण सर्दी खांसी और बुखार हो सकती है। वहीं, सर दर्द और स्ट्रोक जैसी समस्याएं भी हो सकती है।

खुलासा

### पिछले साल अगस्त माह में इडी ने प्रेम प्रकाश को किया था गिरफ्तार

# इडी ने कोर्ट को बताया, झारखंड पुलिस ने प्रेम प्रकाश के आवास से बरामद दो एके 47 राइफल्स मामले में तथ्यों को छुपाया, नहीं की कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य में इडी अवैध खनन और जमीन घोटाले मामले की जांच कर रही है। अब तक की जांच में इडी ने दो आईएएस समेत एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। इडी ने पिछले साल अगस्त माह में प्रेम प्रकाश के आवास से दो एके 47 राइफल्स और कई आपत्तिजनक समान बरामद किया था ।इस मामले को लेकर इडी ने झारखंड पुलिस पर फैक्टस को छुपाने का आरोप लगाया है।इडी ने कोर्ट को बताया है कि झारखंड पुलिस को इस मामले की सही जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई भी नहीं की है। इस मामले को छिपाने के लिए पुलिस ने केवल प्रेस रिलीज जारी कर दिया और कोई कार्रवाई नहीं की। इडी ने कोर्ट को यह भी बताया कि दो पुलिस जवान के हथियार थे और वे लोग मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षा में तैनात थे लेकिन राज्य पुलिस ने प्रेस रिलीज जारी कर लोगों को बताया कि सुरक्षाकर्मी पिछले रात को अपने हथियार प्रेम प्रकाश के आवास पर छोड़ दिया था। इडी ने कोर्ट को कहा कि इस प्रकार की मंशा प्रेम प्रकाश को बचाने की रही है।प्रेम प्रकाश को इडी ने पिछले साल अगस्त माह में रांची से गिरफ्तार किया था। अवैध खनन मामले में पीएमएलए के तहत उनकी गिरफ्तारी हुई है। प्रेमप्रकाश के घर से दो ए के 47 राइफल्स और साठ जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। दरअसल, झारखंड में इडी को छापेमारी में बड़ी बरामदगी प्रेम प्रकाश की राजनीतिक गलियारों में काफी पैठ मानी जाती है। माना जाता है कि हर बड़ा टेंडर और आईएएस-आईपीएस के ट्रांसफर और पोस्टिंग में इसका हाथ रहा है।


